■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36, अंक : 5
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
1 जून 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1930:** भारत की पहली डीलक्स रेलगाड़ी बॉम्बे और पुणे के बीच शुरू।
**1955:** अस्पृश्यता (निरोधक) कानून अस्तित्व में आया।
**2005:** अप्पा शेरपा ने माउंट एवरेस्ट की 15वीं बार सफल चढ़ाई की।
**2006:** ईरान ने परमाणु शोध पर अमेरिका के साथ समझौते से इनकार किया।
**2014:** नाइजीरिया में फुटबाल मैदान में हुए विस्फोट में 40 लोगों की मौत।

**कामयाब लोग अपने फैसले से दुनिया और नाकामयाब लोग दुनिया के डर से अपने फैसले बदल देते हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में शनिवार को बीपीएससी से चयनित हिन्दी शिक्षक रामटहल दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक रामटहल दास शंकरपुर प्रखंड के सोनवर्षा हाई स्कूल में दो साल से हिन्दी पढ़ा रहे थे। स्कूल की छुट्टी के बाद वह अपने साथी शिक्षक रविरंजन कुमार के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लालपुर पहुंचने पर हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया और मौके पर ही उनकी जान ले ली। साथी शिक्षक किसी तरह जान बचाकर भाग निकले।

### सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लछुआड़ थाना अंतर्गत लछुआड़-धधौर मुख्य मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। केनुई और रामसागर गांव के बीच तेज रफ्तार में जा रही एक अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई जिससे दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के खरुई बरियारपुर निवासी बनारसी मांझी और डुमरकोला गांव के गंगा यादव के रूप में हुई है।

### महिला सिपाही का शव मिलने से हड़कंप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के यादव चक गांव में डायल 112 में तैनात महिला सिपाही का शव उसके ही कमरे से मिला। मृतका की पहचान महिला सिपाही कनक प्रिया के रूप में हुई। वह इसी गांव में किराए के मकान में अपने पति (सिपाही) के साथ रह रही थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच शुरू की तो कनक प्रिया के गले पर गहरे निशान पाए गए।

### अपराधियों ने दादा व पोती को मारी गोली

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नैनीजोर ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़की नैनीजोर गांव के वार्ड नंबर 9 में अपराधियों ने एक बुजुर्ग और उसकी पोती को गोली मार दी। दोनों घर के दरवाजे पर सोए हुए थे। गोली लगने से 65 वर्षीय चतुर यादव और उनकी 2 साल की पोती चांदनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिजनों ने दोनों को पहले रघुनाथपुर पीएचसी पहुंचाया, फिर हालत नाजुक देख बक्सर सदर अस्पताल और उसके बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### दो तस्कर गिरफ्तार

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मोहल्ले में बिहार एसटीएफ और भोजपुर पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर 2 हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ कुर्मी टोला निवासी छठू चौधरी का बेटा अंकुश कुमार और पासवान टोली निवासी बालदेव पासवान का बेटा इंद्रजीत कुमार है।

# गया, कैमूर, नालंदा समेत 18 जिलों के डीएम बदले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल किया है। बिहार सरकार ने 34 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारियों का तबादला करते हुए 18 जिलों के जिलाधिकारी (डीएम) और 5 प्रमंडलों के आयुक्त बदले हैं। सबसे चर्चित बदलावों में गया के डीएम रहे डॉ. त्यागराजन एस.एम. को राजधानी पटना का नया डीएम बनाया गया है जबकि अब तक पटना के डीएम रहे डॉ. चंद्रशेखर सिंह को प्रमोशन देकर पटना प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। डॉ. त्यागराजन 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और गया में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक दक्षता से खासी पहचान बनाई। वहीं डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जो 2010 बैच के अधिकारी हैं, लंबे समय से पटना में डीएम के पद पर कार्यरत थे।

### नए आयुक्तों की नियुक्ति

तबादले के तहत पांच प्रमंडलों को नए आयुक्त मिले हैं। राजीव रोशन को सारण प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। कौशल किशोर दरभंगा के आयुक्त बनाए गए हैं। अवनीश कुमार सिंह को मुंगेर प्रमंडल का आयुक्त बनाया गया है। तिरहुत प्रमंडल की कमान कंफेड के प्रबंध निदेशक रहे राजकुमार को सौंपी गई है। योजना एवं विकास विभाग के विशेष सचिव हिमांशु कुमार राय को भागलपुर का आयुक्त नियुक्त किया गया है।

### इन जिलों को मिले नए डीएम

राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार खगड़िया के डीएम बनाए गए हैं। कौशल कुमार को सुपौल से स्थानांतरित कर दरभंगा का डीएम बनाया गया है। कुंदन कुमार अब नालंदा के डीएम होंगे। अरविंद कुमार वर्मा मधुबनी से स्थानांतरित होकर मुंगेर के डीएम बनाए गए हैं। धर्मेंद्र कुमार, जो बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक थे, पश्चिम चंपारण के डीएम होंगे। नवदीप शुक्ला को बांका का नया डीएम बनाया गया है। पंचायती राज विभाग के निदेशक आनंद शर्मा अब मधुबनी के डीएम होंगे। संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव नवीन को जमुई का डीएम बनाया गया है। डॉ. विद्यानंद सिंह, जो योजना एवं विकास विभाग में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशक थे, बक्सर के डीएम बनाए गए हैं। मुंगेर के बंदोबस्त पदाधिकारी सुनील कुमार अब कैमूर के डीएम होंगे। पवन कुमार सिन्हा गोपालगंज के डीएम बनाए गए हैं। नालंदा के डीएम रहे शशांक शुभंकर अब गया के डीएम होंगे। वहीं आदित्य प्रकाश को सीवान एवं सावन कुमार अब सुपौल डीएम की कमान संभालेंगे। नगर विकास विभाग की अपर सचिव वर्षा सिंह को वैशाली का डीएम बनाया गया है। बांका के डीएम रहे अंशुल कुमार अब पूर्णिया के डीएम होंगे। मधुबनी में डीडीसी के पद पर तैनात दीपेश कुमार सहरसा के नए डीएम बनाए गए हैं।

### 13 आइएएस अधिकारियों को मिली प्रोन्नति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की नीतीश सरकार ने 2010 बैच के आईएएस अधिकारी को सचिव और सचिव स्तर के पद में प्रमोशन दिया है। कुल 13 आइएएस अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। सचिव स्तर में प्रमोशन पाने वालों में पटना, दरभंगा, मुंगेर, बेतिया के डीएम शामिल है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार जिन अधिकारियों को प्रमोशन मिला है उसमें दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रोशन, पटना के डीएम चंद्रशेखर सिंह, पश्चिम चंपारण (बेतिया) के डीएम दिनेश कुमार राय एवं मुंगेर डीएम अवनीश कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, समेकित बाल विकास पटना के निदेशक कौशल किशोर, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विशेष सचिव कंवल तनुज, सामान्य प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रचना पाटिल, योजना एवं विकास विभाग के विशेष सचिव हिमांशु कुमार राय, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव नैय्यर इकबाल को भी प्रमोशन दिया गया है। वहीं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सह पटना नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पाराशर, कॉम्फ़ेड के प्रबंध निदेशक राजकुमार, बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रबंध निदेशक मिनेंद्र कुमार, चकबंदी निदेशक राकेश कुमार को भी प्रमोशन मिला है। सभी अधिकारियों को सचिव ग्रेड में प्रोन्नति एवं वेतनमान का लाभ 1 जनवरी 2026 या उसके बाद प्रभार ग्रहण किए जाने की तिथि से लागू होगा। इसके साथ नीतीश सरकार ने कुंदन कृष्णन को अगले आदेश तक विशेष कार्य पदाधिकारी स्थानिक आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कुंदन कृष्णन अभी अपर महानिदेशक मुख्यालय, पटना के पद पर हैं। इसके अलावा उनके पास अपर महानिदेशक ऑपरेशन एसटीएफ का अतिरिक्त प्रभार भी है। इसकी भी सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# प्रदेश में 17 हजार करोड़ से इस साल बनेंगी 15 हजार किमी ग्रामीण सड़कें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इस साल बिहार में 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण होगा। इसके अलावा 450 पुलों का भी निर्माण किया जाएगा। इन परियोजनाओं की प्रशासनिक मंजूरी इसी महीने ली जाएगी। विभाग की कोशिश है कि बरसात अवधि में टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। 15 अगस्त तक सड़क और पुलों का निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकतम डेढ़ साल में इस योजना को पूरा कर लिया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग इस मद में लगभग 17 हजार करोड़ खर्च करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पांच साल पहले बनी उन सड़कों को नए सिरे से निर्माण किया जाना है जो मरम्मत अवधि से बाहर हो चुकी हैं। 31 मार्च 2025 तक राज्य में ऐसी 10 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को चिह्नित कर लिया गया है। इन सड़कों का नए सिरे से निर्माण और जरूरत के अनुसार चौड़ा करने के लिए विभाग ने कार्य योजना बना ली है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 10 हजार करोड़ खर्च होंगे। इन सड़कों का निर्माण होने के बाद सात वर्षों तक रखरखाव होगा। इस अवधि में दो बार सड़कों का कालीकरण किया जाएगा ताकि सतह मजबूत बनी रहे और राइडिंग क्वालिटी में कोई कमी न हो। साथ ही सभी संवेदकों को रूरल रोड रिपेयर व्हीकल रखने का निर्देश दिया गया है, जिससे ग्रामीण सडकों के खराब होने पर उसकी तुरंत मरम्मत की जा सके। राज्य के 13 हजार टोलों में अब तक बारहमासी सड़कों का निर्माण नहीं हो सका है। इसके लिए लगभग 16 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण होना है। विभाग ने चरणबद्ध तरीके सेतीन वर्षों में इन सड़कों का निर्माण करने का निर्णय लिया है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग पांच हजार करोड़ खर्च होंगे। ग्रामीण कार्य विभाग ने कई वर्षों के बाद मुख्यमंत्री सेतु योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत उन पुलों का निर्माण हो रहा है जो जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं।

## मुख्यममंत्री ने 264 करोड़ की लागत से बनने वाली तिब्बी मेडिकल कॉलेज का किया शिलान्यास

# सस्ता इलाज हमारी प्राथमिकता : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में 264 करोड़ रुपये की लागत से 200 बेड वाले राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर कार्यारंभ किया। शिलान्यास समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी मौजूद थे। राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण 10 एकड़ में किया जा रहा है। अधिकारियों ने मास्टर प्लान के माध्यम से मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य कराए जानेवाले विभिन्न भागों ब्वायज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी इंटर्न हॉस्टल, प्रिंसिपल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट आदि के निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अस्पताल और महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के बाद कहा कि राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण कार्य तेजी से एवं अच्छे ढंग से कराएं। राज्य के हर नागरिक को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। जनता को सस्ता इलाज उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है। राज्य के आमजन को आयुर्वेदिक, होमियोपैथी, यूनानी जैसी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। वास्थ्य विभाग के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत 200 बेड के अस्पताल, 500 क्षमता वाले सभागार, 400 क्षमता वाले बालक छात्रावास एवं 350 क्षमता वाले बालिका छात्रावास, औषधि निर्माण गृह तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मियों के लिए आवास का प्रावधान किया गया है। इस चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों का नामांकन 150 प्रतिवर्ष रखा गया है। निर्माणाधीन सभी भवनों में भूकम्परोधी संरचना, सोलर लाईट तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की गयी है। महाविद्यालय एवं अस्पताल का भवन वातानुकूलित होगा। इस योजना के 30 माह में पूर्ण होने की संभावना है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल को अपने पुराने परिसर से स्थानान्तरित कर नये भवन में शिफ्ट कर दिया जायेगा।

# स्वास्थ्य विभाग में 41 हजार से अधिक होंगी नियुक्तियां : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने शनिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले स्वास्थ्य विभाग में रोजगार के नए दरवाजे खुलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन महीनों के भीतर राज्य में 41 हजार से अधिक नई नियुक्तियां की जाएंगी। मंगल पांडे अधिवेशन भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 228 विशेषज्ञ डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। श्री पांडेय ने बताया कि करीब 8500 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अंतिम चरण में है जबकि 15 दिनों के भीतर 722 चिकित्सकों की नियुक्ति का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि स्वास्थ्य विभाग में जितने भी पद खाली हैं, उन्हें जल्द से जल्द भर दिया जाए ताकि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि मानव बल की पर्याप्त उपलब्धता से ही हम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बना सकते हैं। बिहार ने इस दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज कई क्षेत्रों में हम देश में शीर्ष स्थान पर हैं। आने वाले समय में स्वास्थ्य के सभी मानकों में बिहार राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल जाएगा। मंगल पांडेय ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं की समय पर आपूर्ति के मामले में बिहार देश में शीर्ष स्थान पर है। वहीं, एम्बुलेंस सेवा की उपलब्धता भी अब राष्ट्रीय औसत के लगभग बराबर है, जिसे जल्द ही पार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार में अब तक 3.96 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड बन चुके हैं और जल्द ही यह संख्या चार करोड़ पार कर जाएगी। अबतक 1.62 करोड़ परिवारों को यह कार्ड दिए जा चुके हैं, जिससे 91 फीसदी से अधिक परिवार कवर हो चुके हैं। पांच दिनों के भीतर ही 17 लाख नए आयुष्मान व वृद्धावस्था वंदन कार्ड बनाए गए हैं। मंगल पांडेय ने बताया कि अब स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा पंचायत स्तर तक फैल चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में बिहार देश के सबसे बेहतर स्वास्थ्य सेवा वाले राज्यों में शुमार होगा।

# विवि शिक्षकों व कर्मियों के लिए 1094 करोड़ स्वीकृत : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में कार्यरत और सेवानिवृत्त शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन-पेंशन आदि के भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1094.091 करोड़ रुपये की सहायक अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इस सहायक अनुदान राशि में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों को वेतन मद में 460.85 करोड़ तथा गैर-वेतन मद में 633.241 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह अनुदान मार्च 2025 से मई 2025 तक की अवधि के लिए है। श्री चौधरी ने स्पष्ट किया कि इस राशि की गणना विश्वविद्यालयों से प्राप्त आय-व्यय प्राक्कलन, स्वीकृत एवं कार्यरत बल तथा 50% महंगाई भत्ता को ध्यान में रखकर की गई है। यह निर्णय विश्वविद्यालयों के आंतरिक संसाधनों की समीक्षा कर पूरी पारदर्शिता के साथ लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से बिहार के 13 परंपरागत विश्वविद्यालय में कार्यरत और सेवानिवृत्त शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों को लाभ होगा। इन विश्वविद्यालयों में पटना विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, नालंदा ओपन विश्वविद्यालय, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय और पूर्णिया विश्वविद्यालय शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि यह केवल विश्वविद्यालयों को वित्तीय राहत नहीं है बल्कि बिहार सरकार की उच्च शिक्षा के प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शिक्षकों और कर्मचारियों को समय पर भुगतान होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी बल्कि शैक्षणिक वातावरण सकारात्मक होगा। श्री चौधरी ने बताया कि यह अनुदान मार्च 2025 से मई 2025 तक की अवधि के लिए शिक्षकों और कर्मियों के वेतन, बकाया वेतन, पेंशन, सेवान्त लाभ, उपादान, अर्जित अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा भत्ता आदि के भुगतान के लिए स्वीकृत किया गया है।

किराया पर दुकान और फ्लैट उपलब्ध है
प्रो.- हरि सिंह मो०-9835313205, 9431792541
हरि ओम रेसिडेंसी
नोटः- हमारे यहां दुकान एवं फ्लैट भाड़े पर उपलब्ध है।
हमारे यहां फ्लैट 2 B.H.K जिसमें 2 रूम, बड़ा डाईनिंग हॉल, किचेन
पूजा रूम, लैट्रिन, बाथरूम, बालकोनी एवं बेसमेन्ट की भी सुविधा उपलब्ध है।
मैनेजमेन्ट :- रामनंदन यादव मो०- 8521967282
पताः- नर्मदेश्वर नगर, नियर-हवेली रिसॉट, लार्ड बुद्धा रोड, जसोइया मोड़, औरंगाबाद

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधिः 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधिः 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधिः 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधिः 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधिः 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधिः 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

# डीएम की औचक जांच में खुलासा, नप ईओ से शो कॉज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** डीएम सावन कुमार शनिवार को नगर पंचायत, मोहनियां के कार्यालय में पहुंच गए। औचक जांच में कई झोल का खुलासा हो गया। निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि नगर पंचायत मोहनियां में अधिकांश कर्मियों की नियुक्ति नगर पंचायत के बोर्ड द्वारा बिना किसी सार्वजनिक विज्ञापन एवं रोस्टर प्रक्रिया के की गई है, जो कि सेवा नियमों के विरुद्ध है। उक्त अनियमितताओं की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा वरीय कोषागार पदाधिकारी एवं स्थापना उप समाहर्ता, कैमूर की दो सदस्यीय टीम गठित कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत में स्वच्छता कार्यों के लिए नियुक्त दो एजेंसियों को किए जा रहे भुगतान में भी प्रथम दृष्टया अनियमितता पाई गई। इस संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मोहनियां से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल दंडाधिकारी को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर औचक निरीक्षण करते रहें, ताकि सभी कार्यों में पारदर्शिता एवं नियमबद्धता सुनिश्चित की जा सके। जिला पदाधिकारी ने नगर पंचायत के मुख्य पार्षद से भी मुलाकात कर नगर प्रशासन पर प्रभावी नियंत्रण रखने एवं नियमित निरीक्षण के माध्यम से सभी कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने का अनुरोध किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि यह निरीक्षण नगर प्रशासन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सेवा नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कमीशन मांगने में नपे दुर्गावती प्रखंड के चालक, सस्पेंड

## कमीशन मांगने की वायरल ऑडियो क्लिप जांच में पाई गयी सच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर के दुर्गावती प्रखंड कार्यालय का चालक शनिवार को नप गया। डीएम सावन कुमार ने जीप चालक इन्ताफ अहमद को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। चालक पर योजनाओं में कमीशन मांगने का आरोप जांच में सही पाया गया। डीएम ने निलंबन पत्र में कहा है कि जीप चालक द्वारा 30 मई को प्रखण्ड अन्तर्गत संचालित योजनाओं में कमीशन की मांग किये जाने का ऑडियो क्लिप वायरल हुआ था। वायरल ऑडियो क्लीप की सत्यापन कराया गया। जांच में प्रथम दृष्टया चालक द्वारा कमीशन मांगने का मामला सत्य पाया गया। डीएम ने इस मामले में जीप चालक इन्ताफ अहमद का उक्त कृत्य कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, भ्रष्ट आचरण एवं बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के निहित प्रावधानों के प्रतिकूल पाते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। जीप चालक निलम्बन अवधि में मुख्यालय अंचल कार्यालय रामपुर निर्धारित किया गया है। अहमद को निलम्बन अवधि में निर्धारित मुख्यालय के अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर पदस्थापन कार्यालय से जीवन निर्वहन भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा। डीएम ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी दुर्गावती को सामान्य प्रशासन विभाग पटना की अधिसूचना संलग्न विहित प्रपत्र में जीप चालक के खिलाफ आरोप पत्र चार प्रति में गठित कर साक्ष्य सहित उचित माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# शिक्षक-अभिभावकों के बीच संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला।** बिहार में शिक्षा विभाग के आदेश पर गर्मी की छुट्टी होने से पहले विद्यालयों में शिक्षक और अभिभावकों के बीच संगोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों की मिलने वाली शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी, विद्यालय में पठन-पाठन शिक्षक और छात्र-छात्राओं की खामियां को समझना और दूर करना है। इसी संदर्भ में डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दरिहट स्थित मध्य विद्यालय दरिहट के परिसर में विद्यालय के शिक्षक और अभिभावकों की बीच संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के प्रमोद तिवारी ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों से पहले संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की पढ़ाई को सुनिश्चित करना शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक होना छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से कहा कि आप बच्चों को प्रतिदिन समय पर विद्यालय भेजें। बच्चों को होमवर्क अपने सामने बैठकर करवाएं। विशेष परिस्थिति में ही आप बच्चों की छुट्टी दें। बच्चा कितनी देर घर पर पढ़ रहा है क्या कमियां है यह शिक्षकों के सामने रखें। निरंतर बैठक होने से शिक्षक और अभिभावक के बीच संबंध स्थापित होंगे जिसमें एक दूसरे को समझने और पढ़ाई में होने वाली समस्याओं को दूर की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टी 1 जून से 23 जून तक रहेगी। गर्मी की छुट्टी में कमजोर बच्चों को अलग से विद्यालय में ट्यूशन भी कराई जाएगी। इस संबंध में चिन्हित बच्चों को सुबह 7:30 बजे से 9:30 बजे तक पढ़ाई विद्यालय में होगी। अभिभावक विकास कुमार ने कहा कि ऐसी संगोष्ठी से अभिभावक और शिक्षकों के बीच के संबंध मजबूत होंगे तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रों को मिलेगी। वर्तमान समय में शिक्षकों की जिम्मेवारी बढ़ गई है।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय बिजली बोर्ड की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ क्षेत्र के डुमरी व बसतालवा गांव में छापेमारी की। छापेमारी में डुमरी के विजय कुमार सिंह पिता बंश कुमार सिंह के खिलाफ बिजली चोरी की प्रथामिकी दर्ज कर 43506 रुपये फाइन किया है जबकि बसतालवा के बंश नारायण केशरी पिता सरजू साह के खिलाफ बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर 59,709 रुपये जुर्माना लगाया है। छापेमारी टीम ने बिजली चोरी में प्रयुक्त बिजली का केबल भी जब्त कर थाने लाई है।

# तंबाकू निषेध दिवस पर मंडल रेल चिकित्सालय में सेमिनार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वर्ष 1987 से हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व में इस वैश्विक पहल का उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस -2025 की थीम है 'उज्ज्वल उत्पाद काले इरादे अपील को उजागर करना जो आकर्षक स्वाद और पैकेजिंग में आने वाले तंबाकू उत्पादों के छिपे खतरों को सामने लाने पर केंद्रित है। इसी क्रम में शनिवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय स्थित मंडल रेल चिकित्सालय के वाह्य रोगी संकुल (ओपीडी) में एक जागरूकता सेमिनार अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रशासन डॉ. ललित सांगा की अध्यक्षता में किया गया। इस क्रम में वक्ता के रूप में वरिष्ठ परामर्शदाता फिजिशियन डॉ. आर. के. मिश्रा ने तम्बाकू उपयोग के दुष्प्रभाव एवं उपस्थित लोगों को दूसरे लोगों को जागरूक करने की अपील की। डॉ. चंद्रशेखर झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने अपने वक्तव्य में युवाओं को इसके भ्रामक और आकर्षक प्रचार से बचने की अपील की तथा तम्बाकू निषेध की सलाह दी। अपने वक्तव्य के क्रम में डॉ. झा ने कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए उपस्थित समूह से प्रश्न भी पूछे तथा सही उत्तर देने वाले को ओआरएस की पैकेट उत्साहवर्धन के लिए दिया। उन्होंने हर उपस्थित व्यक्ति से तंबाकू उपयोग के दुष्प्रभाव के लिए जागरूकता की अपील की। साथ ही सेकेंडरी स्मोकिंग, पैसिव स्मोकिंग या सेकंड हैंड स्मोक की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ललित सांगा ने तंबाकू सेवन के खर्च को व्यर्थ बता कर उस धन को सदुपयोग की सलाह दी। उन्होंने सभी उपस्थित श्रोता, रोगी, उनके परिजन, नर्सिंग अधीक्षक, फार्मासिस्ट तथा अन्य सभी अस्पताल कर्मी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# पूर्व विधायक ने की किसानों के खेतों में सीमांकन करा मेड़ दिलाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** काराकाट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने शनिवार को रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह से दूरभाष से बात कर बिक्रमगंज प्रखंड के मोरौना, जमोंढ़ी और शिवपुर पंचायतों के किसानों की समस्या को लेकर चर्चा की। उन्होंने इन गांवों के किसानों के खेतों में यथास्थिति में सीमांकन कराकर मेढ़ दिलाने की मांग की। पूर्व विधायक ने बताया कि उक्त क्षेत्र में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मई को हुई जनसभा के कारण कई किसानों की खेतों की मेढ़ एवं सीमांकन अस्थायी रूप से हटाई गई थी। इस पर जिलाधिकारी ने किसानों के खेतों को दो दिनों के भीतर यथास्थिति में बहाल करने का आश्वासन दिया। श्री राज ने तीनों पंचायतों के किसानों द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र देने पर आभार प्रकट किया और कहा कि किसानों ने राष्ट्रहित और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहयोग देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि वे किसानों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने भी यह भरोसा दिलाया कि प्रशासन किसानों की भूमि को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और जल्द ही सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। गौरतलब है कि 30 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा इन पंचायतों के बीच स्थित स्थल पर आयोजित की गई थी जिसके लिए अस्थायी रूप से खेतों का उपयोग किया गया था।

# रोहतास उद्योग समूह को चालू करने का पीएम ने नहीं दिया आश्वासन : बैरिस्टर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिक्रमगंज की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के विकास हेतु करीब 50 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे, लेकिन डालमिया नगर स्थित रोहतास उद्योग समूह को चालू करने हेतु कोई भी आश्वासन नहीं दिया जिससे रोहतासवासी मर्माहत है। रोहतास जिला जदयू के प्रवक्ता सह अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि डालमिया नगर स्थित रोहतास उद्योग समूह को रेलवे द्वारा रेल कारखाना खोलने हेतु इसकी खरीद की गई थी। लेकिन रोहतास की जनता की आशा पर तब निराशा रूपी पानी तब फिर गया जब प्रधानमंत्री द्वारा रोहतास जिले के डालमियानगर में प्रस्तावित रेलवे कारखाना को चालू करने की घोषणा नहीं की जो इस जिले का इंतजार कर रही थी जिसकी मांग लोक सभा से सड़क तक भी उठती रहीं हैं जो डिहरी रेलवे स्टेशन के उत्तर पूर्वी तरफ की कई एकड़ खाली भूमि जो रोहतास उद्योग से रेलवे ने खरीदा है जिस पर केंद्र की सरकार को ही फैसला लेना है, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के द्वारा एक शब्द भी नहीं कहा गया कि कारखाना स्थापित किया जाएगा। जदयू प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में लोकल जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली गड़बड़ है जो प्रधानमंत्री के साथ बैठते हैं और फोटो शूट कराते हैं इनको चाहिए था कि अपने क्षेत्र की समस्या से उन्हें अवगत कराते और आग्रह करते तो प्रधानमंत्री अवश्य ही उक्त कारखाना स्थापित करने की मांग पर विचार करते और सभा के माध्यम से लोगों को सन्तुष्ट करते। लेकिन अपनी चूक को लोकल जनप्रतिनिधि कहने से डर रहे हैं। शाहाबाद की जनता मायूस है। राजग गठबंधन के नेताओं को आपस में बैठकर इस पर विचार-विमर्श करने की जरूरत है कि आखिर हम शाहाबाद से क्यूं हार रहे हैं।

# मां के दर्शन से ही जीवन हो जाता है धन्य

## लग्न के मौसम में धाम परिसर में शादियों की धूम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** कैमूर में प्रवरा पहाड़ी की चोटी पर स्थित मां मुंडेश्वरी की महिमा अपरम्पार है। यहां आने वाले भक्तों का कहना है कि मां के दर्शन से ही जीवन धन्य हो जाता है। चैत्र और शारदीय नवरात्र में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। हालांकि मां के धाम में सालों भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। धार्मिक और लौकिक संस्कारों के लिए भी लोग धाम पहुंचते हैं। लोकप्रिय नेता और समाजसेवी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि लग्न के इस मौसम में धाम परिसर में स्थित होटलों और धर्मशाला में रोजाना शादियों की धूम है। कैमूर में स्थित मां मुंडेश्वरी मंदिर देश का प्राचीनतम मंदिर है। इसका वास्तु शिल्प गुप्तकालीन है। प्रकृति की अनुपम छटा के बीच स्थित इस धाम में आने वाले भक्तों के लिए कई और भी दर्शनीय स्थल हैं। यहां पहुंचने के लिए रेलवे और सड़क मार्ग दोनों से आया जा सकता है। डीडीयू और गया रेल लाइन पर भभुआ रोड स्टेशन से सड़क मार्ग से लगभग 30 किलोमीटर भगवानपुर प्रखंड में यह धाम स्थित है। धाम में ठहरने के अलावा पेयजल और सुरक्षा के भी इंतजाम हैं।

# डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

## 1537 व्यक्ति धराए, 8 लाख 53 हजार रुपये का राजस्व अर्जन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड - स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर -डीडीयू खंड, वाराणसी-डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, गढ़वा रोड-डिहरी ऑन सोन, किउल- गया, गोमो - गया एवं पटना- गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया।

# विप चुनाव में सौ फीसदी भागीदारी के लिए कांग्रेस ने किया महिला संवाद

## मेउड़ा पंचायत बड़का रामडीहरा गांव में कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो महिलाओं को सम्मान में 25 सौ रुपये मिलेंगे। इसकी जानकारी कार्यकर्ताओं प्रखंड के मेऊडा पंचायत बड़का रामडिहरा में गांव में आयोजित महिला संवाद सह भाई-बहन मान योजना कार्यक्रम में दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत भागीदारी के लिए कार्यक्रम चला रही है। जिसमें महिलाओं को चुनाव में भाग लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के सम्मान में दी जाने वाली राशि को लेकर कार्यक्रम में विस्तारपूर्वक चर्चा किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी इस संबंध में अपनी-अपनी विचार रखीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष राधेश्याम सिंह कुशवाहा, उपेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेन्द्र पाल, अभिनव कुमार सिंह, अनिल पांडेय, सदन खरवार, नंद बिहारी सिंह, संजय चौबे, कमलेश आज़ाद, रोज़ा फारुकी, नफिसुद्दिन, लक्ष्मण राम, नीतू कुमारी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ................ दिनांक .......................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 13/2025–26**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम सभी स्ट्रीट लाईट तथा हाईमास्ट लाईट को स्वतः ON तथा OFF कराने के लिए Timer Panel तथा अन्य सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी निविदा/कोटेशन दिनांक **06.06.2025** को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक **06.06.2025 को 2:00** बजे **अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। LED लाईट की सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SL NO | NAME OF ITEM | Quantity | SL NO | NAME OF ITEM | Quantity |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Outdoor mounted feeder panel with 32 A TP&N , MCB incomer 45 A TP contactor Automatic Switching of luminaries ,power tool control incomer outgoing terminal etc as required | 01 | 6 | Digital Timer | 01 |
| 2 | Outdoor mounted feeder panel with 63 A TP&N, MCB incomer 63 A TP contactor Automatic Switching of luminaries, power tool control incomer outgoing terminal etc as required | 01 | 7 | RCCB | 01 |
| 3 | 4 pole MCB | 01 | 8 | RCBO | 01 |
| 4 | contactor 45 A | 01 | 9 | MCCB | 01 |
| 5 | Contactor 63 A | 01 | 10 | Earthing With GI Earth Pipe - 4.50 mtr. long ,40 mm dia including all accessories, complete work as req. | 01 |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 353997 (District) 25-26 (D)


# सोनहन थाना परिसर में राष्ट्रचिन्ह अशोक स्तम्भ का स्थापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** राष्ट्र की एकता, अखंडता, समता, समानता आपसी प्रेम भाईचारा बंधुता एवं राष्ट्रधर्म का प्रतीक भारत का राष्ट्र चिन्ह अशोक स्तंभ का ससम्मान शनिवार को सोहन थाना परिसर में थाना अध्यक्ष टिंकू कुमार के कर कमलों द्वारा उदघाटन किया गया। मौके पर डॉ आर पी मौर्य राष्ट्रीय महाप्रबंधक सम्राट अशोक क्लब भारत और सिद्धनाथ मौर्य प्रदेश उपाध्यक्ष सैक बिहार, मनोज कुमार मौर्य प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सैक बिहार, प्रदेश रोहित कुमार मौर्य की मौजूदगी रही जिसके स्थापना में डा मृतुन्जय मौर्य पशु चिकित्सक बेलांव का निर्देशन एवं अतुलनीय योगदान रहा। इस मंगल अवसर पर थाना अध्यक्ष टिंकू कुमार ने उपस्थित सम्राट अशोक क्लब के कार्यकर्ताओं के साथ जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा सबसे पहला धर्म राष्ट्रधर्म है इसीलिए सर्वधर्म समभाव से अभभूत भारतवर्ष के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तंभ को सम्राट अशोक क्लब की प्रेरणा से थाना परिसर में स्थापित किया गया जो यहां आनेवाले हर पदाधिकारी और जनता को राष्ट्र धर्म और राष्ट्रीय एकता, अखंडता को मजबूत बनान का अनवरत संदेश देता रहेगा। डॉ आर पी मौर्या ने अशोक स्तंभ को भारत वर्ष की आन बान शान बताया।

# गोष्ठी में अभिभावकों ने दिए बेहतर शिक्षा के लिए सुझाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मिडिल स्कूल जहानाबाद में विभागीय दिशा निर्देश के अनुरूप शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं के उपस्थिति व अनुशासन पर चर्चा किया गया। गोष्ठी में अभिभावकों ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराई। स्कूल के हेडमास्टर अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बिहार सरकार शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य के सभी प्रारंभिक स्कूलों में 31 मई को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। इस गोष्ठी में शिक्षा कोना एफ एल एन किट के प्रयोग ग्रीष्मावकाश हेतु गृह कार्य छात्रों के अनुशासन तथा उनकी उपस्थिति आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

# राजेंद्र विद्यालय में समर कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** शहर के महावीर स्थान स्थित आईसीएसई बोर्ड मान्यता प्राप्त राजेंद्र विद्यालय में गर्मियों की छुट्टी के पहले 31 मई को वृहत समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय में विगत दिनों से तैयारी चल रही थी। इस समर कैंप में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें पेंटिंग, सिंगिंग, डांसिंग, वाटर डांस, नॉन फ्लेम कुकिंग, क्लास डेकोरेटिंग, म्यूजिक चेयर, मिमिक्रिंग, गेस नेम, वैदिक मैथमेटिक गेम्स, ग्रुप डिस्कशन, कविता पाठ, आर्ट एंड क्राफ्ट, गेम्स, क्ले आर्ट्स, बैलून गेम, क्विज, जोकिंग, शेयरिंग एक्सपीरिएंस आदि एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिनमें बच्चों ने कई तरह के विदाउट फायर कुकिंग किया। उन्होंने भेलपुरी, जूस, नींबू पानी, बर्गर, केक, पानी पुरी, फ्रूट सलाद, वेजिटेबल सलाद आदि बनाए। इसके साथ ही बच्चों ने तरह-तरह के रंग-बिरंगे फलों के साथ विभिन्न प्रकार की अपनी कलाकृतियां दिखाई। इस अवसर पर बच्चों में काफी ज्यादा उमंग और उत्साह देखने को मिल रहा था। इसके अलावा बच्चों ने विभिन्न गाने प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। कुछ बच्चों ने इस मौके पर नृत्य आदि में प्रतिभागिता की।


## पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं.: एस.जी./डी.एस.ई./टी./ओ.टी./03/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** प्रोविजन ऑफ आईपी बेस्ड सीसीटीवी विथ मेन्टिनेन्स प्रोविजन ऐट डीडीयू, भभुआ रोड, जपला, मानपुर एण्ड नबीनगर गुड्स शेड्स फॉर मानिटरिंग ऑफ लोडिंग एण्ड अनलोडिंग एक्टिविटीज ऐट गुड्स शेड एरिया। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 1,31,83,067.55/– (एक करोड़ एकतीस लाख तिरासी हजार सरसठ रूपये एवं पचपन पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** रू. 2,15,900/– (दो लाख पन्द्रह हजार नौ सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 23.06.2025 को 12.30 बजे तक। **5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in**

म.सं. एवं दू.सं.अभि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/0341/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/25–26/28



## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2025 के पहले जमा करने पर नगर परिषद, गढ़वा द्वारा करदाताओं को कर (वर्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है जो निम्न प्रकार है :–

- सभी करदाताओं को 15% की छूट ।

इसके अतिरिक्त

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 05% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 05% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 की छूट।
- भारतीय सेना में काम करने वाले को 05% की छूट
- ट्रांस्जेण्डर होने पर 05% की छूट
- दिव्यांग होने पर 05% की छूट
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगा।

Online(https://udhd.Jharkhand.gov.in) जमा करने पर 05% की छूट

साथ ही वैसे लोग गढ़वा नगर परिषद, अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यवपारी वर्ग/गैर व्यवपारी वर्ग जिन्होंने अब तक अपने आवासीय /गैर आवासीय भवनों का होल्डिंग टैक्स जमा नही किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्शो से होल्डिंग टैक्स की बकाया राशि अबतक जमा नही किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी को निदेशित किया जाता है कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को सुधार करा लें एवं Trade License /Holding Tax का बकाया नगर परिषद, गढ़वा कार्यालय में स्वयं जमा कर दें अन्यथा उक्त तिथि बाद से होल्डिंगधारक पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली एवं झारखंड म्यूनिसिंपल एक्ट 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत नगर परिशद गढ़वा द्वारा कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए नए/पूराने/प्लॉट/व्यवपारी वर्ग/गैर व्यवपारी वर्ग/आवसीय एवं गैर आवासीय मकान मालिक स्वयं जिम्मेदार या दोशी माने जायेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा

PR 353957 Urban Development (25-26)_D


CMYK

# आवास और शौचालय योजना से वंचितों को एक माह में दें लाभ : श्रवण कुमार

## सरकारी योजनाओं के लाभ और महिला सशक्तिकरण पर दीदियों ने साझा किए अनुभव




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को नूरसराय प्रखंड के दोइया पंचायत स्थित परियोना गांव में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्रवण कुमार, जीविका के डीपीएम, विशाल सीएलएफ की अध्यक्ष एवं वीओ की दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत जीविका की सदस्यों सपना कुमारी, मनीषा कुमारी और ममता देवी द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिले लाभ के अनुभव साझा करते हुए की गई। इसके बाद मंत्री श्रवण कुमार ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बिहार में अब तक 10.63 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1.35 करोड़ परिवार जीविका से जुड़े हुए हैं, जो देश में किसी भी अन्य राज्य की तुलना में सर्वाधिक है।

उन्होंने कहा कि आधी आबादी के उत्थान के बिना समाज का विकास अधूरा है। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है—चाहे वह रोजगार हो, शिक्षा हो या राजनीतिक भागीदारी। उन्होंने बताया कि जीविका की दीदियों को दीदी की रसोई, अस्पतालों में भोजन प्रबंधन, सफाई कार्य, बैंक सखी और पशु सखी जैसी योजनाओं से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें रोजगार मिला है। मंत्री ने मंच से बोलती महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि अब महिलाएं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परिवारों को अब तक आवास योजना और शौचालय निर्माण का लाभ नहीं मिला है, उन्हें एक माह के भीतर लाभान्वित किया जाए। साथ ही, महिलाओं की मांगों को प्राथमिकता देते हुए उनके समाधान की दिशा में काम किया जाए।

इस अवसर पर महिलाओं ने अपनी समस्याओं और अपेक्षाओं को खुलकर साझा किया। उन्होंने गांव में सड़क निर्माण, नाली-सफाई, विद्यालय, सोलर लाइट, सामुदायिक पुस्तकालय, अस्पताल और शिक्षा की गुणवत्ता जैसे विषयों पर बात की। छात्राओं ने छात्रवृत्ति और साइकिल योजना के लाभों पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सोनीलाल, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान, प्रखंड परियोजना प्रबंधक आनंद किशोर, सूक्ष्म वित्त प्रबंधक शिवशंकर कुमार, जॉब अधिकारी संतोष कुमार, जीविकोपार्जन विशेषज्ञ अश्विनी कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक मुस्तफा आलम सहित कई अधिकारी, जीविका दीदी और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

गौरतलब है कि 18 अप्रैल से राज्यभर के सभी प्रखंडों में महिला ग्राम संगठनों के माध्यम से प्रतिदिन महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जो अब महिलाओं की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बन चुका है।

# जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति द्वारा शनिवार को नवादा जिला अंतर्गत संचालित बाल देख-रेख संस्थानों – पर्यवेक्षण गृह एवं अन्य संबंधित संस्थानों – का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बालकों को लाइफ स्किल प्रशिक्षण से जोड़ने का सुझाव दिया साथ ही सहायक निदेशक को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद बच्चों को ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से भी जोड़ा जाए, जिससे उनकी शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा मिल सके। पर्यवेक्षण गृह में प्रतिनियुक्त शिक्षिका रीता कुमारी के स्थान पर किसी पुरुष शिक्षक की प्रतिनियुक्ति हेतु डीपीओ, सर्व शिक्षा अभियान को आवश्यक निर्देश दिए गए। बालिका गृह के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति करने का निर्देश भी दिया गया। हायर क्लास के लिए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति का भी निर्देश डीपीओ, सर्व शिक्षा अभियान को प्रदान किया गया।

गृह में निवासरत दिव्यांग बालक/बालिकाओं के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल हेतु प्रतिनियुक्त चिकित्सक को विशेष निर्देश दिए गए। साथ ही, एक दिव्यांग बालक का आधार सत्यापन कराकर उसके अभिभावक का पता लगाने का निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। सहायक निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि गृह में रिक्त पदों पर नियोजन की प्रक्रिया प्रगति पर है एवं इसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। निरीक्षण के अवसर पर जिला निरीक्षण समिति के सदस्यगण एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

**जिलाधिकारी ने किया आश्रय गृह का निरीक्षण**

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा शनिवार को बृहद आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के रहने की व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं, साफ-सफाई, भोजन और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों को सभी आवश्यक वस्तुएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं तथा उनके कल्याण में कोई कमी न रहे। इसके अतिरिक्त रवि प्रकाश ने बुधौल स्थित नव निर्मित 200 बेड वाले आश्रय गृह का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवास, सुरक्षा, खान-पान एवं स्वच्छता व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों की सभी जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा शौचालयों एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बच्चों से सीधा संवाद भी किया और उनके अनुभव व सुझाव प्राप्त किए।

# जिलाधिकारी ने किया मंडलकारा का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** शनिवार को मंडल कारा नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा एक महत्वपूर्ण निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग कृष्ण मोहन, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी अरुण प्रकाश तथा अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) धीरेंद्र कुमार पांडे शामिल थे।यह निरीक्षण माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में किया गया, जिसमें यह सुनिश्चित करना था कि जेल प्रशासन या बंदियों के बीच किसी प्रकार का जातीय भेदभाव तो नहीं हो रहा है। निरीक्षण के दौरान टीम ने इस मुद्दे पर गहनता से समीक्षा की और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में है। निरीक्षण के दौरान बंदियों को दी जा रही सुविधाओं की भी जांच की गई। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश एवं डालसा सचिव श्री पांडे ने संयुक्त रूप से बंदियों के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में 25 बंदियों के एक बैच को एक माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद अगला बैच शुरू होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त, बंदियों के कौशल विकास के लिए वर्तमान में 35 बंदियों को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मोबाइल मरम्मत का एक माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो आगामी 5 जून को पूर्ण होगा। निरीक्षण दल ने इस पहल पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान कारा अधीक्षक अजीत कुमार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राय, सहायक अधीक्षकगण राजेश कुमार, सुशील कुमार, नंदू चौधरी, रिंकी कुमारी, प्रधान लिपिक राजेश कुमार एवं कारा चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार सिंह समेत अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

## चोरी की घटना को लेकर स्वान दस्ता की टीम ने की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के बलवा पर गांव में बीते दिन हुई चोरी की घटना को लेकर शनिवार को स्वान टीम के द्वारा मामले की निष्पक्षता हेतु घटना स्थल पर पहुंच कर सघन जांच किया गया। इस कांड के अनुसंधानकर्ता एसआई आदित्य कुमार ने बताया कि जो भी व्यक्ति दोषी होगा कार्रवाई होगी। इस मामले में नारदीगंज थाना कांड संख्या 202/25 के तहत अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। मौके पर एसआई आदित्य कुमार एएसआई अभिषेक कुमार, आनंद कुमार थाना के सभी सशस्त्र बल शामिल रहे।

# नवादा व्यवहार न्यायालय में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस, तंबाकू मुक्त समाज का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा ने की। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, पैनल लॉयर, डिफेंस वकीलों, पैरा लीगल वॉलंटियर्स तथा प्राधिकरण के तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मियों ने भाग लिया।

शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन प्राधिकरण के सचिव धीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थितों ने धूम्रपान और किसी भी प्रकार के तंबाकू, अल्कोहल या अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करने की शपथ ली। साथ ही यह संकल्प भी लिया गया कि वे अपने परिजनों, परिचितों एवं सहयोगियों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करेंगे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री झा ने कहा कि तंबाकू न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी बाधक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने कार्यस्थलों और परिवेश को तंबाकू मुक्त बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से तंबाकू और मादक द्रव्यों के खिलाफ एकजुट होकर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया।

**शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित**

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में अपने बच्चों की प्रगति से अभिभावकगण अवगत हुए। शहर के प्राथमिक विद्यालय राजेंद्र नगर में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस के तहत कार्यक्रम का थीम 'पढ़ेंगे बढ़ेंगे और सीखेंगे हम' पर जोर रहा। इसमें विद्यालय से मिलने वाले सभी सहयोग से सभी अभिभावकों को अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जतिन कुमार ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे पढ़ेंगे तभी आगे बढ़ेंगे और जब पढ़ेगा बिहार तभी आगे बढ़ेगा बिहार। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है और आपका सक्रिय सहयोग बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद करेगा। शिक्षक पंकज कुमार ने अभिभावकों से अपील किया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को गृह कार्य दिया गया है। उन गृह कार्यों को पूरा करवाएं। ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को सतत सीखना जारी रखना, इस संगोष्ठी का उद्देश्य है। संगोष्ठी में अभिभावकों ने भी अपने मंतव्य रखे।

# सनसनीखेज : दोस्तों के साथ मिलकर नाबालिग का किया दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा में सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। नाबालिग लड़की से प्रेमी और उसके दो दोस्तों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल मालिक सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिग प्रेमी को निरुद्ध किया है। घटना के संबंध में राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि 27 मई की शाम राजगीर थाना में तैनात एएसआई सीमा कुमारी को पीड़िता ने बयान में बताया कि 26 मई की दोपहर उसका प्रेमी बहला फुसलाकर राजगीर स्थित एक निजी होटल ले गया। होटल में पहले से प्रेमी के दो दोस्त मौजूद थे। तीनों ने मिलकर होटल के कमरे में बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तकनीकी एवं मानवीय आधार पर जांच कर गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से 30 मई को एक विधि निरुद्ध बालक सहित चार अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

# 5 महीने में 5वीं बार बिहार आएंगे राहुल गांधी, 6 जून को नालंदा में कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक बार फिर बिहार दौरे पर आ रहे हैं। वह इस साल पांचवीं दफे बिहार आएंगे। 6 जून को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में उनका कार्यक्रम होगा। जहां वह संविधान सुरक्षा संवाद के तहत पिछड़ा-अति पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित केंगे। इसको लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। राहुल गांधी 6 जून को आएंगे नालंदाः यह आयोजन बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर के अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगा। राहुल गांधी पटना एयरपोर्ट पर उतरेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर के जरिए सीधे नालंदा रवाना होंगे। इस सम्मेलन के दौरान वे अतिपिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के लोगों से संवाद करेंगे। यह वही वर्ग है, जिसे सीएम नीतीश कुमार का पारंपरिक वोट बैंक माना जाता है।

5 महीने में 5वीं बार आएंगे बिहारः दरअसल, राहुल गांधी का यह कार्यक्रम पहले इसी महीने 27 मई को निर्धारित था लेकिन राजगीर में हॉल उपलब्ध नहीं होने के कारण इसे स्थगित कर 6 जून को निर्धारित किया गया है। इस वर्ष चुनावी माहौल के बीच राहुल गांधी का यह पिछले 5 महीनों में पांचवां बिहार दौरा होगा। इससे पहले वे 18 जनवरी, 4 फरवरी, 7 अप्रैल और 15 मई को भी बिहार के अलग अलग जिलों का दौरा कर चुके हैं। राहुल गांधी बिहार में कांग्रेस को लगातार मजबूत करने में लगे हुए हैं। हालिया दिनों में संगठन स्तर पर कई बदलाव भी देखने को मिले हैं।

# घर लौट रहे युवक को पीछे से सिर पर मार दी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा में हत्याओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार सुबह पेंटर की हुई दिनदहाड़े हत्या की गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं थी कि एक और युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 24 घंटे के भीतर हुए डबल मर्डर से बदमाशों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है।

ताजा मामला चिकसौरा थाना क्षेत्र के हुराड़ी गांव का है, जहां शौच कर लौट रहे युवक को गोली मार दी गई। बदमाशों ने पूर्व से घात लगाकर युवक के सिर में पीछे से गोली मारी और भाग निकले। घटना शुक्रवार देर शाम की है।

**घर लौटने के दौरान सिर पर मारी गोली:** मृतक की पहचान नंद किशोर प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र शिव कुमार उर्फ सिकु के तौर पर की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक शिव कुमार खेत से शौच कर घर लौट रहे थे, तभी पूर्व से घात लगाए बदमाशों ने पीछे से सिकु के सिर में गोली मार दी।

**मौके से भागा अपराधी:** गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े तब तक अंधेरे का फ़ायदा उठाकर बदमाश फरार हो गया था, जिसके बाद घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

**भतीजे की हत्या का बदला:** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल 14 नवंबर को जमीन विवाद में भतीजा फंटूश कुमार की गोली मारकर हत्या हुई थी, उस हत्याकांड में चाचा शिव कुमार को आरोपी बताया गया था। उसी हत्या के प्रतिशोध में शिव कुमार की हत्या हुई है।

**पड़ोसी पर हत्या का आरोप:** वहीं, घटना के संबंध में थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट चुकी है।

# बालू माफिया और भ्रष्ट अधिकारियों की साठगांठ से घाटों पर हंगामा, सरकारी राजस्व को भारी क्षति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिले के बालू घाटों पर एक बार फिर माफिया-प्रशासन गठजोड़ का खेल खुलकर सामने आ रहा है। बालू माफियाओं की साजिश और भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों की मौन सहमति से सरकारी घाटों पर योजनाबद्ध तरीके से हंगामा करवा कर घाटों को बंद कराया जा रहा है। संवेदकों द्वारा घाटों को बंद कर देने के बाद भी बालू की अवैध ढुलाई बेरोकटोक जारी है।

प्रश्न उठना स्वाभाविक है—क्या यह सब प्रशासन और बालू माफियाओं की मिलीभगत से नहीं हो रहा? स्थानीय सूत्रों की मानें तो माफियाओं द्वारा ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर विरोध प्रदर्शन कराए जा रहे हैं, ताकि संवेदक और उनके कर्मी घाट संचालन से पीछे हट जाएं और माफियाओं का एकाधिकार बना रहे।

ताजा मामला गोविंदपुर के सरकंडा घाट का है, जहां ग्रामीणों ने बालू खनन का विरोध किया। विरोध की अगुवाई एक पूर्व मुखिया व कथित बालू माफिया ने की, जिसने विधानसभा चुनाव बहिष्कार तक की धमकी दे डाली। यह सब उस वक्त हो रहा है जब घाट से कुछ ही दूरी पर नदी पर पुल निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब बालू खनन पर सरकार की ओर से नियमानुसार एक माह बाद स्वतः रोक लगने वाली है, तब विरोध की यह पटकथा अब क्यों लिखी जा रही है? स्पष्ट है कि माफियाओं की नीयत में खोट है और वे प्रशासन की मिलीभगत से इस हंगामे को अंजाम दे रहे हैं।

इससे पहले सिरदला प्रखंड के महवतपुर घाट पर भी हुई थी हिंसा, जहां बालू घाट कर्मियों के साथ मारपीट की गई। प्राथमिकी दर्ज होते ही माफियाओं ने खुद को बचाने के लिए स्थानीय महादलित समुदाय को आगे कर दिया और घाट पर अवैध खनन का आरोप लगाकर काम रुकवा दिया। इन घटनाओं से न सिर्फ राज्य सरकार के राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है, बल्कि न्यायिक व्यवस्था और प्रशासन की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठ रहे हैं। वहीं, माफियाओं की चांदी कट रही है—नियम ताक पर, घाट उनके कब्जे में, और कोई पूछने वाला नहीं। अब वह दौर दूर नहीं जब जिले में नीलामी प्रक्रिया खुद दम तोड़ देगी और केवल बालू माफिया ही घाटों के संचालन की कमान थामे रहेंगे। जब तक इस अवैध गठजोड़ की उच्चस्तरीय जांच नहीं होती, तब तक न तो घाटों पर शांति लौटेगी और न ही सरकारी आय सुरक्षित रह पाएगी। सरकार को चाहिए कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि कानून का राज स्थापित रह सके।

# चार पंचायतों के महादलित टोलों में लगा विकास शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कौआकोल।** बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत व डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत नवादा डीएम रवि प्रकाश के निर्देश पर शनिवार को कौआकोल प्रखंड के विभिन्न चार पंचायतों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दरम्यान विभिन्न विभागों के कर्मियों द्वारा लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आवास हेतु सर्वे, जॉब कार्ड सहित कई जरूरी सेवाएं मौके पर ही प्रदान की गईं। कौआकोल बीडीओ डॉ0 अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के सोखोदेवरा, देवनगढ़, पाली एवं केवाली पंचायतों के अलग अलग महादलित टोला में शिविर लगाकर लाभुकों को जरुरी सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मौके पर सभी सम्बंधित पंचायत में नियुक्त पर्यवेक्षकों के अलावे प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेशनाथ चौधरी, विकासमित्र जितेंद्र मांझी, जवाहर मांझी, रेखा कुमारी आदि मौजूद थे।

# नवादा के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में नामांकन घोटाला, छात्राओं का फूटा गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में नामांकन और टीसी निर्गत के नाम पर छात्राओं से अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को इस प्रकरण को लेकर विद्यालय में छात्राओं ने जमकर हंगामा किया। छात्राओं का आरोप है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक तरणी सेन महतो 9वीं कक्षा में नामांकन के एवज में 1500 रुपये वसूल रहे थे, जबकि निर्धारित शुल्क केवल 456 रुपये है। इसी तरह टीसी जारी करने के नाम पर 12वीं की छात्राओं से 100 रुपये तक वसूले गए। छात्राओं के समर्थन में स्थानीय समाजसेवी जितेंद्र प्रताप जीतू और कैलाश विश्वकर्मा भी विद्यालय पहुंचे और प्रधानाध्यापक के विरुद्ध जोरदार विरोध दर्ज कराया। मामले के बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रधानाध्यापक ने कुछ छात्राओं को वसूली गई राशि लौटाई। मौके पर यह भी खुलासा हुआ कि प्रधानाध्यापक के कार्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरा निष्क्रिय है, जो पूरे मामले को और संदेहास्पद बना रहा है।

**पूर्व में भी लगे हैं गंभीर आरोप**

सूत्रों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब तरणी सेन महतो पर ऐसे आरोप लगे हों। 22 मई 2024 को बिहार शिक्षा परियोजना निदेशक द्वारा विद्यालय निरीक्षण के दौरान भी प्रधानाध्यापक पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाए गए थे और जिला शिक्षा पदाधिकारी को दंडात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। इसके बाद 5 सितंबर 2024 को नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने भी माध्यमिक शिक्षा निदेशक, पटना को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी। वर्तमान घटनाक्रम के बाद विद्यालय प्रशासन सवालों के घेरे में है। छात्राएं और समाजसेवी जिला प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं, प्रधानाध्यापक मामले को शांत कराने की कोशिशों में जुटे हैं।

## भूमि विवाद के निपटारे को लेकर थाना में लगा जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार में अंचल अधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष दीपक कुमार की मौजूदगी में आयोजित जनता दरबार में महज एक फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जिसमें दोनों पक्षों को नोटिस कर अगले जनता दरबार में सुनवाई हेतु उपस्थित रहने का आदेश निर्गत किया गया। मौके पर राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू,नरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड की कबला पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरॉट में शनिवार को समारोह आयोजित कर सरकारी सेवा से 31 मई को सेवानिवृत्त हुए प्रधानाध्यापक राजीव रंजन को विदाई दी गई। अतिथियों, विद्यालय के शिक्षकों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों की ओर से सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राजीव रंजन का फूलमाला से स्वागत किया गया। इस बीच सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने विद्यालय का सम्पूर्ण प्रभार विद्यालय के ही शिक्षक गुरदास पासवान को सौंपा। उनका लगभग 32 वर्षों का लम्बा कार्यकाल काफी सकारात्मक और सराहनीय रहा। उन्होंने सबको एकसूत्र में बांधकर चलने का जो काम किया है, वही काम अब वर्तमान प्रधानाध्यापक के लिए नजीर होगा। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राजीव रंजन ने कहा की सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है, जिसका सबको पालन करना पड़ता है।

# दो कुख्यात नक्सली गिरफ्तार, 11 साल से थे फरार

## 2015 के ठकठकबा बारूदी विस्फोट में थे शामिल, दो जवान हुए थे शहीद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और भदवर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। 29वीं वाहिनी एसएसबी, डुमरिया समवाय की टीम ने दो वांछित नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों पिछले 11 वर्षों से फरार थे और कई गंभीर मामलों में पुलिस को तलाश थी। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों में अर्जुन यादव (64), ग्राम- रामडीहर और नगीना कुमार उर्फ नगीना यादव (22), ग्राम- हड़ही-पिपरा, थाना- भदवर, जिला गया के रहने वाले हैं। इन दोनों की गिरफ्तारी एसएसबी की सी-समवाय डुमरिया और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान में हुई। अर्जुन को नदई मोड़ से जबकि नगीना को वेनीनगर से पकड़ा गया। बताया गया है कि 2015 में डुमरिया के ठकठकबा में हुए बारूदी सुरंग विस्फोट में इन दोनों की संलिप्तता थी। उस हमले में पुलिस की एक जीप उड़ा दी गई थी जिसमें दो जवान शहीद हुए थे और कई घायल हो गए थे। हमले के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर जमकर फायरिंग भी की थी। अर्जुन यादव उस हमले का मुख्य आरोपी था जबकि नगीना कुमार भी कई आपराधिक घटनाओं में सक्रिय भूमिका निभा चुका है। नगीना के पिता जीतलाल यादव भी इनामी नक्सली रहा है जिसे झारखंड पुलिस ने करीब दस दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों नक्सलियों के खिलाफ थाना भदवर में कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद दोनों को थाना भदवर को सौंप दिया गया है जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसएसबी और पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। इलाके में इस गिरफ्तारी से आम लोगों में राहत और सुरक्षा बलों में उत्साह का माहौल है।

# त्याग, सादगी और सेवा की प्रतिमूर्ति थीं अहिल्याबाई होलकर : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने अहिल्याबाई को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें त्याग, सादगी और मातृभूमि की सच्ची सेविका बताया। मंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर एक महान देशभक्त, समाजसेवी और नारी शक्ति की जीती-जागती मिसाल थीं, जिन पर देश को गर्व है। उन्होंने कहा कि मराठा साम्राज्य की यह प्रसिद्ध महारानी न केवल अपने शासन के लिए जानी जाती हैं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण में भी उनका योगदान अमूल्य है। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि अहिल्याबाई ने महेश्वर को राजधानी बनाकर कुशल प्रशासन चलाया। उन्होंने देशभर में मंदिरों का निर्माण कराया, घाट बनवाए, प्याऊ, कुएं और बावड़ियां बनवाईं। काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग की स्थापना कर उन्होंने धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। भूखों के लिए अन्न भंडार खोले, मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति की, ताकि शास्त्रों का मनन और प्रचार हो सके। उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से लेकर हिमालय तक और द्वारिका से लेकर पुरी तक जहां-जहां भी धार्मिक स्थल थे, अहिल्याबाई ने वहां धर्मशालाएं, मंदिर, तालाब, बावड़ियां और भोजनालय बनवाए। यह उनकी राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का प्रमाण है। डॉ प्रेम कुमार ने यह भी बताया कि अहिल्याबाई ने विधवाओं, अनाथों, अपंगों और असहायों के लिए आश्रम बनवाए। मध्यप्रदेश में मांहेश्वर मंदिर, शाही महल, दत्त मंदिर, जल कोठी आदि स्थापत्य का निर्माण उनके ही काल में हुआ। उन्होंने कहा कि 1737 से 1795 तक लगभग 28 वर्षों तक अहिल्याबाई ने एक आदर्श और न्यायप्रिय शासन दिया। होलकर वंश मूलतः एक कृषक जाति से था, लेकिन अहिल्याबाई ने इसे गौरव के शिखर तक पहुंचाया। मंत्री ने अंत में कहा कि अहिल्याबाई जैसी नारी शक्ति इतिहास की वो मशाल हैं, जो आज भी समाज को रोशनी देती हैं। उनके सम्मान में भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया है और उनके नाम से पुरस्कार भी दिए जाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अहिल्याबाई होलकर के योगदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जनता दरबार में गुहार के बावजूद नहीं मिली राहत, इमामगंज थाना पर कार्रवाई न करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र में एक जमीन विवाद मामले ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता किरण देवी ने आरोप लगाया है कि उसने अपने वैध रूप से खरीदे गए जमीन पर कब्जा दिलवाने के लिए गया के आइजी और एसएसपी के जनता दरबार में 28 मई को गुहार लगाई, लेकिन अब तक उसे कोई राहत नहीं मिली है। किरण देवी, जो राजेश कुमार की पत्नी हैं, ने बताया कि उन्होंने विजय सिंह से विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत जमीन खरीदी थी। बिक्रेता विजय सिंह ने भी 19 मई को इमामगंज थाना में लिखित शिकायत दी थी और फिर 27 मई को रजिस्ट्री डाक से थाना को अवगत कराया कि उक्त जमीन पर अनुज सिंह नामक व्यक्ति जबरन कब्जा करना चाह रहा है जबकि अनुज सिंह से किया गया पूर्व का एग्रीमेंट समाप्त हो चुका है। विजय सिंह ने आरोप लगाया कि अनुज सिंह लगातार सामाजिक दबाव, धमकी और मानसिक प्रताड़ना के जरिये जमीन पर दावा ठोक रहा है जब उससे कहा गया कि वह अपना पैसा वापस ले ले तो उसने इनकार कर दिया और उल्टे दबाव बनाकर जमीन पर काम शुरू करा दिया। पीड़िता किरण देवी ने बताया कि उसने सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर न्याय की मांग की, लेकिन इमामगंज थाना एफआईआर तक दर्ज नहीं कर रहा है। यहां तक कि एसपी और आइजी के जनता दरबार में प्रस्तुत शिकायत के बावजूद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किरण देवी ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें उनकी जमीन पर कब्जा दिलाया जाए और पुलिस की कथित मिलीभगत से जो निर्माण कार्य जमीन पर चल रहा है, उसे तत्काल रोका जाए।

# प्लास्टिक के प्रयोग को समाप्त करने का लें संकल्प



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रतिबंध को सफलतापूर्वक लागू करने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन पर्षद् के मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए नीरज नारायण, सदस्य सचिव द्वारा प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक को पर्यावरण के लिए हानिकारक बताया गया एवं इसकी रोकथाम के लिए प्रत्येक हितधारकों द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिकके विनिर्माण, आयात, भण्डारण, परिवहन, वितरण, बिक्री एवं उपयोग को पूरे बिहार से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। बैठक का संचालन करते हुए एस. एन. जायसवाल, वैज्ञानिक सलाहकार द्वारा उन्होने अपने संबोधन में एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात् कौशिक चन्द्रशेखर, सहायक प्रोग्राम प्रबंधन अधिकारी, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लेते हुए प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर सुझाव देते हुए कहा गया कि प्लास्टिक अपाष्टिों का बेहतर पृथकीकरण सुनिति करना होगा तथा बेहतर प्रबंधन करते हुए उसका निपटान किया जाय।

# बोधगया में उच्च शिक्षण संस्थानों की मान्यता पर दो दिवसीय कार्यशाला 2-3 जून को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में 'प्रस्तावित द्वैध प्रत्यायन ढांचे के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा मान्यता' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 2 एवं 3 जून, 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से बुद्ध रिसॉर्ट, गया जी में संपन्न होगी। इस महत्वपूर्ण शैक्षिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि होंगे गया जिले के जिलाधिकारी डॉ. थियागराजन एस.एम., जबकि मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोरीमल महाविद्यालय के भूगोल विभाग की प्रोफेसर अंशु अपना विचार प्रस्तुत करेंगी। कार्यशाला की अध्यक्षता मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही करेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य नैक के नवीन द्वैध प्रत्यायन प्रणाली को लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों में व्याप्त जिज्ञासाओं का समाधान करना एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में उन्हें मार्गदर्शन देना है। इस अवसर पर राज्य भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से शिक्षक, प्रशासक एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के समन्वयक भाग लेंगे। आयोजकों का विश्वास है कि यह कार्यशाला शिक्षा की गुणवत्ता उन्नयन तथा संस्थागत मूल्यांकन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी।

# अल्पसंख्यक आयोग के गठन में समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार सरकार द्वारा हाल में किए गए अल्पसंख्यक आयोग के गठन को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में असंतोष उभर आया है। मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहलाल सिद्दीकी उर्फ लाल बाबू, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, ने आयोग में समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पर गहरी नाराजगी जताई है। सिद्दीकी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संगठन के उन कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर दिया गया जो वर्षों से भाजपा की विचारधारा के साथ ईमानदारी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग में ऐसे चेहरों को शामिल किया गया है जो केवल अवसरवादी हैं और चुनावी मौसम में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिर्फ टोपी पहन लेने से कोई सच्चा कार्यकर्ता नहीं बन जाता। असली कार्यकर्ता वह है जो बिना किसी पद या लाभ की उम्मीद के पार्टी के झंडे और देश के तिरंगे को ऊंचा रखने में गर्व महसूस करता है। सिद्दीकी ने सरकार से मांग की कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जमीनी कार्यकर्ताओं को भी आयोगों और अन्य संस्थागत संरचनाओं में प्रतिनिधित्व दिया जाए। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा दिखावे के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा, प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ भाजपा के मूल मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम करता है।

# अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज (गया)।** बिहार सरकार शिक्षा विभाग के निर्देश पर रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में हुई जिसमें दर्जनों अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से निवेदन अनुरोध किया कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें उनकी पाठ पुस्तक सामग्रियों का व्यवस्था करें उनके होमवर्क को देखें बच्चों के आचार विचार व्यवहार से विद्यालय को अवगत कराते रहे ताकि विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास हो सके विद्यालय में शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। विद्यालय में सभी विषय के शिक्षक गण उपस्थित हैं जो अपने-अपने विषय में काफी अनुभव और योग्यता रखते हैं विद्यालय का वातावरण काफी बेहतर हुआ है आप जब भी अभिभावक गोष्ठी हो आकर अपने विचार रखें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अभिमन्यु कुमार चंद्रमणि प्रसाद राजेश कुमार राजू राशिद अनवर रिजवान उल्ला ने भी अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को नियमित भेज कर सरकार और विद्यालय के योजनाओं का लाभ उठाएं। इस विचार गोष्ठी में उपस्थित अभिभावक चिंतन चितरंजन कुमार संतोष कुमार मृत्युंजय कुमार चिंता देवी सरिता देवी नंदन यादव इत्यादि लोगों ने विचार रखते हुए विद्यालय को सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन दिया। आज के दिन विद्यालय में इको क्लब यूथ क्लब गणित एवं विज्ञान क्लब के कैडरों द्वारा जल जीवन हरियाली जल जीवन हरियाली के अंतर्गत विद्यालय में पेड़ लगाकर शपथ लिया कि हम सभी लोग अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाएंगे ।

# बिहार में फिर से एक बार बनेगी नीतीश के नेतृत्व में एनडीए की सरकार : कुमार गौरव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जदयू के जिला प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बिहार के चुनाव को लेकर कहा कि पुनः एनडीए की ही सरकार बनी है क्योंकि बिहार में विकास की रफ्तार जिस प्रकार चल रही है, उसको लेकर जनता पूरी तरह से आशान्वित है। इसलिए एनडीए के तमाम कार्यकर्ताओं को बिहार में जो विकास हुआ है उसको किसी से कहने की जरुरत नहीं बल्कि विकास से सभी वाकिफ हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने जिस प्रकार हर तबका, सभी जाति-धर्म को बराबर का महत्व देकर विकास किया उसका लाभ सभी ले रहे हैं। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुल, सड़क, बिजली, पानी की समस्या को जिस प्रकार दूर किया गया और विकास किया गया उससे साधारण से परिवारों को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। आगे श्री सिन्हा ने यह भी कहा कि बिहार में चाहे जो भी राजनीति कितना भी कर ले इसका कहीं कोई असर नहीं पड़ेगा। बल्कि बिहार की जनता इस बात को जान चुकी है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो सरकार काम कर रही है वो सिर्फ विकास की बात करती है। अपने बारे में नहीं बल्कि समाज के लिए काम करती है, बिहार की जनता के लिए काम करती है। युवाओं, बेटियों, बेरोजगारों के लिए काम कर रही है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:– **(1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AA/1 :** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-11, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-SSM-FW-14-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 12.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AA/1 :** भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-15, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-BBU-FW-42-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 13.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AB/1 :** गुरारू रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-15, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-GRRU-MX-40-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 13.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। **(4) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि – AC/1 :** अंकोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU- 25-15, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING DDU-ANH-RW-36-22-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 13.06.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य), डी०डी०यू०**

**पीआर/0337/डी०डी०यू०/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/60**


# कांग्रेस पार्टी ने किया जन संवाद, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव हुईं शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के मननपुर छोटकी गांव में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सह कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मुद्दे साझा किए और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने उनकी बातें सुनीं। महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आम जनता की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेंगे। महिलाओं के साथ उनकी हर बूथ पर सहभागिता, माई बहिन मान योजना पर विस्तृत चर्चा, पार्टी में रजिस्ट्रेशन सहित हर घर झंडा अभियान के तहत उनके घरों में झंडा लगाया गया। जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं जैसे कि बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चर्चा की। रिया कुमारी ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि पार्टी उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेगी। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं का आभार व्यक्त किया और उन्हें अपने बीच पाकर खुशी जताई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनता दरबार में भूमि विवाद के दो मामलों का निपटारा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान दो मामलों का निपटारा किया गया और पीड़ितों को न्याय प्रदान किया गया। मामला थाना क्षेत्र के सिमरहुआ, काबर, घोंघीमठ, करमाइन और आंती गांव से आया। जनता दरबार में थानाध्यक्ष रणजीत कुमार एवं अंचल कर्मी जगदानंद सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनकी शिकायतों का निपटारा करने का प्रयास किया। भूमि विवाद के मामलों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद निष्पक्ष निर्णय लिया गया और काबर के विवाद में नोटिस करने और आंती गांव के विवादों का मापी करने पर सहमति बनी और समाधान किया गया। जनता दरबार के आयोजन से लोगों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिला और उन्हें न्याय प्रदान किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें न्याय प्रदान करना है। आगे भी जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना परिसर में बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गई जिसमें गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस बैठक में त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए चर्चा की गई। बैठक में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कि बकरीद के त्योहार के दौरान सभी समुदायों के लोग एकजुट होकर शांति और सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सभी को सहयोग करना होगा। गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि त्योहार के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और किसी भी तरह की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन तैयार रहेगा। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।

# शार्टकट तरीकों से पायी गयी सफलता स्थायी नहीं : पं.गौरांगी गौरी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखण्ड क्षेत्र के गनौरी टीला गांव में रूद्र महायज्ञ के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पंडित गौरांगी गौरी ने कहा कि शार्टकट मार्ग से पायी गयी सफलता स्थायी नहीं हो सकती। इसलिए विद्यार्थियों को हमेशा विषयानुसार गुढ़ ज्ञान हासिल करना चाहिए। मेहनत और गुढ़ ज्ञान से पायी गयी सफलता स्थायी होती है और अग्रेत्तर मार्ग प्रशस्त करते चली जाती है। समाज में महान वे नहीं हो सकते जिनके पास धन, वैभव नाम है बल्कि महान वे हैं जिन्होंने लोगों के दिलों में जगह बनाई है। एक उदाहरण देकर उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम के बड़े से डायरी में जब नारदजी ने प्रभु के भक्तों का नाम पढ़ा तो उसमें भरत भैया एवं हनुमान जी का नाम नहीं था। यह देख कर नारदजी हनुमान जी को चिढ़ाने लगे तब भईया लक्ष्मण ने बताया कि प्रभु एक और छोटी डायरी रखते हैं। आप प्रभु से वह डायरी मांग कर पढ़ें। नारदजी ने जब छोटी डायरी पढ़ा तो उसमें मात्र भरत भैया एवं हनुमान जी का नाम अंकित था। पूछने पर प्रभु ने बताया बड़े डायरी में उन लोगों का नाम है जो मुझे याद करते हैं और छोटी डायरी में उनका नाम है जिन्हें मैं याद करता हूं, अर्थात बड़ा वह है जिसे प्रभु याद रखते हों। गौरतलब है कि गनौरी टीला गांव में पिछले 21 मई से शुरू रूद्र महायज्ञ 31मई को नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव के प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा के बाद समापन हो गया। एक प्रसंग के दौरान बालकृष्ण पाठक, अधिवक्ता ने कहा कि देश में बहुत सारे ख्याति प्राप्त कथा वाचक एवं वाचिका हैं जो आचार्य, महाराज दास लिखते हैं परन्तु गौरांगी गौरी हीं ऐसी कथा वाचिका हैं जो अपने नाम का शुभारंभ पंडित शब्द से करती हैं जो विद्वानों के लिए गर्व है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

### आवश्यक सूचना

**(लापता लड़की प्रज्ञा राज, उम्र– 15 वर्ष)**



गढ़वा थाना कांड सं0–196/25 दिनांक–27.04.2025, धारा–137(2), 87, बी0एन0एस0 में लापता लड़की प्रज्ञा राज उम्र–15 वर्ष, पिता–दिवाकर प्रसाद, पता–टंडवा चमरटोली नियर पुरनचंद चौक, थाना+जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। उक्त कांड के वादी दिवाकर प्रसाद के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दि0–26.04.2025 को सुबह 04 बजे उठे तो देखे कि वादी की बेटी प्रज्ञा राज अपने कमरे में नहीं है। उक्त लापता लड़की प्रज्ञा राज का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया** :– लम्बाई–05 फीट 02 इंच रंग–गोरा,
पहनावा–काला रंग का टॉप, ब्लू रंग का जिंस एवं
हवाई चप्पल, भाषा–हिन्दी।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

**PR 354010 Police(25-26).D**



## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू का कार्यालय

### (NIT)

### ई0–निविदा संख्या– 01/2025–26

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2025–26 में पुस्तक **एवं जर्नल** क्रय हेतु प्रकाशक/अधिकृत विक्रेता/प्रतिष्ठान,एजेंसियों से ई0 निविदा दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 5:00 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | चिकित्सा पुस्तक का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट (www.jharkhandtenders.gov.in) पर ई0–निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 03.06..2025 |
| 2 | ई0–निविदा बेवसाईट पर निविदा Online Submission प्रारम्भ की तिथि | 03.06.2025 TIME- 5 P.M. |
| 3 | ई0–निविदा अपलोड़ करनें की अंतिम तिथि एवं समय | 28.06.2025, TIME- 6 P.M . |
| 4 | ई0–निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 01.07.2025 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 2. 30 P.M |
| 5 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | अग्रधन की राशि Online (www.jharkhandtenders.gov.in) के माध्यम से देय होगा। | 10000.00(दस हजार) |
| 7 | हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 8789186865 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोटः–क्रय किये जाने वाले पुस्तक **एवं जर्नल** ई0–निविदा की शर्ते आदि की जानकारी jharkhnadtenders.gov.in पर देखी/से अपलोड़ किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू।

PR 353945 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# किसान हितैषी सियासी फैसला

मोदी सरकार ने किसान का सीजन शुरू होने के पहले ही 14 फसलो पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा करके जहां किसानों के हित में फैसला लिया है, वहीं इसके फैसले के राजनीतिक लाभ को भी ध्यान में रखा है। क्योंकि सरकार ने यह निर्णय किसान नेता भारत रत्न चौधरी चरणसिंह की पुण्यतिथि के एक दिन पहले लिया। इसके जरिए किसानों और खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को एक संदेश देने की कोशिश की गई है। मोदी सरकार ने बुवाई शुरू होने के पहले ही एमएसपी का ऐलान कर किसानों को बाजार की मांग और भाव के मुताबिक फसल बोना आसान कर दिया है। एमएसपी दरअसल वह तयशुदा मूल्य होता है, जो किसानों को बाजार में उनकी उपज के मूल्य से अप्रभावित रहते हुए दिया जाता है। इसके पीछे सोच यही होती है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़े। इसीलिए, फसलों के हर मौसम से पहले सरकार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। ताजा निर्णय के तहत सामान्य धान की एमएसपी में 69 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 2369 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि तुअर दाल की एमएसपी में 450 रुपये की उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। इसके अतिरिक्त ज्वार, बाजरा और रागी इत्यादि फसलों की एमएसपी भी बढ़ा दी गई है। यह वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की उस घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुना के स्तर पर तय करने की बात थी। एमएसपी में वृद्धि की यह घोषणा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह ऐसे समय में की गई है, जब किसान बढ़ती लागत, असामान्य मौसमी प्रवृत्तियों और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहे हैं। अच्छी बात यह है कि सरकारों ने पिछले अनुभवों को ध्यान में रखते हुए कृषि बजट में लगातार वृद्धि की है। अक्सर देखा गया है कि एमएसपी में वृद्धि का फायदा बड़े किसानों या बिचौलियों तक सीमित रह जाता है। ऐसे में यह समझने की भी जरूरत है कि एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा तभी सार्थक साबित होगी, जब इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इसके लिए सरकार को पारदर्शी खरीद तंत्र, बेहतर भंडारण सुविधाएं और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने की जरूरत है। बहरहाल, कैबिनेट का यह निर्णय यकीनन किसानों के लिए एक राहत भरा कदम है, लेकिन इसके साथ ही सरकार को दीर्घकालिक कृषि सुधारों पर भी ध्यान देना होगा। किसानों की आय व उत्पादकता में वृद्धि के लिए सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण बीज, तकनीकी सहायता व प्रशिक्षण पर तो गौर करना होगा ही, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिहाज से भी यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य मिले। सरकार की इस घोषणा से यकीनन किसानों को राहत मिलेगी, लेकिन उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले, इसके लिए घोषणा के प्रभावी क्रियान्वयन के अलावा दीर्घकालिक कृषि सुधारों पर भी ध्यान देना होगा। केन्द्र सरकार द्वारा कृषि सुधार के लिए लाए गए तीन कानूनों को किसान आंदोलन के बाद वापस लेने के बाद कृषि क्षेत्र में सुधार ठप पड़ गए हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने की बहुत ज्यादा जरूरत है। क्योंकि अगर समय रहते कृषि सुधारों पर ध्यान नहीं दिया गया तो देश में खाद्यान्न उत्पादन स्थिर हो सकता है। भारत सहित पूरे विश्व में हो रहे जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर भी कृषि क्षेत्र का पुनरीक्षण जरूरी है। मौसम के बदलते चक्र और बारिश की अनिश्चितता को ध्यान में रखकर ही अब फसलें बोना होंगी। उनका उत्पादन बढ़ाने, बाजार उपलब्ध कराने तथा वैश्विक बाजार में भारतीय खाद्यान्नों की मांग व पूर्ति कायम रखना बेहद जरूरी है।

# विश्व का 'चौधरी' बनने की कोशिश में हैं ट्रम्प

**ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कम्पनियों पर भी भारत की बजाय अमरीका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल-जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब अमरीका ने उसे 'ग्लोबल टैरोरिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन रियाद में ट्रम्प उसके साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आए। सीरिया पर लगाए गए प्रतिबंध हटाए जाने की भी खबरें हैं। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलत: व्यापारी ट्रम्प की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमरीका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए इक्षचता का विषय होना चाहिए।**

राज कुमार सिंह

कभी जिन डोनाल्ड ट्रम्प और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनकी संवादहीनता का असर अमरीका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमरीका गए। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और 'ऑप्रेशन सिंदूर' के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रम्प के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमरीका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है।



भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रम्प के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं। यह बहस का विषय है कि 2 देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रम्प और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमरीका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रम्प ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इंकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रम्प ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा।

अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रम्प की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इसराईल-गाजा युद्ध में चली नहीं तो भारत-पाक में ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किए जा सकते। बेशक अतीत में भी अमरीका अक्सर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले 3 दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमरीका-भारत परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रम्प का अमरीका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात शुरू से शुरू करते हैं। ट्रम्प ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि 4 साल बाद सत्ता में ट्रम्प की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमरीका को फिर महान बनाने के चुनावी वायदों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था?

अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रम्प ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमरीका और भारत, 2 बड़े कारोबारी सांझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए कटाक्ष किया। 2 देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर तय होता है, लेकिन ट्रम्प ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दी, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा। अगर अमरीका का चीन से टैरिफ समझौता हो गया है तो भारत से भी हो ही जाएगा, लेकिन ट्रम्प बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमरीका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है।

ट्रम्प ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कम्पनियों पर भी भारत की बजाय अमरीका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल-जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब अमरीका ने उसे 'ग्लोबल टैरोरिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन रियाद में ट्रम्प उसके साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आए। सीरिया पर लगाए गए प्रतिबंध हटाए जाने की भी खबरें हैं।

समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रम्प की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमरीका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए इक्षचता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमरीकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है, यह बात अमरीका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमरीका पर 9/11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था।

भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमरीका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिए जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी दे कर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रम्प ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है। उधर पाकिस्तान की खनिज सम्पदा के दोहन के लिए भी अमरीका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमरीका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले आतंकवादी देश पाकिस्तान पर मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रम्प की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक ले कर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं नए सिरे से तय करनी चाहिएं।

अध्यात्म

## तुम्हारे विचार ही तुम्हारे कर्म हैं!

एक राजा हाथी पर बैठकर अपने राज्य का भ्रमण कर रहा था। अचानक वह एक दुकान के सामने रुका और अपने मंत्री से कहा- मुझे नहीं पता क्यों, पर मैं इस दुकान के स्वामी को फाँसी देना चाहता हूँ। यह सुनकर मंत्री को बहुत दुःख हुआ। लेकिन जब तक वह राजा से कोई कारण पूछता, तब तक राजा आगे बढ़ गया। अगले दिन, मंत्री उस दुकानदार से मिलने के लिए एक साधारण नागरिक के वेष में उसकी दुकान पर पहुँचा। उसने दुकानदार से ऐसे ही पूछ लिया कि उसका व्यापार कैसा चल रहा है? दुकानदार चंदन की लकड़ी बेचता था। उसने बहुत दुखी होकर बताया कि मुश्किल से ही उसे कोई ग्राहक मिलता है। लोग उसकी दुकान पर आते हैं, चंदन को सूँघते हैं और चले जाते हैं। वे चंदन कि गुणवत्ता की प्रशंसा भी करते हैं, पर ख़रीदते कुछ नहीं। अब उसकी आशा केवल इस बात पर टिकी है कि राजा जल्दी ही मर जाएगा। उसकी अन्त्येष्टि के लिए बड़ी मात्रा में चंदन की लकड़ी खरीदी जाएगी। वह आसपास अकेला चंदन की लकड़ी का दुकानदार था, इसलिए उसे पक्का विश्वास था कि राजा के मरने पर उसके दिन बदलेंगे। अब मंत्री की समझ में आ गया कि राजा उसकी दुकान के सामने क्यों रुका था और क्यों दुकानदार को मार डालने की इच्छा व्यक्त की थी। शायद दुकानदार के नकारात्मक विचारों की तरंगों ने राजा पर वैसा प्रभाव डाला था, जिसने उसके बदले में दुकानदार के प्रति अपने अन्दर उसी तरह के नकारात्मक विचारों का अनुभव किया था। बुद्धिमान मंत्री ने इस विषय पर कुछ क्षण तक विचार किया। फिर उसने अपनी पहचान और पिछले दिन की घटना बताये बिना कुछ चन्दन की लकड़ी ख़रीदने की इच्छा व्यक्त की। दुकानदार बहुत खुश हुआ। उसने चंदन को अच्छी तरह कागज में लपेटकर मंत्री को दे दिया। जब मंत्री महल में लौटा तो वह सीधा दरबार में गया जहाँ राजा बैठा हुआ था और सूचना दी कि चंदन की लकड़ी के दुकानदार ने उसे एक भेंट भेजी है। राजा को आश्चर्य हुआ। जब उसने बंडल को खोला तो उसमें सुनहरे रंग के श्रेष्ठ चंदन की लकड़ी और उसकी सुगंध को देखकर बहुत प्रसन्न हुआ। प्रसन्न होकर उसने चंदन के व्यापारी के लिए कुछ सोने के सिक्के भिजवा दिये। राजा को यह सोचकर अपने हृदय में बहुत खेद हुआ कि उसे दुकानदार को मारने का अवांछित विचार आया था। जब दुकानदार को राजा से सोने के सिक्के प्राप्त हुए, तो वह भी आश्चर्यचकित हो गया। वह राजा के गुण गाने लगा जिसने सोने के सिक्के भेजकर उसे ग़रीबी के अभिशाप से बचा लिया था।कुछ समय बाद उसे अपने उन कलुषित विचारों की याद आयी जो वह राजा के प्रति सोचा करता था। उसे अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए ऐसे नकारात्मक विचार करने पर बहुत पश्चाताप हुआ। यदि हम दूसरे व्यक्तियों के प्रति अच्छे और दयालु विचार रखेंगे, तो वे सकारात्मक विचार हमारे पास अनुकूल रूप में ही लौटेंगे। लेकिन यदि हम बुरे विचारों को पालेंगे, तो वे विचार हमारे पास उसी रूप में लौटेंगे।

# तेज रफ्तार जीवनशैली में बच्चों की परवरिश का संकट...!

**बच्चे के स्कूल जाने से बारह वर्ष की उम्र तक उसका विशेष खयाल रखना होता है। उसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, बौद्धिक और संवेगात्मक विकास की गति और वृद्धि को निरंतर देखने की जरूरत होती है। अगर किसी पैमाने पर बच्चा कमजोर दिख रहा है तो उसे सहारे की जरूरत है। आजकल जिन घरों में एक या दो बच्चे हैं, वहां पर काम थोड़ा आसान है। मगर देखा यह जा रहा है कि इकलौती संतानें कहीं अधिक जिद्दी, गुस्सैल और नखरीली हो रही हैं। माता-पिता उनके सामने नतमस्तक होकर उल्टी-सीधी सभी बातें मानने को मजबूर हो रहे हैं। उन्हें बच्चों को समझाना होगा और जरूरत पड़ने पर काउंसिलिंग करवानी चाहिए।**

नरेंद्र 'नीहार'

आज के दौर में तेज रफ्तार जीवनशैली के पीछे भागती दुनिया के बीच सब चमकता दिख रहा है, लेकिन सामाजिक ताना-बाना बिखरता नजर आ रहा है। छोटे-छोटे या कम उम्र के बच्चे जिस तरह पढ़ाई में लापरवाही, नशा, चोरी, चाकूबाजी, हिंसा, अपराध, नफरत और मोबाइल की लत के शिकार हो रहे हैं, वह भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। समाज के अवांछित लोग इन बच्चों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। शातिर माफिया जानबूझ कर अपने स्वार्थ की खातिर नादान बच्चों को अंधेरी गलियों में धकेल देते हैं। दरअसल, नाबालिगों पर कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं होती है, तो इसी का लाभ असामाजिक तत्व उठाने की जुगत में लगे रहते हैं।

इसकी चिंता में लोग घुलते हैं, लेकिन सवाल है कि यह रुके कैसे। टेलीविजन पर डरावनी फिल्मों, ओटीटी मंचों और यूट्यूब पर दिखने वाली रीलों में गालियां, हथियार, हिंसा परोसी जाती है। इसका बालमन पर बहुत बुरा और भयावह प्रभाव पड़ रहा है। इन्हीं हालात के दुष्परिणाम समाचारों की सुर्खियां बन रहे हैं। हमारे परिवार, स्कूल और कानून व्यवस्था की कमजोरियां हर रोज उजागर हो रही हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में बच्चों के लिए बेहतर परवरिश की ओर गंभीरता से सोच-विचार की कोशिश करनी होगी। घर-परिवारों के अभिभावकों को इस दिशा में निरंतर काम करने की बहुत जरूरत है।

माता-पिता बनने के बाद संतान का सुख स्वाभाविक है, लेकिन संतान के विकास दिशा परिवार, समाज और देश के लिए सकारात्मक हो, इसके लिए सभी मोर्चों पर ध्यान देना चाहिए और यह तैयारी पहले से शुरू हो जाए तो बेहतर। केवल खाना-पानी, कपड़े, खिलौने देने तक ही अभिभावक का दायित्व सीमित नहीं हो सकता। माता-पिता का पढ़ा-लिखा और समझदार होना और समय पर विवेक का उपयोग करने वाला होना बहुत जरूरी है। घर में बच्चे के आते ही उसके भविष्य को लेकर तरह-तरह की कल्पनाएं कुलबुलाने लगती हैं। सभी अपने बच्चों को 'बड़ा आदमी' बनते देखना चाहते हैं। एक अच्छा और सच्चा नेकदिल इंसान बनाने की ओर किसी का ध्यान नहीं होता है। परवरिश में यहीं पर हमसे सबसे बड़ी चूक हो रही है।

बच्चे के स्कूल जाने से बारह वर्ष की उम्र तक उसका विशेष खयाल रखना होता है। उसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, बौद्धिक और संवेगात्मक विकास की गति और वृद्धि को निरंतर देखने की जरूरत होती है। अगर किसी पैमाने पर बच्चा कमजोर दिख रहा है तो उसे सहारे की जरूरत है। आजकल जिन घरों में एक या दो बच्चे हैं, वहां पर काम थोड़ा आसान है। मगर देखा यह जा रहा है कि इकलौती संतानें कहीं अधिक जिद्दी, गुस्सैल और नखरीली हो रही हैं। माता-पिता उनके सामने नतमस्तक होकर उल्टी-



सीधी सभी बातें मानने को मजबूर हो रहे हैं। उन्हें बच्चों को समझाना होगा और जरूरत पड़ने पर काउंसिलिंग करवानी चाहिए।

इस दिशा में स्कूल की भूमिका भी बहुत मायने रखती है। बच्चों का समग्र विवरण तैयार करते समय इन सभी बातों का ध्यान कक्षा के अध्यापक को रखना होता है। आमतौर पर वह सभी बच्चों के व्यवहार में होने वाले परिवर्तन पर नजर रखता है और माता-पिता के साथ होने वाली बैठकों या मुलाकातों में उस पर चर्चा भी करता है। शिक्षक की सलाह को ध्यानपूर्वक सुनकर उसके मुताबिक अपने बच्चे के हित में काम करने की जरूरत होती है। बच्चों को नकारात्मक व्यवहार के प्रति हतोत्साहित किया जाना चाहिए। तभी वह आगे चलकर एक अच्छा इंसान बन सकता है।

बच्चा घर के बाहर जिन बच्चों के साथ खेलता कूदता है, उनका परिवेश भी उसे प्रभावित करता है। ध्यान रखने की जरूरत है कि हमारा बेटा-बेटी किनके साथ और कहां पर खेलता है। बच्चा घर में आकर जब खराब भाषा या शब्दावली और दूषित व्यवहार की प्रशंसा करे या इनका प्रयोग करे, तो सावधान हो जाने की जरूरत है। अपने नौनिहाल से पूरी बात सुनने और जानने की कोशिश करना चाहिए। उसे सही-गलत की पहचान कराना भी हमारी जिम्मेदारी है। उदाहरण के साथ समझाने का बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हम अपने पड़ोसियों के साथ मिलकर बच्चों के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण तैयार करने में सहयोग करेंगे तो हमारा बच्चा बहुत से नकारात्मक प्रभावों से बच सकता है।

अभिभावकों को चाहिए कि वे कानून व्यवस्था और सामाजिक व्यवहार की शिक्षा भी बच्चों को जरूर प्रदान करें। दस-बारह साल के बच्चों की मुलाकात पुलिस और वकील से विद्यालय में जरूर करानी चाहिए, ताकि उन्हें अपने अधिकार और कर्तव्य के बारे में जानकारी मिल सके। जागरूकता के लिए यह भी हिदायत होनी चाहिए कि कुछ भी गलत किया तो कानूनी पचड़े में पड़ सकते हैं। जानकारी ही बचाव है।

बच्चे किसी भी देश का उज्ज्वल भविष्य माने जाते हैं। यह तभी संभव हो सकता है, जब उन्हें एक बढ़िया परवरिश प्राप्त हो। घर में माता-पिता और अन्य लोग, आस-पड़ोस का माहौल, स्कूल में शिक्षक और सहपाठी तथा देश की मित्रवत व्यवस्था इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। बच्चों को समय रहते सहेजने और समुचित मार्गदर्शन की बहुत आवश्यकता है। इसके लिए बच्चों के अभिभावक या माता-पिता को मनोवैज्ञानिकों और बाल विशेषज्ञों से निरंतर सलाह-मशविरा लेते रहना चाहिए। संवाद को जीवन का जरूरी हिस्सा बनाना चाहिए। कभी परिवार और रिश्तेदारों के बच्चों को एक साथ बिठाकर उनके विचार जानने चाहिए। समय आधारित परिसर की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में रचनात्मक और क्रियात्मक अभिरुचियों का विकास किया जा सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने कामों में तेजी से आगे बढ़ेंगे। आर्थिक मामलों में आपको ध्यान देना होगा।

**वृषभ**
आप अपने आवश्यक कामों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। किसी काम में उसके नीति और नियमों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने से पहले उसके नियमों का पूरा ध्यान देना होगा।

**कर्क**
अपनी अच्छे सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। बॉस से आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। यात्रा पर जाएं, तो वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। पुण्य कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपका आत्मविश्वास भी खूब बढ़ेगा।

**कन्या**
आपको किसी बड़े लक्ष्य को पकड़कर चलने की आवश्यकता है, तभी आपके काम पूरे होंगे। पारिवारिक सुख और शांति बनी रहेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**
नौकरीपेशा लोग कामों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको आक्रोश में आकर कोई बात करने से बचना होगा। खर्चों पर आपको पूरा ध्यान देने की आवश्कता है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य को पकड़कर चलने के लिए रहेगा। बड़ों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। भूमि और वाहन की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा।

**कुंभ**
सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाकर रखने की आवश्यकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों को इस महीने कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा।

# रिफाइनरी केवल ईंधन ही नहीं जीवन को देता है दिशा : सत्यप्रकाश

## रिफाइनरी ने मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस, की गई श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर अस्पताल द्वारा ठेका श्रमिकों के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रमिकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक सत्यप्रकाश ने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए, बल्कि कार्यस्थल की उत्पादकता और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी घातक हैं। उन्होंने उपस्थित सभी श्रमिकों से आग्रह किया कि यदि वे तंबाकू अथवा निकोटीन के सेवन से ग्रसित हैं, तो वह तुरंत इससे मुक्ति पाने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम है और बरौनी रिफाइनरी इस दिशा में एक



उत्तरदायी ऊर्जा केंद्र के रूप में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में वरिष्ठ मेडिकल अन्कोलोजिस्ट डा. आर. एन. टैगोर एवं क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट डा. नीरज की टीम द्वारा अन्कोलोजी व मनोविज्ञान ओपीडी, व्यक्तिगत परामर्श, एवं तंबाकू निषेध के उपायों पर जानकारी साझा की गई। ठेका श्रमिकों ने नशे की आदत छोड़ने के लिए परामर्श लिया और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत की। बरौनी रिफाइनरी जो केवल ऊर्जा उत्पादन में ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। इस पहल के माध्यम से यह दर्शा रही है कि एक रिफाइनरी केवल ईंधन ही नहीं देती, वह जीवन को दिशा भी देती है। तंबाकू मुक्त जीवन की यह मुहिम न केवल एक स्वास्थ्य पहल है। बल्कि एक समाज को समर्थ और स्वस्थ बनाने की ऊर्जा रचना भी है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मुकेश मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सकों एवं रिफाइनरी अस्पताल के कर्मचारियों की उपस्थिति में किया

## एनटीपीसी का स्वच्छता पखवाड़ा सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी में शनिवार को चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन किया गया। पखवाड़े के दौरान परियोजना परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने कर्मचारियों एवं टाउनशिप के निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं। बल्कि हमारी जीवनशैली का




हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें न केवल अपने घर और कार्यस्थल की सफाई रखनी चाहिए। बल्कि आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और इस मुहिम को जन आंदोलन बनाएं। पखवाड़े के दौरान कई जनजागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए निबंध और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं हुईं। जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। टाउनशिप के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिससे उनमें स्वच्छता के प्रति रचनात्मक सोच विकसित हो सके। हाउसकीपिंग कर्मियों के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी उपयोगी जानकारी देने के उद्देश्य से एक संवाद सत्र भी आयोजित किया गया।इसके अतिरिक्त, टाउनशिप निवासियों के बीच सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए भी एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। पूरे पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों, गृहिणियों, बच्चों और विभिन्न एजेंसियों ने मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाई और इसे एक सामूहिक प्रयास का रूप दिया। समापन के अवसर पर सभी ने यह संकल्प लिया कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

## सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** नगर मंडल बीहट भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा मंडल भाजपा कार्यालय से शुरू होकर बीहट बाजार से श्रीराम-जानकी मंदिर के रास्ते रजक मुहल्ला होते हुए बीहट चांदनी चौक पर सभा के रूप में तब्दील हो गया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व मंडल महामंत्री सुरेंद्र कुमार ने किया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद अभी तो अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, जैसे नारों से सड़कें गुंज उठी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि अपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारतीय सेना न केवल नागरिकों की रक्षा कर सकती है, बल्कि आतंकवाद के ठिकानों को भी खत्म करने में पूर्णतः सक्षम है। भाजपा नेता केशव शांडिल्य ने कहा कि भाजपा देश के हर कोने में तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना और देश का जय जयकार कर रही है। जिससे राष्ट्रप्रेम और सेना के शौर्य के प्रति लोगों में अटूट विश्वास बना रहें। भाजपा नेत्री आभा सिंह व अनुराधा झा ने कहा कि पहलगाम हमले में आतंक की भेंट चढ़े निर्दोष पर्यटकों की मौत का बदला मिशन सिंदूर से लिया गया। मौके पर जिला कार्य समिति सदस्य सुबोध राय, रामचंद्र सिंह, रामाशीष सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कुमार राजा, जिला कार्यालय प्रभारी मुकेश राय, जिला मंत्री सुनील कुमार चौधरी, न्यू कार्बन के मैनेजर राजू सिंह, मंडल महामंत्री विवेक कुमार, मंडल उपाध्यक्ष उदयभानु, दीपक कुमार, कंचन कुमार व केशव कुमार, मंडल मंत्री रविंद्र कुमार, राहुल कुमार व विकास कुमार, मंडल कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, निरंजन कुमार, कारूसिंह, शालिग्राम कुमार, वीरेंद्र महतो, रोहित कुमार, प्रेमनाथ, अमरजीत, रोहित, गोलू व अन्य उपस्थित थे।

## बच्चों को दी गई स्वर्ण प्राशन्न दवा की खुराक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शहर के राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में शनिवार को स्वर्ण प्राशन्न अभियान के तहत 245 बच्चों को स्वर्ण प्राशन्न की दवा की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर इस अभियान का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी ने कहा कि स्वर्ण प्राशन्न अभियान बच्चों को मेधा, बाल एवं बुद्धि से समृद्ध करता है। बच्चों के बीच यह अभियान इतना अधिक लोकप्रिय हो गया है कि एक बार जो अभिभावक अपने बच्चों को स्वर्ण प्राशन की दवा की खुराक पिला देते हैं वह दोबारा फिर दवा पिलाने आते हैं। प्राचार्य ने बताया कि जो भी अभिभावक अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन्न अभियान के तहत दवा पिलवाते हैं उनके बच्चे बहुत ही मेधावी और शरीर से मजबूत हो जाते हैं। उन्होंने वायरल हमले से बचने के लिए अपने बच्चों को स्वर्णप्राशन की दवा की खुराक पिलाने की अपील करते हुए बेगूसराय की जनता से कहा कि आप हर महीने पुष्य नक्षत्र के दिन आकर महाविद्यालय परिसर में स्वर्णप्रशन अभियान के तहत अपने बच्चों को दवा पिलवाएं। स्वर्ण प्राशन अभियान के प्रभारी सह उपाधीक्षक डक्टर दिलीप कुमार वर्मा ने स्वर्णप्रशन को बच्चों के लिए बहुत ही फायदेमंद बताया। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्र समिति का अध्यक्ष डक्टर लाल कौशल कुमार, डा. किश्वर सुल्ताना, डा. आरती त्रिपाठी, डा. ओमप्रकाश द्विवेदी, डा. राम नंदन साहनी, डक्टर आनंद मिश्रा, डक्टर रामसागर दास, डक्टर उर्वशी सिंन्हा, महाविद्यालय के प्रधान लिपिक मोहम्मद जहीर आलम, मुकेश कुमार सिंन्हा, रंजना कुमारी, काजल कुमारी, डॉली सिंन्हा, संगीता कुमारी, ममता कुमारी पूनम श्रीवास्तव आदि ने अभियान का संचालन में मदद की।

## एक नजर

### वाहन की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**संदेश/भोजपु (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र फतेपुर गांव के सामने स्टेट हाईवे पर रविवार सुबह अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार शिक्षक जयराम प्रजापति की मौत हो गई। वह उतर प्रदेश राज्य के मउ जिला स्थित चिड़ियाटाड़ थाना के रुकुमजाली गांव निवासी राम टहल प्रजापति का पुत्र था। मृतक मध्य विद्यालय सुरुंगापुर में शिक्षक था। वह विद्यालय से एक दिन के छुटी ले कर आज सुबह घर जा रहा था। उसी समय संदेश थाना क्षेत्र के फतेपुर गांव के सामने स्टेट हाईवे पर अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही संदेश थानाध्यक्ष संतोष कुमार घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जा में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इधर शिक्षक के दो लड़का व दो लड़की है। पत्नी नाबालिक देवी का रो-रो कर बुरा हाल है ।

### मध्य विद्यालय कलवारा में बाल संसद का गठन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवारा में बाल सांसद का चयन किया गया। पूर्व बीआरपी सह एचएम बाल मुकुंद सिंह के देख रेख प्रधानमंत्री पद पर छात्र अमन कुमार, उप प्रधानमंत्री शाकिब कुमार,सहायक उप प्रधानमंत्री सलोनी कुमार, स्वास्थ्य मंत्री अंजना कुमारी सोमाली कुमारी, उप स्वास्थ्य मंत्री प्रियांशु कुमार, संध्या कुमारी, सफाई मंत्री मनखुश कुमार, उप सफाई मंत्री अभिलाषा कुमारी, शिक्षा मंत्री धीरज कुमार, पर्यावरण मंत्री अंकुश कुमार, नेहा कुमारी, कानून मंत्री विकेश कुमार उप कानून मंत्री लक्ष्मी दत्त, खेल मंत्री महावती कुमारी, उप खेल मंत्री पद पर तिलक कुमार छात्र का चयन किया गया। बाल सांसद चयन के बाद सभी सदस्य छात्रों ने अपने कार्यों का निष्ठापूर्वक करने का शपथ लिया। मौके पर प्रधानाध्यापक बाल मुकुंद सिंह शिक्षक रमनजी मंडल, मिनुतुल्लाह रहमानी, सुरेंद्र मांझी, उदय कुमार सिंह, दीपक कुमार, राहुल कुमार, संतोष कुमारी, कुमारी अनीसा, सैल कुमारी, नवजोत कौर, कामनी कुमारी, संगीता कुमारी, प्रेम कुमार आदि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंझौल बखरी पथ के शिवनगर और रामपुर कालेज के मध्य हुई सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ युवक कि मौत हो गई है। वही बाइक सवार एक युवक जिंद्गी और मौत से जूझ रहे। शुक्रवार को उक्त सड़क दुर्घटना में मंझौल पंचायत वर्ड 03 सत्यारा चौक निवासी स्वर्गीय चंडी सहनी के लगभग 58 वर्षीय पुत्र फूलचंद सहनी की मौत हुई है। जबकि मोटरसाइकिल ड्राइव कर रहे मंझौल पंचायत 4 निवासी सागर पासवान का पुत्र सुनील पासवान गंभीर रूप से जख्मी बताया जा रहा है। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक एवं जख्मी दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। तभी मंझौल से बखरी की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। तथा दुर्घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। मृतक फूलचंद पेशे से ड्राइवर था।

### जन संवाद कार्यक्रम में सुनी समस्याएं

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर प्रखण्ड के हरदिया पंचायत के भरोही टोला में जन संवाद कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य भगवान सिंह कुशवाहा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने गांव में सड़क बनाने, नदी पर पुल के निर्माण करने, बिजली व्यवस्था सुधारने सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता से रखा। जिस पर एमएलसी ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं को जल्द ही निजात कर दिया जाएगा। इस दौरान एमएलसी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि जो भी योजनाएं चल रही हैं, उनका लाभ सभी को मिल रहा है। एमएलसी ने राजद सुप्रीमो और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग जाति की बात करते हैं, लेकिन क्यों नहीं दूसरे यादव को मुख्यमंत्री का कैंडिडेट घोषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन लोगों का काम है सिर्फ परिवारवाद करना। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि संजय यादव, मुखिया उमेश कुशवाहा, शिवजी सिंह, लालभूषण पंडित, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल, प्रवीण कुमार, जनार्दन सिंह आदि उपस्थित थे।

## विष्णु ट्रामा में स्पाइनल ट्यूबरकुलोसिस का ऑपरेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शहर के विष्णु ट्रामा सेंटर में स्पाइनल ट्युबरकुलोसिस का सफल शनिवार को अपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज को नई जिंद्गी मिल गयी। बताया जाता है की 30 वर्षीय चांदनी खातून, जो पिछले 6-7 महीने से अत्यधिक रीढ़ और कमर दर्द से परेशान थी और चलने और खड़े होने में बहुत दिक्कत थी। विभिन्न जगहों पर दिखाने के बाद निराश अवस्था में विष्णु ट्रामा सेंटर में अर्थोपेदिक सर्जन डा. प्रवीण कुमार से मिली। एमआरआई और अन्य जांच के उपरांत उनके कमर रीढ़ में टीबी स्पाइन का पता चला। डी 10-डी 11 वर्टीबरा कलेप्स करके वहां के कोई नस को दबा



रहा था। जिससे उन्हें पारापलेजिया जैसी दिक्कत थी। सिमित समय में इन्फेक्टेड वर्टीबरा का डिब्राइडमेंट और डी 9-डी 11 -डी 12 वर्टीबरा का डिकमप्रेशन, स्टेबलाइजेशन और फिक्सेशन ट्रांसपेडिक्युलर टाइटेनियम स्क्रू और रड फिक्स करके विष्णु ट्रामा सेंटर में किया गया। मरीज अब बहुत अधिक सुधार की स्थिति में है।

## डीएम ने किया महादलित टोला का निरीक्षण

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी तनय सुलतानिया द्वारा सहार प्रखंड अंतर्गत एकवारी महादलित टोला का निरीक्षण शनिवार को किया गया। इस दौरान टोले के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए वहां तक संपर्क पथ के निर्माण हेतु ग्रामीण कार्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित शौचालयों की स्थिति का अवलोकन किया गया। साथ ही सभी परिवारों का सर्वे कराकर उन्हें यथाशीघ्र वासगीत पर्चा निर्गत करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया। इसके अतिरिक्त, वार्ड संख्या-02 में पीसीसी सड़क के निर्माण तथा वर्षा जल एवं अन्य जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु नाली निर्माण का निर्देश बीडीओ को दिया।

## 5 जून को लगेगा जॉब कैम्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय में 5 जून को गुजरात में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जॉब कैंप आयोजित की जाएगी। 50 पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा। बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग और जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर बेगूसराय के तत्वावधान में पांच जून को बेगूसराय के संयुक्त श्रम भवन में एक दिवसीय जब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। कैंप में वेलस्पन इंडिया लिमिटेड नामक टेक्सटाइल कंपनी शामिल हो रही है। जो मशीन ऑपरेटर के पद के लिए युवाओं की तलाश कर रही है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कुल 50 रिक्तियां निकाली गई हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास है जबकि मैट्रिक आईटीआई क्वालिफाइड भी हिस्सा ले सकते हैं। जबकि आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष रखी गई है। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया 50 अभ्यर्थियों को 13500 रुपए वेतन से लेकर 35 हजार तक वेतन मिलेगा। अन्य सुविधाओं की बात करें तो हॉस्टल, बस सुविधा के साथ मेस की भी सुविधा मिलेगी। वही जब कैंप में हिस्सा लेने के लिए अभ्यर्थियों के पास बायोडाटा, आधार कार्ड, पेन कार्ड, सहित शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छात्रा प्रति के साथ दो फोटो लेकर आना है। एनसीएस पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने पर ही जॉब कैंप में हिस्सा ले सकते हैं। जॉब कैंप में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## शराब कारोबार में शामिल पुलिस गिरफ्तार

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना में तैनात तीन टाइगर मोबाइल पुलिसकर्मी को शराब कारोबार में शामिल होने की पुष्टि पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही इस मामले में संलिप्त चार शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को बखरी थाने में पदस्थापित तीन पुलिसकर्मियों को एसपी मनीष कुमार के निर्देशन में बखरी एसडीपीओ कुंदन कुमार व थानाध्यक्ष फैसल अहमद ने चार शराब तस्करों के साथ गिरफ्तार कर लिया। इन पुलिस कर्मियों पर आरोप है कि शराब तस्करों के साथ मिलकर शराब के अवैध कारोबार को मदद पहुंचा रहे हैं। जांच में सत्य पाये जाने पर तीनों टाइगर मोबाइल के जवानों को दबोच लिया गया।

## आफताब उर्फ भोला खान तीसरी बार बने जगदीशपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर नगर के वार्ड संख्या 18 निवासी आफताब खान उर्फ भोला खान जगदीशपुर प्रखंड के तीसरी बार राजद प्रखंड अध्यक्ष पद पर चुने गए। शनिवार को नया टोला स्थित राजद कार्यालय में चुनाव को लेकर हुई बैठक में सर्वसम्मति से उन्हें पंचायत अध्यक्ष और क्रियाशील सदस्यों ने निर्विरोध चुनने का काम किया। बैठक की अध्यक्षता डॉ सच्चिदानंद सिंह ने की जबकि पर्यवेक्षक के रूप में भीम सिंह यादव और मदन सिंह यादव रहे। दोनों ने भोला खान को संयुक्त रूप से प्रखंड अध्यक्ष का प्रमाण पत्र सौंपा। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भोला खान को फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी और कहा कि भोला खान के नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिली है और भविष्य में भी मिलेगा। उन्होंने पार्टी के लिए ईमानदारी के साथ निस्वार्थ भाव से कम कर रहे हैं। नवमनोनीत प्रखंड अध्यक्ष भोला खाने कहा कि 2019 से निर्विरोध तीसरी बार प्रखंड अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने कहा कि हमारे नेतृत्व में राजद ही नही महागठबंधन की मजबूती मिली है। जो भी हमारे नेता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का विजन व घोषणाएं और सहित 17 महीने के कार्यकाल में जो तेजस्वी यादव ने काम किया व स्थानीय विधायक लोहिया जी द्वारा भी जो जगदीशपुर क्षेत्र में काम कराया गया है वह सब जनता को बताने का काम करेंगे और 2025 में हमारे नेता सीएम बनेंगे हम लोग किसी संकल्प के साथ काम करेंगे। वही प्रखंड अध्यक्ष चुने जाने पर जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, युवा नेता किशोर कुणाल उर्फ राजू यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी। इस मौके पर किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय यादव, हरिशंकर सिंह, पैक्स अध्यक्ष अमित यादव, वरिष्ठ नेता अजय यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष रवि यादव, श्रीभगवान यादव, अवधेश यादव, मुंजी यादव, सुनील शर्मा, आशीष दास, जितेंद्र नट मनीष सिंह, दिवाकर यादव, हसानुद्दीन उर्फ भुटी मियां, सलीम अंसारी, फैयाज अंसारी, ओजिर खान सहित अन्य थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के कंकोल स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार को एक महत्वपूर्ण महावारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और युवतियों को महावारी के दौरान स्वच्छता के महत्व, सही तरीकों और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए शिक्षित करना था। इस पहल में विद्यालय की छात्राओं, वार्डन, प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम, पिरामल फाउंडेशन की टीम और विभिन्न स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के




प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, आयोजकों ने महावारी स्वच्छता को केवल एक व्यक्तिगत मुद्दा नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सही जानकारी और खुले संवाद के माध्यम से ही इस विषय से जुड़ी झिझक और गलत धारणाओं को दूर किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार के स्वच्छता उत्पादों जैसे सैनिटरी पैड, टैम्पोन और मासिक धर्म कप का प्रदर्शन किया गया। उनके उपयोग के बारे में बताया गया। छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया। कस्तूरबा विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम की सराहना की। पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि उनका संगठन ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डा. रतीश रमन, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक ऋषिकेश कुमार, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शिक्षिका जी पूर्णिमा, गुड़िया कुमारी, पिरामल फाउंडेशन से अनमोल, पूनम, प्रीति, नेहा नाव्या, भावना कुमारी, जयंत चौधरी, दीपक मिश्रा सहित माया कौशल्या से रोशन कुमार भी मौजूद थे।

## 13 अपर थानाध्यक्षों समेत 48 पुलिसकर्मियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले मे बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने बड़े पैमाने पर विभिन्न थानों में पदस्थापित 13 अपर थानाध्यक्षों समेत 48 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि पुलिस अधीक्षक ने स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को रविवार 1 जून तक पदस्थापित नये स्थानों पर योगदान करने का सख्त निर्देश जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि स्थानांतरित पुलिसकर्मियों मे जिले के वैनी, बंगरा, पूसा, मुसरीघरारी, हथौड़ी, चकमेहसी, बिथान, घटहो, हसनपुर, शिवाजीनगर, अंगारघाट, हलई एवं महिला थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष शामिल हैं। इसके साथ ही जिले के विभिन्न थानों में पदस्थापित 35 पुलिस अवर निरीक्षकों (दारोगा) का भी तबादला कर दिया गया है।

### संदिग्ध आचरण मामले में एएसआई निलंबित

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना मे पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) अतुल कुमार मंडल को संदिग्ध आचरण के मामले में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने शनिवार को यहां बताया कि जिले के खानपुर थाना मे दर्ज प्राथमिकी की एक महिला वादिनी से देर रात्रि में सहायक अवर निरीक्षक अतुल कुमार मंडल द्वारा फोन पर बात करने के मामले की जांच कराई गई। जिसमें एएसआई का आचरण संदिग्ध पाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक अवर निरीक्षक अतुल कुमार मंडल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि मे दारोगा अतुल मंडल का मुख्यालय समस्तीपुर पुलिस केन्द्र निर्धारित किया गया है।

## प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के कला प्रेक्षागृह में चित्रकला, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता सह गार्जियन शिक्षक संगोष्ठी आयोजित किया गया। विषय प्रगतिशील बिहार छात्राओं ने अपने मौलिक रचना में बढ़ते बिहार को बड़ा ही कलात्मक शैली में चित्रित किया था। प्रभारी एचएम अजय राय ने कहा छात्राओं में ढेरों सृजनात्मक प्रतिभा है। जरूरत है समय समय पर प्रतियोगिता के माध्यम से सामने लाने की। चित्रों का मूल्यांकन समाजिक विज्ञान शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, शिक्षिका पिंकी कुमारी और रिंकल कुमारी ने मिलकर किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रमोद कुमार, सुनित त्रिपाठी, सुकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम तीन हिस्सों में बांटा गया था। चित्रों का अवलोकन करते हुए वरिष्ठ शिक्षिका अर्चना कुमारी, प्रीति कुमारी, रवि नंदनी, अंशिका कुमारी, कुमारी इन्दु ने कहा कि चित्रों में छात्राओं ने बिहार को विभिन्न विषयों में बड़ी बारीकी से चित्रित किया है। वहीं मो परवेज आलम, सिकंदर कुमार, प्रमोद कुमार ने कहा कि निबंध व चित्रकला ने सबको अपने तरफ खिंचा है। चित्रों की अपनी भाषा होती है जिसे रंगों रेखाओं के द्वारा छात्राओं ने जीवन गढ़ा है। चित्र प्रतियोगिता सिनियर में प्रथम स्थान रागिनी कुमारी, द्वितीय सुरभि, तृतीय गुड़िया कुमारी, जुनियर में प्रथम स्थान रोशनी कुमारी, द्वितीय मुस्कान कुमारी, तृतीय स्थान सोनम कुमारी ने हासिल किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में क्रमशः काजल कुमारी, नंदनी कुमारी, सुरभि कुमारी, खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी, शिवानी राय ने हासिल किया। पिछले दिनों मशाल खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया था जिसका पुरस्कार वितरण भी आज किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ चित्रकार रौशन राय ने किया।

# कल मोतिहारी आएंगे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

## तैयारियों को लेकर सांसद राधा मोहन सिंह ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के पिपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आगामी 2 जून को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोतिहारी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने की। बैठक में बताया गया कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 2 जून को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत मोतिहारी आ रहे हैं। वे कृषि विज्ञान केंद्र, पिपराकोठी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में भाग लेंगे और बड़ी संख्या में उपस्थित प्रगतिशील किसानों को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर वे केंद्र में संचालित होने वाली कई योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों में कोई कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने आगंतुक किसानों के स्वागत, मंच व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल एवं वाहन पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। गौरतलब है कि 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' भारत सरकार का एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य भारतीय कृषि को वैज्ञानिक आधार पर आधुनिक बनाना, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना और किसानों को सशक्त बनाना है। इस बैठक में जिला प्रशासन, कृषि विभाग और केंद्र के वैज्ञानिकों समेत विभिन्न अधिकारियों की उपस्थिति रही।



## होमगार्ड की बहाली में शारीरिक जांच परीक्षा के प्रथम दिन 485 अभ्यर्थियों ने की शिरकत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** होमगार्ड की बहाली से संबंधित शारीरिक जांच परीक्षा के प्रथम दिन शनिवार को कुल 700 अभ्यर्थियों के जगह 485 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जबकि 215 अनुपस्थित रहे। मैदान के चहुंओर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कैमरे एवं ड्रोन की व्यवस्था की गई थी साथ ही बहाली को पारदर्शिता पूर्वक कराने हेतु डीएम एवं एसपी तैनात रहे। जिलाधिकारी सौरभ जोरवल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात एवं नगर आयुक्त सुमन सौरभ सहित जिला के कई पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर सभी कार्यों का लगातार पर्यवेक्षण कर रहे थे। जिला प्रशासन के द्वारा बहाली प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ संपन्न कराया जा रहा था। डीएम और एसपी इवेंट स्थल पर उपस्थित होकर सभी गतिविधियों का पर्यवेक्षण का कर रहे थे। मौके पर सदर एसडीओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रामजनम पासवान एवं एनआईसी के डीआईओ रविकेश कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

### एक नजर

## ग्रामीण आवास सहायक की रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल, सेवा समाप्त

**मोतिहारी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद ग्राम पंचायत कोठिया, प्रखंड तेतरिया के ग्रामीण आवास सहायक धर्मेंद्र कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वे रमेश नामक व्यक्ति से छह आवेदन के एवज में 3000 रुपये की रिश्वत मांगते दिखे। वायरल वीडियो की पुष्टि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी की। मामले में कारण पृच्छा के बाद धर्मेंद्र ने सफाई दी कि वे लाभुकों की जानकारी जुटा रहे थे, वीडियो को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया। हालांकि जांचोपरांत जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए उनका अनुबंध रद्द कर दिया। आदेश पत्र में स्पष्ट किया गया है कि उक्त निर्णय बीआरडीएस के नियमानुसार लिया गया है। धर्मेंद्र को अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष 30 दिन में अपील करने का अधिकार दिया गया है। जिला प्रशासन ने मामले को पारदर्शिता और जवाबदेही के लिहाज से सख्त कार्रवाई का उदाहरण बताया है।

## गांधी संग्रहालय की बैठक में लिए गए निर्णय, विनय सिंह सचिव, चंद्रभूषण पांडे उपाध्यक्ष निर्वाचित

**मोतिहारी।** गांधी संग्रहालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय परिसर स्थित राधाकृष्णन भवन में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संग्रहालय के नव सचिव के रूप में अधिवक्ता विनय कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार चंद्रभूषण पांडे को उपाध्यक्ष चुना गया। दोनों का कार्यकाल तीन वर्षों के लिए तय किया गया है। बैठक में संग्रहालय के विकास, सौंदर्यीकरण, एवं आगंतुकों की सुविधा के लिए नए गेस्ट हाउस निर्माण सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यकारिणी समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और 11 सदस्य होंगे। नई कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी नव निर्वाचित उपाध्यक्ष व सचिव को सौंपी गई है, जिसे एक सप्ताह में पूरा करना है। कोषाध्यक्ष के रूप में सामान्य शाखा प्रभारी को पदेन रूप में नामित किया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि संग्रहालय के विकास की समीक्षा हर माह की जाएगी और वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अबीर लगाकर शुभकामनाएं दीं।

## अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी से बेहतर संवाद की पहल

**चिरैया।** पूर्वी चंपारण के चिरैया प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य निजी विद्यालयों की तर्ज पर छात्रों की शिक्षा को मजबूत बनाना और अभिभावकों को शिक्षा में भागीदार बनाना था। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी, उत्क्रमित विद्यालय खड़तरी मध्य और महुआवा पश्चिमी में बड़ी संख्या में अभिभावकों की भागीदारी देखी गई। स्कूलों में छात्रों की शिक्षा, अनुशासन, गृहकार्य, पुस्तक वितरण और स्कूल वातावरण पर खुली चर्चा हुई। प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने कहा कि यह संवाद शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करेगा। वहीं उत्क्रमित विद्यालय खड़तरी मध्य के प्रभारी राकेश रंजन और महुआवा पश्चिमी के एचएम संजय कुमार निराला ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के पढ़ाई के लिए घर में एक विशेष अध्ययन क्षेत्र विकसित करें। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यह संगोष्ठी ग्रीष्मावकाश से पूर्व अनिवार्य रूप से आयोजित की गई थी।

## सूबे में बननी चाहिए आम जनता की सरकार : पीके

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** शनिवार को अनुमंडल के हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत मटियरिया कांटा के पास बिहार बदलाव एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि आम जनता की सरकार बननी चाहिए। आपकी अपनी जन सुराज की सरकार बननी चाहिए। आपके अपने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए बेहतर शिक्षा और रोजगार के लिए जन सूराज की सरकार जरूरी है। उन्होंने तीन सवाल करते हुए आम जनता समझाया कि अब तक आपने जिस पार्टी को भी वोट दिया सबने आपको लूटने और धोखा देने का काम किया। आपके बच्चों के भविष्य के लिए किसी ने नहीं सोचा। हमने बिहार से बदहाली को दूर भगाने का संकल्प लिया है। मैंने 5000 गांव में पैदल घूम कर गांव की दुर्दशा देखा है। भारत गांव का देश है। यहां के गरीब दलित पीड़ित लोगों की दुर्दशा देखी दिल कराह उठता है। उन्होंने हाथ जोड़कर सबको प्रणाम किया और आशीर्वाद मांगा की जन सुराज के प्रत्याशी को वोट देकर उन्हें मुख्यमंत्री बनाएं तथा अगले छठ, दीपावली में बिहार से बदहाली को दूर भगाएं। तभी बिहार में सुख समृद्धि और खुशहाली शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार का बेहतर अवसर प्राप्त होगा तभी सभी बिहार वासियों को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा और बिहार से पलायन रुकेगा। इस अवसर पर हरसिद्धि से अवधेश राम कुसुम देवी शीला देवी सिवान से प्रदीप कुमार भारती एमएलसी सारण स्नातक अशफाक अहमद बेतिया से रविंद्र सिंह बौद्ध सुगौली से शिव कुमार झा अरेराज गोविंदगंज से कृष्णकांत मिश्रा पप्पू मिश्रा रवि शंकर पांडे अतिक मियां समेत हजारों की संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिले में चला जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** हर वर्ष 31 मई को मनाया जाने वाला विश्व तंबाकू निषेध दिवस इस बार जिले में जन-जागरूकता के विशेष अभियान के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. रविभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य तंबाकू के सेवन से होने वाले घातक परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए उन्हें सतर्क करना है। सदर अस्पताल मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े विशेषज्ञों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों और बाहरी इलाकों में तंबाकू की लत अधिक देखने को मिलती है, जहां इसके हानिकारक प्रभाव के प्रति जागरूकता की भारी कमी है। कार्यक्रम में उपस्थित मनोवैज्ञानिक उत्कर्ष उज्ज्वल, डॉ. अजय कुमार, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट नगमा जमीर, फिजियोथैरेपिस्ट गौरव कुमार और काउंसलर सुधांशु कुमार ने लोगों को तंबाकू से जुड़ी बीमारियों, खासकर मुँह, गले और फ़ेफड़ों के कैंसर के शुरुआती लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि कैंसर के शुरुआती चरण में पहचान होने पर इलाज संभव है, इसलिए जरूरी है कि लोग तंबाकू से दूरी बनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार, नर्स बृजेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे।




## फरार अभियुक्त 48 घंटे में गिरफ्तार

**घोड़ासहन।** झरौखर पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी विशाल कुमार को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। वह पुलिस अभिरक्षा से भाग निकला था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कदमवा गोला चौक स्थित एक चाय दुकान से उसे दबोचा। ज्ञात हो कि विशाल कुमार को युवराज कुमार के साथ मोबाइल छीनने के मामले में गिरफ्तार कर कोर्ट ले जाया जा रहा था, तभी उसने हथकड़ी सरकाकर होमगार्ड जवान को टेम्पू से धक्का देकर फरार हो गया। भागने के दौरान जवान घायल हो गया, जिसका इलाज अब भी मोतिहारी में चल रहा है। पुलिस टीम में सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर रंजय कुमार, थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, सूरज पासवान सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे। पुलिस ने इसे एक महत्वपूर्ण सफलता बताया है।

## सात शराबी गिरफ्तार

**बनकटवा।** जितना थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम को की गई पुलिस गश्ती के दौरान अलग-अलग जगहों से सात लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पियक्कड़ों में छोड़ादानों के विकास कुमार, राजन कुमार, दिनेश कुमार, राजू कुमार, विनोद राय, राम एकबाल पासवान और बनकटवा गांव के कृष्णा कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों की पहचान कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। लगातार छापेमारी कर पुलिस नशा मुक्त समाज की दिशा में कार्रवाई कर रही है।

## विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन जून माह में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद द्वारा जून 2025 माह के दौरान विधिक जागरूकता शिविरों तथा विशेष दिवसों के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को विधिक अधिकारों तथा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। शिविर का पहला आयोजन 01 जून 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से जहानाबाद प्रखंड के सिकरिया पंचायत में आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा (नालसा योजना 2016) एवं राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधी जानकारी के लिए होगी। इस मौके पर उपस्थित वक्ता के रूप में अरविन्द कुमार सिंह एवं पैनल अधिवक्ता के रूप में संजय कुमार सिंह, पी.एल.वी. एवं स्थानीय मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे वहीं आठ जून को आयोजित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रतनी प्रखंड के रतनी फरीदपुर पंचायत में आयोजित की जाएगी। इस शिविर का आयोजन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सशक्तिकरण हेतु बीएसएलएसए की योजना (सीतारा, 2023) तथा न्याय तक पहुंच और राष्ट्रीय लोक अदालत होगा।

## गायत्री परिवार ने निकाली जागरूकता रैली, 'नशा छोड़ो-जीवन गढ़ो' का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद द्वारा शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली अरवल मोड़ से कारगिल चौक तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आज का युग तमाम वैश्विक संकटों–जैसे पर्यावरण प्रदूषण, आतंकवाद, युद्ध, गरीबी और भुखमरी–से घिरा है। इनसे निपटने के लिए व्यक्ति को आत्मचिंतन और सामाजिक सहयोग की राह अपनानी होगी। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक रंगेश कुमार ने कहा कि नशा एक ऐसी समस्या है, जिसे व्यक्ति स्वयं जन्म देता है। विवेकपूर्ण जीवनशैली अपनाकर और आत्मबल के सहारे इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपासना और साधना नशामुक्ति के प्रभावी साधन हैं, जिससे व्यक्ति स्थायी रूप से इस दलदल से निकल सकता है। वक्ताओं ने चेताया कि नशा जीवन की अनिवार्यता नहीं, बल्कि विनाश की ओर ले जाने वाला मार्ग है। युवाओं को कौतूहलवश नशे की ओर आकर्षित करने वाले तत्वों से सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने 'नशासुर' को आधुनिक युग का सबसे शक्तिशाली राक्षस करार दिया, जो युवाओं के तन-मन और धन को बर्बाद कर देता है। गायत्री परिवार के युवाओं ने बताया कि संस्था का नशामुक्ति अभियान वर्षों से देशभर में प्रभावी रूप से संचालित है। हर यज्ञ में बुराइयों के त्याग का संकल्प दिलाया जाता है, जिसमें नशा और मांसाहार प्रमुख रूप से शामिल हैं। रैली के दौरान 'हम बदलेंगे, युग बदलेगा', 'नशा नाश का दूजा नाम', 'नशे का जो हुआ शिकार, उजड़ा उसका घर-परिवार' जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा। इस अवसर पर जिला युवा समन्वयक रंगेश कुमार, मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, व्यवस्थापक कौशल कुमार, ट्रस्टी शारदानंदन सिंह, निरंजन केशव उर्फ प्रिंस जी, हरीजी, श्यामनारायण कुमार, शंकर कुमार, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, नागेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार मनीष, सुधीर कुमार, संतोष शर्मा, अरविंद कुमार, अर्जुन पंडित, राम विनय पंडित, सुमंत शर्मा, मुन्ना कुमार, अरुण कुमार, संजय शर्मा, अभिषेक कुमार, सहित महिला मंडल की अनिता देवी, उम्दा देवी, रिंकू देवी, सुनीता देवी, सुप्रिया, बेबी देवी, कविता केशरी, विमला देवी आदि उपस्थित रहीं।




## विद्यालय में अभिभावक मीटिंग, शिक्षा में सुधार पर मंथन

**बनकटवा।** मुर्गियां गाछी स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय (कन्या) में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्रों के अभिभावक उपस्थित रहे। प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रियंका कुमारी ने शिक्षा व्यवस्था के समग्र सुधार हेतु अभिभावकों से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि सरकार के सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। संगोष्ठी में शिक्षक पंकज पासवान, अभिभावक लालबाबू यादव, रामाकांत यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आधुनिक शिक्षा, संसाधनों के उपयोग और डिजिटल माध्यम को शिक्षा में अपनाने पर बल दिया गया।

## आंगन से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**कोटवा।** थाना क्षेत्र के जसौली पट्टी गांव में अज्ञात चोरों ने शुक्रवार रात घर के आंगन में खड़ी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित नवल किशोर सिंह ने कोटवा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रोज की तरह बाइक खड़ी कर वे सोने चले गए थे। चोरों ने आंगन के पीछे के दरवाजे को तोड़कर बाइक निकाल ली। थानाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार बिक्की ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई जारी है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की गई है।

## नेपाल पुलिस के हत्थे चढ़े दो भारतीय तस्कर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** नेपाल पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार नशीली दवाओं की तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो भारतीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बारा जिले के अमलेखगंज थाना क्षेत्र के चेक पोस्ट से की गई है। जानकारी के अनुसार, अमलेखगंज पुलिस चौकी द्वारा जितपुर सेमरा नगरपालिका वार्ड संख्या 21 स्थित चेकप्वाइंट पर बीरगंज से हेटौंडा जा रही एक कार को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस को कार की पिछली सीट के नीचे छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल और डिक्की के दरवाजे में छुपाकर रखे गए 76 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुए। छापेमारी टीम का नेतृत्व वरिष्ठ नायक निरीक्षक धन प्रसाद श्रेष्ठ कर रहे थे। इस दौरान गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान भारत के वैशाली जिला के हूसेनर वार्ड संख्या 12 निवासी धीरज कुमार सिंह (27 वर्ष) तथा पूर्वी चंपारण जिला के कटगेनवा वार्ड संख्या 2 निवासी चंदन कुमार पटेल (18 वर्ष) के रूप में हुई है। इस कार्रवाई की पुष्टि जिला पुलिस कार्यालय बारा के प्रवक्ता विजय राज पंडित ने की। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। नेपाल सीमा पर लगातार बढ़ रही नशीली दवाओं की तस्करी को देखते हुए नेपाल पुलिस ने निगरानी और सख्ती बढ़ा दी है। इस कार्रवाई को नेपाल पुलिस की एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।



## शोधकर्ता बनें कला एवं संस्कृति पदाधिकारी : प्रसाद रत्नेश्वर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** कला - संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार द्वारा नामित विषय विशेषज्ञ एवं रिसोर्स पर्सन प्रसाद रत्नेश्वर ने राज्यभर के कला - संस्कृति पदाधिकारियों प्रशिक्षण देते हुए बताया कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत अनमोल है। यह हमारी पहचान भी है। बिहार सरकार के जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कला की पृष्ठभूमि से आये अधिकारी हैं। उनसे अपेक्षा है कि वे लोक- संस्कृति के अस्तित्व एवं उसकी मौलिकता को बचाये रखने के लिए शोधकार्य करें। अपने कार्यक्षेत्र में मौजूद विरासतों एवं धरोहरों की प्रमाणिकता एवं उनके राष्ट्रीय महत्व से लोगों को अवगत करायें। बिहार के मेलों, त्योहारों, पर्यटन -स्थलों एवं उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर लाने के लिए हर संभव प्रयास करें। बिहार में इसकी प्रचुर संभावनाएं हैं। इसी प्रकार क्षेत्रीय कला - प्रतिभाओं की समय से पहचान कर मंच उपलब्ध कराना कलाकार , कला एवं राज्य तीनों के हित में है। पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के कलाविद सदस्य एवं साहित्यकार प्रसाद रत्नेश्वर ने कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के बुलावे पर गुरुवार को दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना जाकर प्रशिक्षण प्रदान किया।



## टेहटा हाई स्कूल के प्रवेश द्वार का विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड में शनिवार के दिन स्थानीय विधायक सतीश कुमार द्वारा हाई स्कूल टेहटा के प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक रमाकांत प्रसाद ने की, उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा लगभग दस लाख रुपये की लागत से भव्य द्वार बनाया गया है। जिसका स्थानीय विधायक ने उद्घघटन किया है। मौके पर मौजूद मुकेश कुमार गौतम, सारिक फतह, महेश सिंह यादव सहित विद्यालय के सदस्य गण एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इधर मलाठी विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय विधायक ने किया। वहीं विधायक ने कहा की बच्चों के पठन-पाठन में यदि किसी प्रकार का कोई असुविधा आता है तो उसे फौरन बताएं ताकि जल्द से जल्द उस आसुविधा को दूर करवाने का मैं प्रयास करूंगा। साथ ही इस दौरान विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगवाने की बात कही। विधायक ने बच्चों को अपने निजी खर्चे पर भ्रमण करवाने की बात की। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस: मोतिहारी में छात्राओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों, विद्यालयों और एएनएम स्कूलों में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूली छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला सामुदायिक स्वास्थ्य प्रबंधक (डीसीएम) नंदन झा ने बताया कि चकिया प्रखंड के एएनएम स्कूल, गर्ल्स हाई स्कूल और सदर प्रखंड के गोढ़वा गर्ल्स हाई स्कूल में स्वास्थ्य प्रबंधक संध्या कुमारी के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संध्या कुमारी ने कहा, माहवारी कोई शर्म की बात नहीं है, बल्कि यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी किशोरियां माहवारी के दौरान गरिमा और आत्मविश्वास के साथ रह सकें। इसके लिए उन्हें आवश्यक जानकारी और संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं के बीच सैनिटरी पैड का वितरण किया गया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई गई। पीएसआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार ने मासिक धर्म की आवश्यकता और स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह किशोरियों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संध्या कुमारी, स्टाफ नर्स प्रतिभा कुमारी, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, आशा कार्यकर्ता, पीएसआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि, सी3, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) और अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं, आशा फैसिलिटेटर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।




## 80 प्रतिशत ओरल कैंसर का कारण तंबाकू सेवन : प्रेम कुमार

**दनियावां (पटना)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से एनजीओ हेल्पलाइन पटना के सभागार में एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम कुमार ने की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि देश में 80 प्रतिशत ओरल कैंसर के मामलों के पीछे तंबाकू सेवन प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, गांजा, स्मैक, चरस और हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों का प्रचलन शराबबंदी के बाद बिहार में तेजी से बढ़ा है। किशोरों और युवाओं में यह लत जिस रफ्तार से फैल रही है, वह अत्यंत चिंता का विषय है। प्रेम कुमार ने आरोप लगाया कि सरकारी तंत्र नशा नियंत्रण में असफल रहा है और नशे के सौदागर अब सत्ता के गलियारों तक पहुंच बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार का शायद ही कोई परिवार हो जहां तंबाकू का सेवन न हो, जो राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। प्रेम यूथ फाउंडेशन की सदस्यता के लिए एक अनिवार्य शर्त यह रखी गई है कि सदस्य बनने वाले व्यक्ति को नशामुक्त रहना होगा। संगोष्ठी के दौरान खैनी छोड़ो, बीड़ी तोड़ो जैसे नारों के साथ माहौल को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया गया।

# अनुसूचित जाति टोलों में विशेष विकास शिविर, डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायतों के विभिन्न अनुसूचित जाति टोलों में शनिवार को डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष विकास शिविरों का आयोजन किया गया। हसपुरा पंचायत के चौराही रोड, टाल के मुंजविगहा, अमझर शरीफ के सैदपुर बरवाडीह, सोनहथु के अंबेडकर टोला तथा कोईलवां पंचायत के झिंगुरी उत्तरी मोहल्ला में लगाए गए इन शिविरों में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में आमजन को 22 प्रकार की सरकारी सेवाओं का लाभ दिया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, खाद्य सुरक्षा योजना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आधार पंजीकरण एवं सुधार, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बच्चों के




नामांकन तथा बैंकिंग से संबंधित कई सेवाओं से संबंधित आवेदन लिए गए और मौके पर ही निपटारा किया गया। शिविर की तैयारी के लिए पूर्व से ही टोला सेवक, विकास मित्र, न्याय मित्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापक सर्वेक्षण कर लाभार्थियों की सूची तैयार की गई थी। साथ ही लाभ के लिए जरूरी दस्तावेज भी पहले से एकत्र कर लिए गए थे, जिससे शिविर में तेजी से कार्य संभव हो सका। इस मौके पर औरंगाबाद जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शिविरों का निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीओ अमित राजन, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, बीपीआरओ बीरेंद्र चौधरी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार एवं अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी शिविर स्थलों पर पहुंचकर सेवा वितरण की प्रक्रिया का जायजा लिया और लाभार्थियों को आवश्यक प्रमाण पत्र एवं लाभान्वित योजनाओं की स्वीकृति पत्र प्रदान किए। शिविरों के आयोजन से अनुसूचित जाति बहुल टोलों के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने सरकार की इस पहल की सराहना की।

## झगड़ा सुलझाने गए युवक के साथ मारपीट, जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दो होटल संचालकों के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने गए एक 36 वर्षीय मोटर पार्ट्स दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी गई, जिससे वह जख्मी हो गया। घटना बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया मोड़ की हैं। जख्मी दुकानदार की पहचान थाना क्षेत्र के ही रतनपुरा गांव निवासी मो. निजामुद्दीन अंसारी के पुत्र मो. अफरोज आलम के रूप में हुई है। उन्होने बताया कि दो होटल संचालक आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। दोनों को झगड़ते देख मना किया तो एक होटल संचालक ने इसे गाली गलौज किया। विवाद में होटल संचालक ने आवेश में अफरोज के सिर पर रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है, फिलहाल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी है।

## डिग्री कॉलेज बाराप गड़हनी में शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव पर विवाद, पूर्व प्राचार्य ने लगाया अनियमितता का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी/भोजपुर।** जनसहकारी डिग्री कॉलेज, बाराप गड़हनी में शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव को लेकर गहरा विवाद खड़ा हो गया है। कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संजय कुमार राय ने वर्तमान प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार पांडेय पर नियमों की अनदेखी करते हुए गलत तरीके से शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव कराने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में शुक्रवार को कॉलेज परिसर में विधिवत नियुक्त, स्वीकृत, चयनित एवं विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षकों की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. संजय कुमार राय ने की। बैठक में आरोप लगाया गया कि प्राचार्य द्वारा मतदाता सूची से वैध शिक्षकों के नाम हटा दिए गए, जबकि अनुशंसित (अस्थायी) शिक्षकों के नाम जोड़कर मनमाने ढंग से मतदाता सूची तैयार की गई और नियमों के विपरीत विमलेश कुमार मिश्र को शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में घोषित कर दिया गया।

**शिक्षक प्रतिनिधि अरविंद सिंह ने जताई आपत्ति**

वर्तमान शिक्षक प्रतिनिधि कुमार अरविंद सिंह ने 29 मई को जारी मतदाता सूची पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसमें गंभीर अनियमितताएं हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय और कॉलेज के अध्यक्ष को पत्र लिखकर डॉ. संजय कुमार राय (समाजशास्त्र विभाग) का नाम सूची से हटाए जाने और अनुशंसित शिक्षकों के नाम जोड़ने पर आपत्ति दर्ज कराई है। पूर्व प्राचार्य डॉ. संजय कुमार राय ने कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से यह कॉलेज एक ही परिवार के कब्जे में है, जिसके सदस्य ही कमिटी के पदों पर काबिज हैं। इसी कारण कॉलेज विवादों में घिरा हुआ है और विश्वविद्यालय में वर्षों से अनुदान की राशि लंबित है।

**प्राचार्य पर तानाशाही रवैये का आरोप**

वरिष्ठ शिक्षक सुरेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी चुनाव प्रक्रिया में प्रभारी प्राचार्य की मनमानी और तानाशाही रवैये की आलोचना की। उन्होंने इसे कॉलेज की लोकतांत्रिक परंपराओं पर हमला करार दिया।

**निर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि के चुनाव को निरस्त करने की मांग**

बैठक में उपस्थित ओम प्रकाश सिंह, अजय कुमार चौबे, शंभू शरण सिंह, मो. खैरुद्दीन अंसारी, अशोक कुमार राय, राम सेवक सिंह, रमेश कुमार चौबे सहित अन्य शिक्षकों ने विमलेश कुमार मिश्र के शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव को निरस्त करने की मांग करते हुए विश्वविद्यालय, कॉलेज अध्यक्ष और सचिव को पत्र भेजा है। शिक्षकों की मांग है कि नियम सम्मत प्रक्रिया के तहत ही शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव कराया जाए, ताकि कॉलेज की साख और लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल रह सके।

# खरीफ महाभियान को लेकर प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड कार्यालय स्थित ई-किसान भवन में शनिवार को शारदीय (खरीफ) महाभियान 2025 के तहत एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनुप चौबे, उप परियोजना निदेशक आत्मा शालिग्राम सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार, आत्मा अध्यक्ष शिवरंजन शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह तथा युवा जदयू जिलाध्यक्ष कौशल कुमार चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील कुमार बर्मा ने कहा कि कृषि ही सबसे उत्तम एवं स्थायी रोजगार का माध्यम है। आज जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच खेती में वैज्ञानिक शोध के चलते ऐसी तकनीकें और बीज उपलब्ध हैं जो कम पानी में भी अधिक उपज देने में सक्षम हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाएं ताकि सीमित भूमि से अधिक उत्पादन प्राप्त हो सके। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनुप चौबे ने मिट्टी की गुणवत्ता और जैव विविधता के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने किसानों को न्यूनतम जुताई, फसल चक्र, जैविक खाद एवं गर्मियों में कवर फसल जैसी मृदा संरक्षण तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ये उपाय न केवल मृदा स्वास्थ्य को सुधारते हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने में भी सहायक हैं। डॉ. चौबे ने धान की मध्यम अवधि (120 से 140 दिन में पकने वाली) प्रजातियों की खेती को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इसके बिचड़े लगाने का उपयुक्त समय 10 जून से 25 जून के बीच है, अतः किसान खेत की तैयारी शीघ्र प्रारंभ करें।

कार्यक्रम में प्रखंड कृषि समन्वयक राजेश कुमार, किसान सलाहकार मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, ऑपरेटर विजय कुमार एवं संजय कुमार यादव समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# सोनबरसा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनबरसा से मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के अंतर्गत 40 छात्र-छात्राओं का एक दल शनिवार को ऐतिहासिक स्थल सासाराम स्थित शेरशाह सूरी के मकबरे के लिए शैक्षणिक यात्रा पर रवाना हुआ। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका अर्चना कुमारी एवं धुसरी पंचायत के पूर्व मुखिया संतोष शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। पूर्व मुखिया संतोष शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएं छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत



उपयोगी होती हैं। सासाराम जैसे ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण विद्यार्थियों को इतिहास, संस्कृति और धरोहरों के प्रति जागरूक बनाता है। उन्होंने राज्य सरकार की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस योजना से छात्रों को अपने राज्य और देश के गौरवशाली इतिहास को जानने-समझने का अवसर मिलता है। इस यात्रा में शिक्षकों की एक बड़ी टीम ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया, जिनमें पवन कुमार, रवि कुमार, राहुल कुमार, रजनी कुमारी, पिंकी कुमारी, सुमन कुमारी, ऋतंभरा, भुषण, पूनम कुमारी, पप्पू कुमार, रूबी कुमारी सहित कई अन्य शिक्षक शामिल थे। छात्रों में नितीश, नीरज, अंकित, कविता, नंदिनी, चांदनी, सिमरन, सुरभि, सम्मी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी प्राप्त करने, सांस्कृतिक दृष्टिकोण से समृद्ध होने एवं ज्ञान के विस्तार का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी।

## पत्नी से मारपीट का आरोपित भेजा गया जेल


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** शराब के नशें में पत्नी से मारपीट के आरोपित पति को मदनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पकड़े गए दारूबाज पति की पहचान थाना क्षेत्र के इस्लामपुर निवासी सुनिल कुमार के रूप में की गई हैं। दरअसल, शराब का सेवन पर आरोपी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी की पत्नी पुनम देवी ने शिकायत दर्ज करवाई जिसमें बताया कि उसका पति शराब का सेवन कर मारपीट करता था।

# सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष बने सुशील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** पार्टी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आज सदर प्रखंड के तेंदुआ निवासी सुशील कुमार को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक एनएच- 19 किनारे अंजरकवे हसौली स्थित एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष संजय यादव ने की। कार्यक्रम में प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी राजद नेता उदय उज्जवल व सहायक प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी विनोद ठाकुर मौजूद रहे। सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया कि सुशील कुमार को सदर प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित किया जाय जिसे सभी उपस्थित पंचायत अध्यक्षों सहित सभी राजद नेता व कार्यकर्ताओं ने एक मत होकर



समर्थन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेश मेहता, जिला पार्षद अनिल यादव, प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, राजद नेत्री मंजू यादव, संजय यादव, परमेश्वर गोप, महेंद्र मेहता, राजेश गुप्ता, सतेंद्र यादव, अशोक चंद्रवंशी, सुरेन्द्र राम, संतोष यादव, अरविंद ठाकुर, मो. नदीम अंसारी, चिंटू सिह, मो. असलम अंसारी, रंजीत वर्मा, मो. आरिफ, जेपी यादव, सुधीर चन्द्रवंशी, अधिवक्ता विजय सिह, अशोक यादव, जयंत पासवान, दीपेंद्र कुमार, गुडन मेहता पंचायत समिति उपेंद्र यादव सहित अन्य नवचयनित प्रखंड अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही भरोसा जताते हुए बेहतर कार्य की उम्मीद की हैं।

# डकैती सहित अन्य अपराधों में 64 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। इस दौरान असामाजिक तत्वों, आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण व परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विभिन्न कांडों के 64 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। शराब के शीर्ष कांडों में दो, डकैती कांड में सात एवं अन्य शीर्ष कांड में 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में 16 वारंट निष्पादन किया गया हैं। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 804 वाहनों की जांच की गई जिसमें 34000 रूपये जुर्माना वसूला गया हैं। इस दौरान 17.6 लीटर देसी एवं 27 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें।

# बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के आरबीआर स्कूल परिसर स्थित हॉल में आनंद फिजिकल अकादमी द्वारा बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक मोहम्मद नाहलुद्दीन, राजद प्रदेश महासचिव कौलेश्वर यादव, स्कूल के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सह चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद, राजद जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, एनसीसी डायरेक्टर वी.के. गुप्ता, पूर्व उप चेयरमैन हरेन्द्र कुमार, जिला परिषद सदस्य विकास कुमार, मोहम्मद लल्लू नेहाल, राजद नगर अध्यक्ष योगेंद्र यादव, मुखिया शंकर दयाल यादव और राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की यादव समेत अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता अकादमी के संचालक आनंद यादव ने की, जबकि मंच संचालन दीपक कुमार ने किया। आनंद यादव ने बताया कि अकादमी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर कुल 30 अभ्यर्थियों ने बिहार पुलिस में सफलता प्राप्त की है। चयनित अभ्यर्थियों में आकांक्षा कुमारी, रूपा कुमारी, वैजयंती कुमारी, निशा कुमारी, ज्योति कुमारी, राजकुमारी, काजल कुमारी, ब्यूटी कुमारी, रेणु कुमारी, हसीना कुमारी, रानी कुमारी, प्रविला कुमारी, अमीषा कुमारी, अंकिता कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, सुबोध कुमार, मुकेश कुमार, अनिकेत कुमार, लालदीप यादव, रविंद्र कुमार, नितीश कुमार, आशुतोष कुमार, योगेंद्र कुमार, रोहित कुमार, मंजीत कुमार एवं गौतम कुमार शामिल हैं। अतिथियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को पुष्प माला, अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आनंद फिजिकल अकादमी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## 300वीं जयंती पर याद की गईं अहिल्याबाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाई गई। इस दौरान विद्यालय की दीदियों ने भाग लिया। सर्व प्रथम तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। अनंता सिन्हा ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाली। आचार्य रविरंजन ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने महिलाओं के उत्थान के लिये बेहतर कार्य किया वहीं उन्होंने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 130



विखंडित मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा पुनर्निर्माण किया। नदियों पर घाट, धर्मशालाएं बनवाईं, अन्न सत्र प्रारंभ किये और पूजा-पाठ की स्थाई व्यवस्था की। देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की और देश को एक सूत्र में पिरोया। उनका शासनकाल, स्वर्ण काल होने के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक अभ्युदय का समय रहा है। इस कार्यक्रम में किरण सिंह, रानी कुमारी, माया पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

# अज्ञात चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना, लाखों के जेवर व नकद उड़ाये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाया है। ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना रिसियप थाना मोड़ के पास एनएच-139 के किनारे स्थित एक मकान की है। इसमें अज्ञात चोरों ने घर से 5 लाख के गहने और 50 हजार नकदी चोरी कर ले गए। इस संबंध में गृह स्वामी ओम प्रकाश पांडेय ने बताया कि हाल ही में उन्होंने एनएच के किनारे मकान बनवाया हैं, फिलहाल वे अपने परिवार के साथ वहां से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित पुराने मकान में रहते हैं जिस घर में चोरी हुई, उस मकान में उनके छोटे भाई जयप्रकाश पांडेय उनकी पत्नी आराधना देवी और उनके बच्चे वहां रहते हैं। पिछले कई महीनों से घर में ताला बंद था। घर वालों को चोरी की घटना का पता तब चला जब शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे घर के अंदर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मेन गेट में लगा हुआ ताला टूटा हुआ था। घर में रखें गोदरेज को तोड़कर चोरों ने उसमें रखें लगभग पांच लाख रूपये के सोने के आभूषण उड़ा लिए। इसके अलावा मंहगी साड़ियां और



50 हजार रूपये नकद समेत अन्य सामान घर से गायब था। गृह स्वामी के ने घटना की जानकारी अन्य ग्रामीणों और पुलिस को दी। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है। सूचना मिलने पर गश्ती दल को घटनास्थल पर भेजा गया था। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया जा रहा है। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मामले में अभी तक किसी ने कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, चोरी की घटना को देखते हुए रात्रि गश्ती बढ़ाई जाएगी।

# पेरेंट्स की भागीदारी से ही शिक्षा में आता है गुणात्मक सुधार : डीईओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावकों की भागीदारी रही। डीईओ सुरेंद्र कुमार ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं का लाभ तभी मिल सकेगा जब अभिभावक विद्यालय से जुड़े



रहेंगे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्वयं भी सरकारी विद्यालय में पढ़े हैं। उनके माता-पिता अधिक शिक्षित नहीं थे, फिर भी वे उनकी पढ़ाई के प्रति सजग रहते थे। डीईओ ने अभिभावकों से बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और अध्ययन के प्रति जागरूक बनाए रखने की अपील की। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने विद्यालय के विकास में सहयोग देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पेरेंट्स से नियमित पीटीएम में भाग लेने और बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देने की अपील की। समर वेकेशन के दौरान बच्चों में 'हैप्पी रीडिंग' की आदत विकसित करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को विद्यालय का भ्रमण कराया गया, जिसमें लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेंस हॉल, कंप्यूटर रूम, स्मार्ट क्लास, वीसी नोड और वाटर कूलर प्लांट जैसी सुविधाएं दिखाई गईं। अभिभावकों ने विद्यालय के आधारभूत ढांचे और शैक्षणिक वातावरण की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक योगेंद्र कुमार पाल, मंजु कुमारी, शारदा सिंह, करुणा सिन्हा, नैयर शाहीन, मीना कुमारी, आभा कुमारी, प्रभावती कुमारी व चंद्रमा कुमारी की सराहनीय भूमिका रही।

## नाली निर्माण की मांग को लेकर बीडीओ को सौंपा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बहेरा गांव के लोगों ने शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर नाली की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। प्रखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में 35 वर्ष पूर्व नाली का निर्माण किया गया था। नाली कई जगह टूट गई है जिसके कारण नाली के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण वर्षों से गांव के बीच सड़क पर ही नाली के पानी का जल जमाव हो रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गांव के अनेक घरों में पानी घुस जाता है। वर्षों से



गंदे पानी का जमाव होने का कारण नाली से उठती दुर्गंध से बीमारियां फैलने लगी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कई बार मामले की शिकायत की गई परंतु नाली का निर्माण नहीं हो पाया। जनप्रतिनिधियों से नाउम्मीद होकर ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से नाली निर्माण करने की मांग की है।

# तंबाकू के इस्तेमाल से बचने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विधिक सेवा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी न्यायिक पदाधिकारी, न्यायालय के कर्मी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी, पैनल अधिवक्तागण उपस्थित हुए। विश्व तंबाकू दिवस पर आयोजित शपथ समारोह का संचालन कानूनी रक्षा बचाव प्रणाली के अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार ने उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में कहा कि हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू दिवस मनाया जाता है। इस दिन को




मनाने की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में की थी। पुरी दुनिया में प्रति वर्ष लगभग 80 लाख लोग तंबाकू के प्रयोग के कारण मर जाते हैं, इसलिए इस दिन को मनाने के पीछे का ध्येय यहीं है कि आम जनता तम्बाकू से होने वाले नुकसान को जाने और तंबाकू से बने पदार्थो से दूर रहें। तम्बाकू एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे-धीरे करके मौत के मुंह में धकेलता रहता है और लोग जाने-अंजाने में तंबाकू उत्पादों का सेवन करते रहते हैं और धीरे-धीरे शौक कब लत में परिवर्तित हो जाता है लोगों को इसका पता ही नहीं चलता है इसलिए 31 मई 2025 को विश्व तम्बाकू दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार ने यह भी संदेश दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को तंबाकू का निषेद्य करना चाहिए जिससे कि शारीरिक दुष्प्रभाव से बचा जा सके साथ ही साथ अनेक प्रकार की बीमारियों से सभी व्यक्ति का बचाव हो सके। एक बार तंबाकू के गिरफ्त में आने के उपरांत अगर वह व्यक्ति कोई बीमारी से ग्रसित हो जाता तो उस व्यक्ति का पूरा परिवार बिखर जाता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों से यह अपील भी किया गया कि अपना दायित्व समझकर कम से कम प्रत्येक लोग 50 लोगों को तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में प्रेरित करें। इस शपथ कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम इसरार अहमद उपस्थित जन समूह के समक्ष ही तंबाकू को निषेध करन हेतु शपथ कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता, लक्ष्मीकान्त मिश्रा, निशित दयाल, कन्हैया लाल यादव, आनन्द भूषण, पंकज पाण्डेय, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लाल बिहारी पासवान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चन्द्रा, न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार, शोभित सौरभ, शुभंकर शुक्ला सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम थीम पर आयोजित हुआ विशेष ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय, चंदा काजीचक में शनिवार को पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम थीम पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षित शनिवार के अवसर पर हुआ, जिसमें विद्यालय के वर्ग शिक्षकों द्वारा उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। विद्यालय में पहली बार ग्रीष्मावकाश के दौरान कक्षा-वार और विषय-वार गृहकार्य दिया गया है, जिससे विद्यार्थी अवकाश का आनंद उठाते हुए घर पर अध्ययन भी कर सकें। इसके लिए ई-शिक्षाकोष पर उपलब्ध विभागीय प्रश्नपत्रों का प्रिंट निकालकर सभी विद्यार्थियों को वितरित किया गया। अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी के दौरान अभिभावकों को विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई शैक्षणिक सामग्री–किताबें, कॉपियां, पेंसिल, कलम, बैग, वाटर बॉटल, डायरी तथा गृहकार्य–की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने इन सामग्रियों के उपयोग और महत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम की एक विशेष आकर्षण रही छोटे बच्चों के लिए वाटर पार्क जैसी व्यवस्था, जिसमें बच्चों ने वाटर टब में खेलते हुए गर्मी से राहत पाई और उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। संगोष्ठी के दौरान 'हर घर एक पाठशाला' की अवधारणा को साकार करने हेतु अभिभावकों को अपने घरों में अध्ययन के लिए एक शांत और प्रेरक कोना विकसित करने का सुझाव दिया गया।

# मसौढ़ी अनुमंडल में 21 खेल मैदान बनकर तैयार

## ग्रामीण क्षेत्रों में निखरेगी खेल प्रतिभा

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** ग्रामीण क्षेत्रों की गुम हो रही खेल प्रतिभा में अब निखार आएगा और उनके सपनों को पंख लगेंगे। मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे 21 खेल मैदान बनकर तैयार हो चुके हैं और इनमें बच्चे पहुंचकर अपनी खेल प्रतिभा को निखारने भी लगे हैं। इन खेल मैदानों में बास्केटबॉल, क्रिकेट पिच, वॉलीबॉल, कबड्डी मैदान बनाए गए हैं। मसौढ़ी मनरेगा पदाधिकारी राकेश नंदन ने बताया कि प्रखंड में कुल 12 खेल मैदान बनने हैं, जिसमें आठ खेल मैदान बनकर तैयार हो चुके हैं। धनरूआ मनरेगा पदाधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद ने बताया की 10 खेल मैदान तैयार हो चुके हैं। वहीं पुनपुन विवेक रवी ने बताया की चार खेल मैदान में तीन खेल मैदान बनाकर पूरी तरह से तैयार हो गए हैं। ऐसे में मसौढ़ी में भगवानगंज, घोराहुआ, लहसुना, कराय, नूरा, बैरागीबाग, अनोली, और तिनेरी है। जबकि धनरूआ में सांडां कोसुत, गोविंदपुर बौरही, हुलासचक वीर, नीमडा, नदवां, देवदहा, सोनमई, बहरामपुर और छाती पंचायत है। वहीं पुनपुन में लखना उत्तरी पश्चिमी, केवड़ा और पोठही पंचायत में खेल मैदान बनकर तैयार हो चुके हैं कहीं-कहीं इन खेल मैदान में बच्चे अपनी खेल की प्रैक्टिस भी शुरू कर दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान न होने से यहां के बच्चों की खेल प्रतिभा बाहर निकलकर नहीं आ पा रही थी। वर्तमान में मसौढ़ी अनुमंडल में करीब 21 खेल मैदान बनकर तैयार हो गए हैं। जबकि शेष खेल मैदानों को काम अंतिम चरणों में चल रहा है। जोकि जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। तैयार हुए खेल मैदानों में युवा व बच्चे पहुंचकर अपने खेल कौशल को निखारने में जुट गए है। मसौढ़ी मनरेगा पदाधिकारी राकेश नंदन ने कहा की यह खेल मैदान स्थानीय प्रतिभाओं को विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, वहीं धनरूआ मनरेगा पदाधिकारी रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि उपलब्ध कराई गई यह सुविधाएं खेल मैदानों में दौड़ने के लिए ट्रैक, क्रिकेट पिच, रनिंग पिच, पाथ-वे, फुटबॉल के लिए गोलपोस्ट, बॉस्केटबॉल पोस्ट व पिच, वॉलीबॉल और बैडमिंटन कोर्ट जैसी सुविधाएं होगी।

# गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** कुरमाइन गांव में शनिवार को भगवान शंकर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जल भारी यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान शक्तिपीठ कारू कामाख्या के आचार्य पंडित राकेश जी महाराज के तत्वाधान में मंत्र उच्चारण के साथ प्राण अर्चना व जलभरी सूर्य मंदिर स्थित तालाब से किया गया। मौके पर शंकर एवं पार्वती की झांकी भी निकाली गई। हाथी घोड़े आकर्षण के केन्द्र रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शंकर की जयकारा लगाते हुए, पुनः यज्ञशाला स्थल पर पहुंचे। कमीटी के अध्यक्ष अरुण यादव एवं संरक्षक अजय सिंह ने बताया कि गांव में रूद्र महा यज्ञ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। 31 मई से यज्ञ प्रारंभ हुआ है, जो 6 जून को पूर्णाहूति होगी। यज्ञ को सफल बनाने के लिए आसपास इलाके के ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है। भव्य रूप से मंदिर का निर्माण करवाया गया है। आचार्य राकेश जी महाराज ने बताया कि प्रवचन का कार्य प्रत्येक दिन शाम 7:00 बजे से 10:00 तक आयोजित किए जाएंगे, तथा वाराणसी के विद्वान तथा कलाकारों के द्वारा रामलीला का भी आयोजन शाम 10:00 बजे से 12:00 बजे तक किया जाना है जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी धूमधाम के साथ रुद्र महायज्ञ किया जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने माथे पर कलश लिए हुए, भगवान शंकर की जयकारा लगाते हुए, जलभरी के बढ़ चलकर भाग लिया। इस मौके पर यजमान के रूप में अरुण यादव, अजय कुशवाहा, संरक्षक अजय सिंह, अमित वर्मा, सुबोध वर्मा, अरविंद यादव मोनू सिंह प्रमिला देवी शोभा देवी प्रतिमा देवी सुनीता देवी, अंजली भारती आदि ने भाग लिया।

# महज पांच रुपये बकाया मांगने पर फल दुकानदार की कर दी धुनाई, फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्टेशन रोड में शनिवार की शाम उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया जब स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से सटे एक फल दुकानदार से फल खरीदारी के दौरान 5 या 10 का बकाया रह गया था। जब फल दुकानदार द्वारा पैसे की मांग की गई तो गाली गलौज और हाथापाई तक नौबत आ गई उसके बाद फल खरीदार युवक चला गया और 1 घंटे के बाद फिर तकरीबन 25 की संख्या में लोग पहुंचे और फल दुकानदार युवक को जमकर मारपीट करते हुए दो राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत मचा दिया। बताया जाता है कि संतोष कुमार स्टेशन रोड हनुमान मंदिर के बगल में फल का दुकान चलाते हैं उसी से मारपीट का झंझट हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि फल खरीदारी के दौरान कुछ पैसे रह गए थे उसी के मांगने में पूरा विवाद हुआ है मौके पर डायल 112 की टीम पहुंची है पीड़ित पक्ष मसौढ़ी थाना में पहुंचकर आज्ञात के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवा रहे हैं।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** बढ़ती सड़क दुर्घटना के कारण हो रहे अप्रत्याशित मौत एवं एनएच-139 की चौड़ीकरण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीकृष्णा सिंह स्मृति भवन के प्रांगण में शनिवार को सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से मुन्ना मगध, कमलेश कुमार विक्कल, अरविंद शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, विभूति नारायण सिंह, दीपक कुमार, अशोक सिंह, जितेंद्र शर्मा, नीरज तिवारी, बब्लू शर्मा, अरुण पासवान, अशोक पासवान, दिलीप पासवान, भोला तिवारी, धनंजय सिंह उपस्थित रहें। उपस्थित लोगों ने एनएच 139 पर लगातार बढ़ते सड़क दुर्घटना के कारण, रोकथाम एवं उससे बचाव से संबंधित मुद्दों पर बारी-बारी से प्रकाश डाला। इस दौरान आगामी होने आंदोलनों को लेकर पोस्टर का विमोचन करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। कोर कमेटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कहा कि 01 जून से 10 जून तक हस्ताक्षर अभियान, 12 जून को जिलाधिकारी एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को हस्ताक्षर आवेदन सौंपना, 24 जून को संबंधित अधिकारियों एवं मंत्रियों का पुतला दहन, 26 जून को एनएच-139 से सटे सभी बाजारों में मशाल जुलूस एवं 29 जून को एक दिवसीय एनएच 139 सड़क जाम अभियान का निर्णय लिया गया है। हस्ताक्षर अभियान समिति के सदस्य के रूप में चन्दन सिंह को संयोजक, नवलेश मिश्रा, आनन्द विश्वकर्मा, अशोक पासवान एवं मुकेश शर्मा को सह संयोजक एवं कमलेश विक्कल को संरक्षक बनाया गया। वहीं व्यवस्था समिति के सदस्य के रूप में मुन्ना शर्मा को संयोजक, दीपक कुमार, सहजानंद कुमार डिक्कू, गुड्डू सिंह, रंजेश कुमार, कृष्णकांत शर्मा, अरविंद शर्मा एवं सुजीत सिंह को सह संयोजक बनाया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के सदस्य पुष्कर अग्रवाल, चंदन सिंह, नवलेश मिश्रा, सहजानन्द डिक्कू, आनंद विश्वकर्मा, गुड्डू सिंह, मुकेश कुमार, रॉकी दूबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर याद किये गए महर्षि अरविंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ कालेज में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के पुरोधा- महर्षि अरविंद विषयक एक विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे महान आध्यात्मिक पुरोधा, राष्ट्रवादी विचारक श्री अरविंद को याद किया गया। प्रधानाचार्या प्रो. पुनम कुमरिया ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महर्षि अरविंद ने राष्ट्रवाद की अलख जगाई और उनके विचारों से पूरा भारत प्रभावित हुआ। आज भी उनके लेखनी का प्रभाव भारतीय मानस पर है। उन्होंने कहा कि श्री अरविंद युग द्रष्ट्रा थे और उन्हें भारत की नियति का पूरा ज्ञान था। उन्होंने जब अपने लेखनी की शुरूआत इंदू प्रकाश से की इस दौरान कांग्रेस के तत्कालीन दिग्गज नेताओं की बोलती बंद हो गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंडिया हैबिटेट सेंटर के डायरेक्टर, वरिष्ठ पत्रकार और शिक्षाविद् केजी सुरेश ने कहा कि आज के दौर में श्री अरविंद के लेखनीय कार्यों पर विचार और मनन करने और इसको बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। भारतीय विश्वविद्यालय संध के संयुक्त सचिव डॉ आलोक कुमार मिश्र ने श्री अरविंद के चेतना और लेखनी के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षाविद् मोहित सिन्हा ने कहा कि सनातन धर्म में शिक्षा का मूल उद्देश्य सिर्फ अर्थोपार्जन नहीं है। त्रान बांटना है। पत्रकार केशव कुमार ने कहा कि श्री अरविंद की जो राष्ट्रवादी पत्रकारिता आग्रही पत्रकारिता थी। जिसमें राष्ट्रीय चेतना आत्मगौरव और सांसकृतिक पुर्नजागरण समाहित था। इसके साथ ही प्रशांत त्रिवेदी की भारतीय न्याय संहिता पर आधारित एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। प्राचार्या ने सभी अतिथियों का तुलसी का पौधा और श्री अरविंद के उत्तरपाड़ा भाषण की प्रति देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता को लेकर अपने-अपने विचार रखें और देश की आजादी से लेकर सामाजिक बदलाव में हिंदी पत्रकारिता का विशेष योगदान बताया। कॉलेज की प्राचार्या पुनम कुमरिया ने वरिष्ठ पत्रकार केजी सुरेश के सुझाव पर श्री अरविंद सहित अन्य राष्ट्रवादी विचारकों की लेखनी और पत्रकारिता जीवन पर आधारित एक सार्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का आश्वासन भी दिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की समन्वयक डॉ सीमा सिंह ने किया।

# कार्यशाला के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए और उन पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए आंदोलन और अभियान को निरंतर बरकरार रखने के लिए मसौढ़ी में शनिवार को मसौढ़ी स्थित स्वर्णकर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मसौढ़ी के प्रखंड अध्यक्ष कार्यक्रम के संयोजक गोपाल प्रसाद ने की। मौके पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर और महिला सचिव सीमा सिंह शामिल हुए। इस मौके पर पटना गया बक्सर नौबतपुर समेत कई जिलों से लोग इस संगठन से जुड़े हुए शामिल हुए, मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश सिंह तोमर ने कहा की यह संगठन दुनिया भर में मानवाधिकारों की रक्षा और बढ़ावा देने के लिए काम करता है। यह विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से, जैसे कि सेमिनार, कार्यशालाएं और जागरूकता अभियान, मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाता है और लोगों को इन अधिकारों के प्रति जागरूक करना हमारा उद्देश्य है। आए दिन कार्यालय में भ्रष्टाचार से आम जनता परेशान है उन सबों के लिए लड़ाई लड़ना के लिए हम सभी दृढसंकल्पित है।

# प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल में 10वीं एवं 12वीं पास छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** धनरूआ विरंची मोड स्थित प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डा. अभिराम शर्मा एवं मसौढ़ी के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विदित हो कि सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में शत प्रतिशत छात्र सफल हुए थे साथ ही जेईई की परीक्षा में राज कुमार, सागर गुप्ता, अनामिका कुमारी, रिया कुमारी ने सफलता प्राप्त की थी। इन सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बीडीओ प्रभाकर कुमार ने कहा कि सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मैं दिल से बधाई देता हूँ। आप सभी ने यह साबित कर दिया है कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। डा. शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और संकल्प का परिणाम हैं, बल्कि उनके माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय की प्रेरणादायी शिक्षा व्यवस्था का भी परिचायक हैं। मौके पर सुभाष चन्द्र बोस, सुबोध कुमार, आर एस मिश्रा, प्रभास कुमार सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी जरूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**ओबरा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय परसा में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी प्रधानाध्यापक नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। इस मौके पर संगोष्ठी में बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाओं ने भाग लिया। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर सिंह ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी जरूरी है। संगोष्ठी के माध्यम से आप सबों को बच्चे के शिक्षण कार्य के बारे जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इ-शिक्षा कोष के तहत जिनका आधार कार्ड नहीं बना है, उन्हें शीघ्रता शीघ्र बनाने का आग्रह किया। कहा कि इसके तहत सरकार द्वारा प्रायोजित अन्य योजनाओं का लाभ छात्रों के खाते में भेजा जायेगा। अभिभावक छात्रों को नियमित विद्यालय भेजें। मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार विद्यालय में बनाकर छात्रों को परोसा जाता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति आप सबों को भी सजग रहने की आवश्यकता है। छात्रवृति राशि उपलब्ध करायी जा रही है। छात्र-छात्राओं में पढ़ने के प्रति रुचि जगाने को लेकर खेल सामग्रियां भी उपलब्ध करायी गयी हैं, ताकि छात्रों को बौद्धिक व मानसिक विकास हो सके। आप सबों का सहयोग जरूरी है। इस मौके पर शिक्षक मनोज कुमार पाल, राजू कुमार, प्रीति कुमारी, अध्यक्ष कलावती देवी, सचिव देवलगणी देवी, रीता कुमारी, आशा कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# संगोष्ठी में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सभी सरकारी प्राथमिक, मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में शनिवार कोअभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल के माहौल को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। अभिभावकों से सुझाव भी लिए गये। जहां शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावक भी इस आयोजन को लेकर उत्साहित दिखे। बीईईओ राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि बढ़ेंगे व सीखेंगे हम' की थीम पर सरकारी स्कूलों में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय से मिलने वाले सहयोग के बारे में अभिभावकों को बताना है। स्कूलों में सरकार द्वारा दी जाने वाली शिक्षण सहायक सामग्री की प्रदर्शनी भी लगेगी। इसमें स्टूडेंट टीएलएम किट, पाठ्य पुस्तकें, अभ्यास पुस्तिका और डायरी शामिल रही। वहीं भदौरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंजर सदाब ने बताया की संगोष्ठी का उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल से मिलने वाले सहयोग की जानकारी देना है। साथ ही गर्मी की छुट्टी के दौरान बच्चों के सतत सीखने के लिए अभिभावकों को जागरूक और सशक्त बनाना भी है। अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के दौरान, मिरचक प्रधानाध्यापक दीपक शर्मा, उर्दू मालिकाना के प्रवेज आलम, ब्रजकिशोर आदी ने बताया कि संगोष्ठी में गर्मी की छुट्टी में दिए जाने वाले होमवर्क की जानकारी भी दी गई और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई।

# बुडको द्वारा संचालित विकास कार्यों की एसडीओ ने की समीक्षा

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल में विकास कार्यों को गति देने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। बुडको द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति पर गहन चर्चा हुई। बैठक में बुडको के उप परियोजना निदेशक और कनीय अभियंता, जल संसाधन विभाग, बख्तियारपुर ने जानकारी दी कि मोकामा नगर परिषद क्षेत्र में वाटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। यह प्रणाली क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को दूर करने और बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने में महत्वपूर्ण साबित होगी। हालांकि, ग्राम साहबेगपुर के समीप कार्य में कुछ स्थानीय बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं, जिसके कारण निर्माण कार्य में देरी हो रही है। इस समस्या के त्वरित समाधान के लिए एसडीओ ने कार्रवाई का निर्देश दिया।

# आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए मसौढ़ी पुलिस ने शुरू की रात्री पैदल गश्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** शहर में लगातार बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में मसौढ़ी थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में विशेष पैदल गश्त अभियान चलाया गया। यह गश्त मसौढ़ी मेन रोड, स्टेशन रोड, लखीबाग, संगत पर, पुरानी बाजार, मालिकाना और रहमतगंज जैसे तंग गलियों में भी घूम घूम कर गश्ती की गई, जहां पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में सघन निगरानी रखी। इस दौरान पुलिस ने अड्डेबाजों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती दिखाई। विशेष तौर पर नशाखोरी, अड्डाबाजी, छेड़खानी, अवैध पार्किंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों की शिकायतों को गंभीरता से ली है। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि सड़कों पर पुलिस की पैदल गश्त अपराध नियंत्रण के लिए एक प्रभावी रणनीति है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ वाहन पहुंच नहीं सकते हैं। पैदल गश्त से पुलिस अपराधियों की गतिविधियों पर नज़र रख सकती है, जनता में सुरक्षा की भावना पैदा कर सकती है। अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, जिससे शहर का माहौल सुरक्षित और शांतिपूर्ण बना रहेगा।

# 11 हजार से अधिक परिवार लाभान्वित

**मुजफ्फरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शनिवार को 1130 महादलित टोलों में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 11,328 परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया गया। अब तक अभियान के अंतर्गत 1772 टोलों में शिविर लगाकर 1,58,397 परिवारों को लाभ पहुंचाया जा चुका है। हर टोला, हर परिवार, हर सेवा के संकल्प के साथ संचालित इस अभियान की नियमित समीक्षा स्वयं जिलाधिकारी कर रहे हैं। उन्होंने एससी-एसटी समुदाय के प्रत्येक परिवार से बुधवार और शनिवार को आयोजित शिविरों में भाग लेने की अपील करते हुए कहा है कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी सेवा से वंचित न रहे।

## पेज 1 का शेष

### संपत्ति को लेकर मां-बेटी पर जानलेवा हमला

**बाढ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरिया गांव में पैतृक संपत्ति पर कब्जा करने को लेकर विरोध करने के बाद मां और बेटी पर जानलेवा हमला किया गया। मां की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पीड़िता वंदना कुमारी ने बताया कि उसके घर में घुसकर कुछ लोगों ने मारने की नीयत से हमला किया है। वह पांच बहने हैं। उनका भाई नही है जिसके कारण आरोपी उसके पिता की संपत्ति को हड़पना चाहते हैं। इसी को लेकर विवाद चल रहा है। आरोपियों ने बहनों को जान मारने की धमकी दी है। इस संबंध में पुलिस ने वंदना की शिकायत पर समरेश यादव सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हिंसक झड़प के बाद आरोपित गिरफ्तार

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दलिसमनचक गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गए। इस दौरान चंदन, राम उदय प्रसाद, शकुंती देवी, महापूंजी देवी आदि जख्मी हो गए ।इस संबंध में रामदेव प्रसाद का कहना है कि उसके पुत्र चंदन के साथ कुछ लोगों का विवाद हुआ था। इसके बाद मेरे ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। मेरी पत्नी और पुत्र को भी जख्मी किया गया। वहीं दूसरी तरफ महापूंजी देवी का कहना है कि चंदन सहित तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान वह बेहोश हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दीनानाथ कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### जदयू नेताओं ने रसूल बलियाबी को दी बधाई

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पद पर गुलाम रसूल बलियाबी को मनोनीत करने पर बाढ़ के जदयू नेता विश्वजीत सिंह, समीर खान, समाजसेवी लाल बाबू ,प्रेम उर्फ चीकू आदि ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। वहीं नए अध्यक्ष को बधाई भी दी है।

### उन्नत खेती के बारे में में दी गई जानकारी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी परिसर की ओर से विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया. शनिवार को प्रखंड के कोथवां, जमालुद्दीनचक पंचायत के गोरगांवा व जमालुद्दीनचक गांव में कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती करने की जानकारी दी गई। आइसीएआर के वैज्ञानिकों ने किसानों को वर्टिकल फार्मिंग, डीप सिचाई, नैनो यूरिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानो से उनकी समस्याएं पूछा व उनके निदान व उन्नत खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर आइसीएआर के डा कमल शर्मा, डा कीर्ति सौर, ई आरती कुमारी, आलु अनुसंधान केंद्र के डा नरेन्द्र कुमार के अलावा रवि कुमार मीणा, तरुण कुमार राव, किसानश्री अमरजीत कुमार सिन्हा, बीटीएम नूतन कुमारी, एटीएम शालिनी राय, कृषि समन्वयक संजू कुमारी, किसान सलाहकार सुधीर कुमार उपस्थित थे।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने बीती रात गश्ती के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मो सुहैल ईमलीतल का निवासी है। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि पुलिस की संध्या गश्ती के दौरान एक व्यक्ति को काली मंदिर मैनपुरा के पास से चोरी की बाइक व टुटा हुआ नंबर प्लेट के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार मो सुहैल से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### विभिन्न मामलों में दो गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानगंज पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों में वांछित फरार दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि गफरीचक गांव से रविंद्र कुमार उर्फ़ चैतू पिता बिंदेश्वरी सिंह को घर में चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। जबकि लाल बाबू पासवान पिता श्याम प्यारे पासवान बारा गांव से दहेज उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किया गया है। दो अलग-अलग कांडों में दो वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### एएमएफ की जांच को लेकर टीम गठित

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। ऐसे में मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया गया है। मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर विभिन्न बुनियादी सुविधाओं के लिए निर्वाचन विभाग द्वारा टीम गठित कर दी गई है, वह सभी टीम मतदान केंद्र के भौतिक सत्यापन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट समर्पित करेंगे, ऐसे में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी में प्रखंड विकास पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 1 से 43 तक और 106 से 135 तक भौतिक सत्यापन करेंगे। इसके अलावा अंचलाधिकारी मसौढ़ी को मतदान केंद्र संख्या 136 से 209 तक, नगर कार्यपालक पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 44 से 105 तक उसके बाद 286 से 292 तक धनरूआ बीडीओ को मतदान केंद्र 210 से 285 तक उसके बाद 293 से 306 मतदान केंद्रो तक,धनरूआ अंचलाधिकारी 307 से 394 तक है, प्रतिदिन 10-10 मतदान केंद्रों का प्रगति रिपोर्ट करेंगे। मतदान केंद्रों पर सिग्नल, शौचालय, पेयजल की मुक्कमल व्यवस्था, हेल्प डेस्क, दिव्यांजन के लिए रैंप, बिजली व्यवस्था, वोटर सुविधा पोस्टर आदि शामिल है।

### 1 लाख 60 हजार नगदी समेत जेवर की चोरी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इन दिनों चोरों का आतंक एक बार फिर से सर चढ़कर बोल रहा है। आए दिन किसी न किसी थाना क्षेत्र के गांव में घरों में घुसकर चोरियां हो रही है। ऐसे में कादिरगंज थाना क्षेत्र के बारा गांव में बीते देर रात को घर में घुसकर घर में रखे हुए बक्से में 1 लाख 60 हजार रुपए नगद और सोने के आभूषण चुराकर चंपत हो गए हैं। दरअसल बताया जाता है कि बारा गांव के रहने वाले धनंजय उर्फ बबलू पिता भूषण सिंह कहीं बाहर गए हुए थे घर में उसके वृद्धि माता-पिता और बच्चे थे ऐसे में चोरों ने इसका फायदा उठाकर बिते रात को घर में घुसकर दूसरे रूम में रखे हुए बक्सा का ताला तोड़कर एक लाख 60 हजार नगद रुपए दो सोने के लॉकेट चेन साड़ियां वगैरा चुरा कर लेकर भाग गए, सुबह में जानकारी मिली तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है। पीड़ित धनंजय कुमार ने अज्ञात के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस जांच में जुटी है।

### पूर्व सैनिको के साथ जीओसी ने की बैठक

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** झारखंड व बिहार सब एरिया मुख्यालय में जीओसी मेजर जनरल विकास भारद्वाज के अध्यक्षता में पूर्व सैनिको की बैठक की गई। इस अवसर पर जीओसी मेजर जनरल ने कहा कि हम सभी मिलकर किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। सभी पूर्व सैनिक हमारी प्रेरणास्त्रोत है। समाज आपकी छवि सही होनी चाहिए। बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ के पूर्व सैनिकों ने कहा कि दूसरे राज्य की तरह बिहार सरकार से पूर्व सैनिकों की जमीन या फ्लैट रजिस्ट्री का स्टांप डयूटी माफ करने की मांग की गई है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद का कौडिनेटर सर्वन कुमार ने कहा कि पूर्व सैनिकों की एक सोसायटी बनाने की मांग की गई है। सेना की संस्था द्वारा किया जाना चाहिए. बैठक का संचालन कर्नल वेटरन गौरव कुमार पाण्डेय ने किया। मौके पर डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर नवनित नारायन, बीआरसी के कमांडेट बिग्रेडियर केडी जसपाल, एडम कमांडेंट कर्नल आलोक कुमार, कर्नल सोनु भदौरिया, कर्नल बिरेंदर कांग, कर्नल मनोज, सेवानिवृत कर्नल एमपी सिंह आदि उपस्थित थे।

# अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर सिवान में भव्य कार्यक्रम

## महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ आयोजन, भाजपा नेताओं ने होलकर जी के जीवन मूल्यों को बताया प्रेरणास्रोत

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई के द्वारा शनिवार को अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सोनी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ 'वंदे मातरम' गान के साथ हुआ और मंच संचालन श्रीमती सुनीता जायसवाल ने किया।



**होलकर जी का जीवन सेवा, समर्पण और सुशासन का प्रतीकः राहुल तिवारी**

भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर मराठा शक्ति की संजीव प्रेरणा थीं। महज आठ वर्ष की उम्र में विवाह के बाद उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और जनसेवा में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने नर्मदा तट की सुरक्षा की और मुगलों द्वारा क्षतिग्रस्त सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया।

**महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा थीं होलकरः सच्चिदानंद राय**

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता व एमएलसी सच्चिदानंद राय ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में कई सामाजिक सुधारों को लागू किया। उन्होंने दहेज प्रथा के खिलाफ कानून, विधवाओं को गोद लेने की अनुमति और महिलाओं को शिक्षा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर कार्य किया। राय ने कहा कि वह महिला सशक्तिकरण की सच्ची प्रतीक थीं और आज की सरकार को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव ने बताया 'न्याय की देवी'**

सीवान के पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने समाज में विधवा पुनर्विवाह को नैतिक समर्थन दिया और अपने जीवन में धर्म, जाति, लिंग से ऊपर उठकर सेवा, न्याय और कल्याण को सर्वोपरि रखा।

**प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं में दिखती है अहिल्याबाई की छवि**

नगर परिषद उपसभापति श्रीमती किरण गुप्ता ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया — सभी कार्यक्रम मानो अहिल्याबाई होलकर को समर्पित हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर विकास, सुशासन और सांस्कृतिक चेतना की जीवंत प्रतीक थीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में उनकी प्रतिमा का अवलोकन करना इस बात का प्रमाण है।

**जहां धर्म है, वहीं न्याय हैः हैप्पी यादव**

भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैप्पी यादव ने होलकर जी के विचारों को साझा करते हुए कहा झ ह्लजहां धर्म है, वहीं न्याय है और वही मेरा मार्ग है। धर्म ही राजधर्म है और प्रजा ही सेवा है, सेवा ही मेरी पूजा है।ह्व उन्होंने कहा कि आज सभी को अहिल्याबाई होलकर के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता हुए शामिल**

इस अवसर पर कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदीप कुमार रोज, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार बंटी, कुंदन सिंह, श्रीमती सुशीला देवी, जिला महामंत्री अनुराधा गुप्ता, जिला मंत्री आभा देवी, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, प्रवक्ता देवेंद्र गुप्ता, संतोष रावत, अजय पांडे, रंजन श्रीवास्तव, डॉ. प्रियंका दुबे, श्रीमती नीलांजना त्रिपाठी, प्रियंका ओझा, प्रीति श्रॉफ, आशा रंजन, उषा बैठा, नीतीश कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, अजीत कुमार, आशुतोष चौबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सीवान जंक्शन पर तेजी से चल रहे विकास कार्यों का एडीआरएम ने किया निरीक्षण

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अजय सिंह ने शनिवार को अपने पहले एक दिवसीय निरीक्षण में सीवान जंक्शन का दौरा किया। यह निरीक्षण अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा और संरक्षा से जुड़े रेलकर्मियों की काउंसलिंग के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम अजय सिंह ने स्टेशन पर चल रहे यात्री सुविधा विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। साथ ही संरक्षा श्रेणी के कर्मचारियों की काउंसलिंग कर उनके कार्य ज्ञान की जानकारी ली। उन्होंने प्लेटफॉर्म सं. 01 पर बन रहे प्रतीक्षालय, कार्यालय और यात्री सुविधाओं के कार्यों का निरीक्षण किया तथा निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के क्रम में एडीआरएम ने सकुर्लेटिंग एरिया में चल रहे कार्यों की प्रगति को देखकर संतोष जताया और निर्देश दिया कि कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में कोई लापरवाही न हो। सीवान जंक्शन, जो बिहार के सीवान शहर का 'ए' श्रेणी का प्रमुख स्टेशन है, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नए रंग-रूप में विकसित हो रहा है। स्टेशन से कोलकाता, दिल्ली, लखनऊ, गुवाहाटी सहित कई बड़े शहरों के लिए रेल कनेक्टिविटी है। वर्तमान में यह स्टेशन एनएसजी-3 श्रेणी में है, जिसमें 5 प्लेटफॉर्म और 9 रनिंग लाइनें हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सीवान जंक्शन पर निम्नलिखित कार्य किए जा रहे हैंः प्लेटफॉर्म सरफेसिंग और ऊंचाई में सुधार, सौंदर्यीकृत, चौड़ा और बेहतर रोशनी वाला स्टेशन अग्रभाग/पोर्च, सकुर्लेशन एरिया का आधुनिकीकरण, नए प्रतीक्षालय और शौचालयों का निर्माण, सभी प्लेटफॉर्म पर नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, 12 मीटर चौड़ा नया पैदल उपरी पुल (सीओपी), नई लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा, आधुनिक और स्पष्ट साइनेज, स्टेशन के अंदर और बाहर बेहतर प्रकाश व्यवस्था।





**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्लेटफॉर्म से लेकर स्टेशन भवन तक का होगा कायाकल्प**

# मझौलिया में युवक की संदिग्ध मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शेख मझरिया वार्ड संख्या 4 में शनिवार सुबह एक 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान असर्फी साह के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है, जो दिल्ली में रहकर ऑटो चलाता था। वह 16 मई को अपनी बहन की शादी के सिलसिले में घर आया था और नवंबर में उसकी भी तय थी। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात चंदन खाना खाकर अपने चाचा शंभू साह के नए मकान की छत पर सोने चला गया था। रात करीब 11 बजे गांव के ही अनवत साह का बेटा अजय चंदन को खोजते हुए आया और उससे मोबाइल नंबर लेकर चला गया। सुबह जब परिजनों ने चंदन को कॉल किया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। शक होने पर छत पर जाकर देखा गया तो चंदन का शव वहां पड़ा हुआ था, ऊपर से एक कंबल ढका हुआ था। चंदन की गर्दन पर रस्सी के निशान, घुटनों और पेट पर चोट के गहरे निशान पाए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मझौलिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया और छानबीन की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है।



# 6 जून को 347 लाभुकों के बीच वितरित किए जायेंगे सहायक उपकरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडिप एवं व्योश्री के तहत सहायक उपकरणों जैसे-बैट्री चालित ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, वैशाखी, छड़ी, सीपी चेयर, सुगम्य केन आदि का वितरण आगामी 6 जून को किया जायेगा। जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, में 6 जून को 347 लाभुकों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया जायेगा। इसके लिए जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार की अतिकल्याणकारी योजना एडिप एवं व्योश्री के तहत सहायक उपकरणों जैसे-बैट्री चालित ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, वैशाखी, छड़ी, सीपी चेयर, सुगम्य केन आदि का वितरण किया जायेगा। उन्होंने वितरण कार्यक्रम में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सिविल सर्जन को एक चिकित्सक दल की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया।

# बांग्ला भाषियों की अनदेखी पर बिहार बंगाली समिति ने जताया विरोध

## बंगाली समाज के साथ बरता जा रहा सौतेला व्यवहार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार बंगाली समिति के राज्य संयोजक डॉ. मदन बनिक ने बिहार अल्पसंख्यक आयोग के हालिया गठन में बांग्ला भाषियों को उपाध्यक्ष पद से वंचित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे बंगाली समाज के साथ खुला भेदभाव और सौतेला व्यवहार करार दिया। डॉ. बनिक ने बताया कि राज्य में अल्पसंख्यकों के बीच बांग्ला भाषियों की आबादी दूसरे स्थान पर है, फिर भी आयोग के गठन में इस समुदाय को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि बीते चार दशकों से अल्पसंख्यक आयोग में उपाध्यक्ष पद पर बांग्ला भाषी प्रतिनिधित्व होता रहा है, लेकिन इस बार उन्हें पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे बिहार में 130 बंगाली कॉलोनियां हैं, जिनमें 14 लाख से अधिक बांग्ला भाषी लोग निवास करते हैं। इनमें से अकेले पश्चिम चंपारण जिले में 46 कॉलोनियां हैं । जो कि किसी भी जिले में सर्वाधिक हैं। बावजूद इसके, आज तक इस जिले के किसी बांग्ला भाषी व्यक्ति को कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी गई है। डॉ. बनिक ने यह भी कहा कि बांग्ला भाषी समाज ने हमेशा एनडीए का समर्थन किया है, फिर भी उन्हें लगातार उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर इस भेदभावपूर्ण रवैये के पीछे कारण क्या है? राज्य संयोजक ने बिहार बांग्ला एकेडमी की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद बंगला एकेडमी का गठन नहीं किया गया है। जिससे सरकार की बांग्ला भाषा के प्रति उदासीनता साफ झलकती है। बांग्ला भाषी बच्चों के लिए पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन भी सरकार की ओर से नहीं किया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा से दूर होती जा रही है। डॉ. बनिक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने अल्पसंख्यक आयोग में हो रही इस उपेक्षा पर पुनर्विचार नहीं किया। तो पूरे राज्य का बांग्ला भाषी समाज विरोध के लिए बाध्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंगाली समाज एकजुट है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे. मौके पर जिला अध्यक्ष राधाकांत देवनाथ, सचिव बिपुल भट्टचार्य समेत अन्य मौजूद रहे।



# डीएम ने किया गृह रक्षकों की शारीरिक दक्षता की जांच का निरीक्षण

## राजेन्द्र स्टेडियम में शनिवार को चला चयन प्रक्रिया का दौर, पारदर्शिता पर दिया गया विशेष जोर

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत गृह रक्षकों की बहाली को लेकर चल रही चयन प्रक्रिया के अंतर्गत शनिवार को राजेन्द्र स्टेडियम, सिवान में शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए जिला पदाधिकारी (डीएम) मुकुल कुमार गुप्ता स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों -दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद और अन्य शारीरिक परीक्षणों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने उपस्थित कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जांच की पूरी प्रक्रिया विभागीय मार्गदर्शिका और स्थापित मानकों के अनुसार पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ने कहा, गृह रक्षकों की बहाली में किसी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर अभ्यर्थी को समान अवसर मिलना चाहिए और सभी प्रक्रिया विभागीय निदेर्शों के अनुरूप होनी चाहिए। शनिवार को हुई शारीरिक दक्षता जांच में जिले भर से आए महिला और पुरुष अभ्यर्थियों की भारी भागीदारी देखी गई। अभ्यर्थी सुबह से ही स्टेडियम परिसर में पहुंचने लगे थे। सभी अभ्यर्थियों की पहचान, प्रवेश पत्र सत्यापन, और स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया के बाद उन्हें परीक्षण के लिए बुलाया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। उन्होंने कहा, शारीरिक दक्षता परीक्षण की पूरी प्रक्रिया को वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से संरक्षित किया जा रहा है। इससे चयन में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। प्रशासन ने स्टेडियम परिसर में अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की थी। साथ ही, स्टेडियम परिसर में पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।



# महिला संवाद कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने जताई आकांक्षाएं

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया प्रखंड के साठी, बसंतपुर, बगही बसवरिया और लाकड़ सिसई पंचायतों में महिला सशक्तिकरण को लेकर जोरदार पहल करते हुए महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोरनी, शीतल, शारदा और प्रज्ञा जीविका महिला ग्राम संगठनों के तत्वावधान में उनके-अपने कार्यक्षेत्र में किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण और विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ऑडियो-वीडियो के माध्यमों से दी गई। महिलाओं ने इन योजनाओं को लेकर न केवल गहरी रुचि दिखाई, बल्कि अपनी आकांक्षाएं और सुझाव भी दर्ज कराए।आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। इस मौके पर विभिन्न ग्राम संगठनों की दीदियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सदर अस्पताल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## कोटपा कानून की जानकारी देकर लोगों को किया गया जागरूक

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिवान सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, अस्पताल कर्मियों और स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़े सभी कर्मचारियों ने यह शपथ ली कि वे न केवल जीवन भर तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे, बल्कि किसी और को भी इसके लिए प्रेरित नहीं करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि तंबाकू का सेवन वैश्विक स्तर पर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का सबसे बड़ा कारण बन चुका है। खासकर युवाओं और कम उम्र के बच्चों में इसकी बढ़ती लत चिंता का विषय है। इसीलिए हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाकर लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया जाता है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी (एनसीडीओ) डॉ ओम प्रकाश लाल ने कहा कि धूम्रपान और तंबाकू का सेवन अनेक बीमारियों की जड़ है। उन्होंने बताया कि फेफड़ों के कैंसर से होने वाली मौतों की सबसे बड़ी वजह धूम्रपान है। खैनी, जर्दा, गुटखा, बीड़ी जैसे उत्पादों के सेवन से मुंह का कैंसर होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इन बीमारियों से बचाव का एकमात्र उपाय तंबाकू से दूरी है। कोटपा कानून के तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने पर धारा 4 के तहत 200 रुपये का जुमार्ना तय है। तंबाकू के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर धारा 5 के तहत 1 से 5 साल की कैद और 1000 से 5000 रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। अवयस्कों को तंबाकू उत्पाद बेचने पर धारा 6 के तहत 200 रुपये जुर्माना देय है। वहीं बिना वैधानिक चेतावनी या चित्र के तंबाकू उत्पाद बेचने पर धारा 7 के तहत 2 से 5 साल की कैद और 1000 से 10000 रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। शपथ ग्रहण समारोह में डॉ अरविंद कुमार (डीआईओ), विशाल कुमार सिंह (डीपीएम), डॉ अहमद अली (डब्ल्यूएचओ), कामरान अहमद (यूनिसेफ), मनोज कुमार (यूएनडीपी), इमामुल होदा (एफएलसी प्रभारी), मनीष कुमार (एनसीडी डेटा ऑपरेटर), होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल की डॉ श्रेया व डॉ अंशु कुमार सिंह, डीटीओ प्रणव सिंह, फार्मासिस्ट आनंद वर्मा समेत अस्पताल की जीएनएम और अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



## तंबाकू दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने कराया संकल्प

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और जानलेवा है इसका असर मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक सेहत पर भी पड़ता है। उक्त बातें विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रधान जिला जज आनंद नंदन सिंह ने कही। शुक्रवार को न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी न्यायालय कर्मियों के द्वारा तंबाकू का सेवन नहीं किए जाने की शपथ ली गई। वहीं प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि तंबाकू का सेवन सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डालता है इसका सेवन करने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं फेफड़ों की बीमारी तथा कैंसर होने का खतरा ज्यादा रहता है। इस मौके पर जिला एवं आप पर सत्र न्यायाधीश तृतीय ने सभी न्यायिक पदाधिकारी गण तथा कर्मचारी गण को शपथ दिलाई इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारी गण तथा सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## एसडीओ ऑफिस बना 'नो पार्किंग' में पार्किंग हब



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय परिसर को प्रशासन ने नो पार्किंग जोन घोषित किया है। दीवारों पर बड़े-बड़े अक्षरों में साफ तौर पर लिखा गया है- अनुमंडल पदाधिकारी सीवान के आदेशानुसार यहां वाहन लगाना सख्त मना है। पकड़े जाने पर दंड के भागी होंगे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसी सख्त आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। परिसर में दर्जनों बाइक इस तरह करीने से खड़ी हैं, मानो यहां बाकायदा पार्किंग की व्यवस्था हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां हर रोज इसी तरह वाहन लगाए जाते हैं। आदेश तो जारी कर दिए गए, लेकिन न तो निगरानी की व्यवस्था है और न ही कार्रवाई का डर। ऐसे में एसडीओ के आदेश सिर्फ दीवार की शोभा बढ़ा रहे हैं। सवाल उठता है झ क्या प्रशासन खुद अपने आदेशों को लागू कराने में नाकाम है? जब प्रशासनिक कार्यालयों में ही आदेशों की अनदेखी होती है, तो आम जनता से नियम पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? यह स्थिति प्रशासनिक साख पर भी सवाल खड़ा करती है। एसडीओ सुनील कुमार ने कहा कि जानकारी मिली है, मामले की जांच करवाई जाएगी।

## निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम एफएलसी कार्य का निरीक्षण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य निर्वाचन आयोग के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी माधव कुमार सिंह ने आज जिले में चल रहे ईवीएम के प्रथम स्तरीय जांच कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर चल रहे सभी कार्यों का गहन अवलोकन किया और तकनीकी प्रक्रियाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय तथा उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने एफएलसी कार्यों की अद्यतन स्थिति से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को अवगत कराया। निरीक्षण के उपरांत श्री सिंह ने एफएलसी की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बताया। निरीक्षण के दौरान जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह एफएलसी पर्यवेक्षक, अमरेन्द्र कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, बेतिया सदर यशलोक रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी लाल बहादुर राय भी मौजूद रहे।

## स्पर्शाघात से युवक की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र के बलुआ रामपुरवा गांव स्थित वार्ड 18 में शुक्रवार की देर रात विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बलुआ रामपुरवा गांव निवासी रामबेलास चौधरी के पुत्र शंभू चौधरी (40) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जीएमसीएच में परिजनों का फर्द बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया।

## इनरवा बॉर्डर से 58 बोरा खाद जब्त, एक गिरफ्तार



**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत-नेपाल बॉर्डर के इनरवा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। तस्करी के नियत से घर में रखे 58 बोरा खाद को जब्त किया गया है। इनरवा एसएसबी के इंस्पेक्टर कोमल सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात को सूचना मिली की खमिया गांव में तस्करी के लिए एक घर में खाद छुपाकर रखी गई है। त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनार्थ पर एसएसबी और पुलिस टीम संयुक्त छापामारी की गई। छापामारी के दौरान घर रखे कुल 58 खाद का बोरा जब्त की गई है। वहीं मौके पर एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के खमिया निवासी मजूर आलम का पुत्र सलाउद्दीन आलम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## विधायक श्रीकांत यादव ने लूट पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी से की मुलाकात



**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा बाजार के महावीर स्थान के समीप स्थित एक स्वर्ण व्यवसायी को बीते दिनों गोली मारकर घायल करने के बाद हुई लूट की घटना के पीड़ित व्यवसायी पंकज वर्मा से मिलने शुक्रवार को एकमा विधायक श्रीकांत यादव पहुंचे। इस दौरान पीड़ित व्यवसायी से उनका हालचाल जाना व हरसंभव न्याय व सुरक्षा में सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया कि इस तरह की आपराधिक घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए और व्यवसायी वर्ग की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि एकमा जैसे शांत व प्रतिष्ठित इलाके की छवि को किसी भी हाल में धूमिल नहीं होने दिया जाएगा। विधायक श्री यादव ने स्पष्ट किया कि व्यवसायी वर्ग हमारे समाज की आर्थिक रीढ़ हैं, उनका मनोबल टूटना नहीं चाहिए। जनता की सुरक्षा व अपराध पर कठोर नियंत्रण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम हर परिस्थिति में जनता के साथ हैं। इस मौके पर राजद नेता अवधेश यादव, जितेंद्र यादव, कन्हैया यादव, स्वर्ण व्यवसायी रविन्द्र वर्मा, अनिल वर्मा, रंजन रस्तोगी, मनीष कुमार आदि अन्य लोग मौजूद रहे। बहरहाल, उनके इस दौरे से स्थानीय व्यवसायियों व आम जनता में विश्वास का माहौल बना है।

## सेवा निवृत्ति पर शिक्षिका को दी गयी भावभीनी विदाई



**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया प्रखंड के रा.उ. मध्य विद्यालय गोनाही की शिक्षिका गीता तिवारी की सेवानिवृत होने पर शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने उन्हें अंग वस्त्र और फूल माला तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी लौरिया मनीष कर ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। वह समाज में पथ प्रदर्शक का कार्य करता रहता है। गीता तिवारी अपने कार्यकाल में कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मृदु भाषी और सरल स्वभाव के चलते इन्हें सभी शिक्षक एवं बच्चे याद रखेंगे। उन्होंने उनकी लंबी उम्र तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम सक्सेना, विभा कुमारी, अंशु किरण, संगम सिंह, राहुल पांडे, मेघनाथ मुखिया, पूजा कुमारी, किशुन प्रसाद, तेज नारायण पांडे, अतुल मिश्रा, संजय कुमार सिंह, अभय कुमार, सिकंदर आलम सहित सभी बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।

# एकमा के गौसपुर सहित विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी के हुए आयोजन

## शिक्षकों ने अभिभावकों को गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों के घर पर गृह कार्य व नियमित अध्ययन कराने की दी जिम्मेदारी

**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार एकमा नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित किए गए। अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा, मध्य विद्यालय हंसराजपुर, कन्या मध्य विद्यालय एकमा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय व घर के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों की पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाना था। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी ने की। जबकि उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। संगोष्ठी के दौरान बच्चों की गर्मी की छुट्टियों के पूर्व 'पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम' विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों ने अभिभावकों को बताया कि गर्मी की छुट्टियों में विद्यार्थियों को नियमित रूप से घर पर अध्ययन करना चाहिए। इसके लिए विद्यालय की ओर से गृहकार्य भी दिया गया है। संगोष्ठी में यह भी तय किया गया कि सभी विद्यार्थी अपने घर पर निर्धारित समय पर अध्ययन करें और उसके बाद अभिभावकों द्वारा उसे सत्यापित किया जाए। गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के घर पर बैठकर अध्ययन की प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया गया। साथ ही छात्रों के बैठने की व्यवस्था, पुस्तक वितरण, साफ-सफाई, छात्र अनुशासन, पोषण कार्यक्रम आदि बिंदुओं पर भी विचार विमर्श हुआ। संगोष्ठी के दौरान विद्यालय स्तर पर पोस्टर और स्टिकर प्रदर्शनी लगाने का भी निर्णय लिया गया। जिससे छात्र-छात्राओं में रुचि जागृत हो। साथ ही बच्चों में नैतिक शिक्षा, स्वच्छता, नियमित उपस्थिति व अनुशासन के प्रति जागरूकता फैलाने पर भी जोर दिया गया। संगोष्ठी में जगदीश सिंह, हरेंद्र नाथ राय, अनीता पांडेय, अंजू कुमारी, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, सनोज कुमार, विकास कुमार, रंजीत प्रसाद, किसलय कुमार, छविनाथ मांझी, सोनाली नंदा, विभा कुमारी, जुली कुमारी, शना परवीन, राज मोहम्मद अंसारी, योगेंद्र प्रसाद, पप्पू कुमार, अपूर्वा कुमारी, शुभम खंडेलवाल, रंजीत रंजन, अमित कुमार, सुशील यादव आदि अभिभावक एवं विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षा समिति के सदस्य आदि अन्य शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अभिभावकों व विद्यालय के बीच सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।





**अम्बिका दादा उच्च विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आयोजित**

एकमा अम्बिका दादा उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज छित्रवलिया में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता कुमारी ने की। मंच संचालन शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक शशि कुमार ठाकुर ने किया। संगोष्ठी में शिक्षक श्रवण कुमार यादव, अशोक कुमार सिंह, पंकज कुमार पुरी, अनंत कुमार रंजन, पुरुषोत्तम कुमार, रविंद्र यादव, सुमन कुमार, शुभम सिंह, दिलीप कुमार शर्मा, राकेश कुमार यादव, कृपा शंकर, शिवानंद चौहान, आशुतोष यादव, सौरव यादव, इंद्रजीत कुमार, विष्णु दयानंद त्रिपाठी, हरेंद्र कुमार प्रसाद, अमीरी लाल प्रसाद, अमित कुमार सिंह, रूही कुमारी, सुनीता सिंह, सविता कुमारी, कुमारी वंदना, भारती कुमारी, माधुरी लता, रूबी कुमारी, बबीता कुमारी आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों व अभिभावकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# संवाद कार्यक्रम से सशक्त हो रही महिलाएं : श्रीकांत शास्त्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** महिला संवाद कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया जा रहा है। जिले के सभी ग्यारह प्रखंडों के चयनित कुल तीस ग्राम संगठनों में महिला संवाद का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु चलाया जा रहा है जो न केवल राज्य की महिला सशक्तिकरण नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है बल्कि महिलाओं को अपने विचार, समस्याएं, अनुभव एवं अपेक्षाएं सरकार के समक्ष रखने का मंच भी प्रदान कर रहा है। अब तक औरंगाबाद जिले के कुल 1240 ग्राम संगठनों में महिला संवाद का आयोजन किया जा चुका है। जिले में प्रतिदिन दो पालियों में15 महिला संवाद रथों का संचालन किया जा रहा है जो निर्धारित ग्राम संगठनों में जाकर महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वावलंबन आदि से जुड़ी जानकारी सीधे महिलाओं तक पहुंचाई जा रही है। महिलाओं द्वारा इन योजनाओं से प्राप्त लाभ की जानकारी भी साझा की जा रही है और योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव भी संजीदगी से प्रस्तुत किए जा रहे हैं। महिला संवाद कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास का संचार किया है और उन्हें अपने जीवन की दिशा निर्धारित करने का अवसर प्रदान किया है। महिलाएं अब न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं बल्कि अपने गांव और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित कर रही हैं। इस संवाद के माध्यम से अभी तक कुल 31,696 अपेक्षाएं मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा चुकी हैं, जिन्हें आगे की नीति और योजनाओं के निर्माण में उपयोग किया जाएगा। महिला संवाद रथ के माध्यम से विभिन्न योजनाओं पर आधारित प्रेरणात्मक लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है जिससे महिलाएं योजनाओं के वास्तविक प्रभाव और उपयोगिता को समझ पा रही हैं। साथ ही, योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री एवं जानकारीपरक लीफलेट का वितरण किया जा रहा है ताकि जो महिलाएं अब तक लाभ से वंचित हैं, वे जागरूक होकर आगे आ सकें और योजनाओं का लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के नाम प्रेषित विशेष संदेश भी महिला संवाद के माध्यम से सभी ग्राम संगठनों में साझा किया जा रहा है जो उन्हें प्रेरणा देने का कार्य कर रहा है। आज हसपुरा प्रखंड अंतर्गत चनहट पंचायत के मनोरमा ग्राम संगठन में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जहां जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री स्वयं उपस्थित होकर कार्यक्रम की समीक्षा और सहभागिता सुनिश्चित की। उनके साथ दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, हसपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक आलोक कुमार भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और छात्रवृत्ति योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बालिका शिक्षा योजना जैसे कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक सशक्तिकरण हेतु सतत प्रयासरत है। महिला संवाद कार्यक्रम औरंगाबाद जिले में नारी शक्ति को पहचान, अवसर और आवाज़ देने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह कार्यक्रम महिलाओं को जागरूक करने, उन्हें संगठित करने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है। आने वाले समय में इस अभियान को और अधिक प्रभावी व व्यापक बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने जताया पीएम मोदी का आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के समापन के दौरान पटना एयरपोर्ट पर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए अभिनंदन एवं स्वागत किया। चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री से बातचीत में कहा कि उनका यह प्रेरणादायक प्रवास बिहार के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस दौरान बिहार को कई ऐतिहासिक सौगातें मिलीं—पटना को नया एयरपोर्ट टर्मिनल, बिहटा में नए एयरपोर्ट का शुभारंभ, नबीनगर में एनटीपीसी का नया प्लांट समेत लगभग एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं कार्यारंभ हुआ। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा दर्शाता है कि बिहार के लोगों के प्रति उनका स्नेह और जुड़ाव कितना गहरा है। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि एक कार्यकर्ता के रूप में उन्हें प्रधानमंत्री से जो आत्मीयता और स्नेह मिला, वह अत्यंत प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस दौरे को लेकर बिहार की सियासी और सामाजिक फिजां में खासा उत्साह देखा गया। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच यह संदेश गया कि संगठन के हर स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्मान और महत्व दिया जा रहा है।

# विवाहिता की जहर देकर हत्या करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के घोंघी गांव निवासी अशोक विश्वकर्मा की पत्नी जयवंती देवी की शुक्रवार की रात्रि जहर देकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बारे में मृतक के भाई गोह थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अवध मिस्त्री ने बताया कि सूचना मिली कि आपकी बहन की हत्या कर दी गई है। जब मैं सुबह बहन के गांव पहुंचा तो मालूम हुआ कि बिहार मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। मृतक के परिजन रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह लाए थे जहां स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने गया रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में महिला की मृत्यु शनिवार हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सुपुर्द कर दिया है। परिजन द्वारा गांव लाकर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। समाचार संकलन तक गोह थाना में अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया है। थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि आवेदन नहीं मिला है। आवेदन के बाद कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतक के दो पुत्र हर्षित और संकित का रोते-रोते हाल बेहाल है।

# एसबीआई ने पीड़िता को दिया 20 लाख का चेक

**पीड़िता के पति ने महज एक हजार रुपये का कराया था बीमा | सड़क दुर्घटना में हुई थी वीरेंद्र कुमार शर्मा की मृत्यु**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने जहानाबाद शाखा द्वारा वैयक्तिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत बीरेंद्र कुमार शर्मा की पत्नी बबीता कुमारी नामिती को बीस लाख रुपए की धनराशि प्रदान की है। यह धनराशि चेक द्वारा अमित कुमार द्वारा क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, औरंगाबाद में प्रदान की गई। उन्होंने परिवार को हुई अपूरणीय क्षति के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार, क्षेत्र पदाधिकारी (एसबीआई जेनरल) निशा के अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। स्व बीरेंद्र कुमार शर्मा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कल्पा खुर्द में विज्ञान के अध्यापक के तौर पर कार्यरत थे। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक, जहानाबाद शाखा से एक हजार रूपए का पाई पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस करवाया था। इसके तहत सालाना प्रीमियम पर व्यक्ति को बीस लाख रुपए की बीमा राशि मिलती है। अगर दुर्घटना से उसकी मृत्यु या अपंगता हो जाती है। इस अवसर पर अमित कुमार ने सभी ग्राहकों को इसके बारे में जानकारी दी और साथ ही सभी लोगों से इसे कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र कुमार शर्मा ने एसबीआई में एक हजार रुपये का दुर्घटना बीमा करवाया था। दुर्भाग्यवश सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। इसके बाद एसबीआई की ओर से मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये का बीमा राशि का भुगतान किया, जो कि एक दुर्घटना बीमा के तहत अधिकतम कवर था। इसमें सालाना एक हजार रुपये की किश्त पर 20 लाख रुपये तक का रिस्क कवर होता है। यह दर्शाता है कि एसबीआई एक दुर्घटना बीमा योजना के माध्यम से अपने ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, भले ही प्रीमियम कम हो।

# बंद घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रिसियप थाना मोड़ के पास एनएच-139 के किनारे स्थित बंद एक मकान को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया है। यहां ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। 5 लाख के गहने और 50 हजार कैश की चोरी हुई है। मकान स्थानीय निवासी ओम प्रकाश पांडेय की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने एनएच के किनारे मकान बनवाया था। फिलहाल वे अपने परिवार के साथ वहां से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित पुराने मकान में रहते हैं। घर वालों को चोरी की घटना का पता तब चला जब शनिवार की सुबह लगभग 9 बजे घर के अंदर पहुंचे।

# महादलितों को मिल रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत महादलित टोला सोनहथु एवं चौराही में आयोजित विशेष विकास शिविर का निरीक्षण जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों से शिविर में प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि अधिकांश आवेदन राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार नामांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल-जल योजना, नाली-गली योजना एवं आयुष्मान भारत योजना से संबंधित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी आवेदनों को पोर्टल पर तत्क्षण अपलोड करते हुए उनका ऑन-द-स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि लाभार्थियों को त्वरित लाभ प्राप्त हो सके। शिविर का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं का शीघ्र, समावेशी एवं व्यापक लाभ प्रदान करना है जिससे उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया तथा योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना है। शिविर स्थल पर जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा लाभार्थियों के बीच आयुष्मान भारत कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड इत्यादि का वितरण भी किया गया। इससे लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का वास्तविक लाभ प्राप्त हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों की सहभागिता रही तथा लाभार्थियों के ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन एवं सेवा वितरण की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता एवं सुगमता के साथ संपन्न हुई। इस प्रकार के शिविरों से न केवल सेवाओं की पहुंच सुगम होती है, अपितु आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ होता है। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि इस प्रकार के विशेष शिविरों का आयोजन जिले के सभी प्रखंडों में प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत 19 अप्रैल 2025 से की गई है। इन शिविरों के माध्यम से कुल 22 चयनित सेवाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समन्वय, तत्परता एवं उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करते हुए शिविरों को सफल बनाएं, क्योंकि सरकार का उद्देश्य है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

# बेखौफ अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना नवीनगर थाना क्षेत्र के महिप बिगहा मोड़ के समीप की है। जख्मी युवक की पहचान महीप बिगहा निवासी 20 वर्षीय दीपक कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों द्वारा जख्मी युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि बाइक सवार दो अपराधियों ने युवक को करीब एक किमी से पीछा कर रहे थे। इस बीच पीड़ित ने एक जगह सब्जी खरीदी, जिसके बाद वह घर लौट रहा था। घर पहुंचने से पहले जख्मी युवक दुकान पर खड़ा था। उसके बगल में एक बच्ची भी थी, जो दूसरे ग्राहक के साथ आई थी। इसी बीच एक अपराधी दुकान पर पहुंचा और गोली मारकर फरार हो गया। वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। गोली लगने के बाद दीपक दुकान पर गिर गया। आसपास के लोगों की भीड़ जुटी तब तक अपराधी मौके से फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार और नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय उपाध्याय दल-बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**हसपुरा(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पचरूखिया-गोह रोड में तिलौती मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान 54 वर्षीय बिहटा गांव निवासी प्रहलाद राम के रूप में हुई।। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सहित स्थानीय ग्रामीण पहुंचे और घायल प्रहलाद राम को मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए पटना के बड़े अस्पताल में इलाज के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान शुक्रवार की रात पटना जाने के क्रम में रास्ते में प्रहलाद राम की मौत हो गई। मौत की जानकारी हसपुरा थाना को दी गई। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक सड़क पार कर रहा था कि रौंदते हुए अज्ञात वाहन का चालक पचरूखिया की ओर भाग गया। प्रहलाद राम के परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक मजदूरी कर अपने परिजनों का भरण पोषण चलाते थे।

# पुलिस की पिटाई से वृद्धा गंभीर

**गोह(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** देवकुंड पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान घर में घुसकर बेगुनाह महिलाओं के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार देर रात देवकुंड थाना क्षेत्र के भिमलीचक गांव की है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी व पुलिस लाठी-डंडे से पीटकर घर की दो महिलाओं को जख्मी कर दिया। पुलिस द्वारा मारपीट में भिमलीचक गांव निवासी लालबाबू यादव की पत्नी रिंकू देवी और 61 वर्षीय भाभी सुगन कुंवर गंभीर रूप से घायल हो गयी। सुगन कुंवर की हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तमाम आरोप बेबुनियाद है। मारपीट नहीं हुई है। आरोपी के खोजबीन के दौरान एक वृद्ध महिला पुलिस को देखकर गिर गई थी जिसमें वह घायल हुई है।

